2 फरीदाबाद
एक्शन मोड : निगमायुक्त के सामने घोटाले और अन्य कई चुनौतियां

6 अभिमत
व्यापार व आपूर्ति में नई तकनीक

9 देश/विदेश
आंगनबाड़ी केंद्र पुनः खोलने पर निर्णय लें राज्य : कोर्ट

11 स्पोर्ट्स
चोटों से घिरी भारतीय टीम ने ब्रिसबेन में किया अभ्यास

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 3 अंक 333
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 14 जनवरी, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए   YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



मकर संक्रांति
नाम अलग पकवान अलग लेकिन महत्व एक ही है
पेज- 12

## शाह के बाद प्रधानमंत्री से मिले दुष्यंत चौटाला

# किसान आंदोलन समेत कई मुद्दों पर चर्चा, सेफ जोन में सरकार

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल के साथ गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करने के बाद हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने पहुंच गए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत दुष्यंत ने करीब आधे घंटे तक प्रधानमंत्री से हरियाणा के वर्तमान राजनीतिक हालातों पर चर्चा की। जजपा अध्यक्ष और डिप्टी सीएम की भाजपा हाईकमान के साथ हुई बैठक के बाद मनोहर सरकार एक बार फिर सेफ जोन में आ गई है।

इससे पहले मंगलवार रात मुख्यमंत्री मनोहर लाल, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, हरियाणा के संसदीय कार्यमंत्री कंवरपाल, भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ तथा जननायक जनता पार्टी के अध्यक्ष निशान सिंह ने गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। सूत्रों की मानें तो किसान आंदोलन तथा करनाल के गांव कैमला में हुए घटनाक्रम के बाद गृहमंत्रालय के पास सरकार की अस्थिरता के संबंध में इनपुट था, जिसके आधार पर दोनों दलों के नेताओं को गृहमंत्री द्वारा तलब किया गया था। किसान आंदोलन के चलते एक निर्दलीय विधायक सरकार से समर्थन वापस ले चुका है। सहयोगी पार्टी जजपा के एक विधायक चेयरमैन पद लेने से इनकार कर चुके हैं। जजपा के विधायक रामकुमार गौतम पहले ही पार्टी से किनारा करके घर बैठे हुए हैं। तीन अन्य विधायक खुलकर किसानों के साथ चल रहे हैं।

दो दिन पहले ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने निर्दलीय विधायकों के साथ बैठक करके उन्हें संतुष्ट किया था। अमित शाह से मुलाकात के बाद बुधवार को दुष्यंत चौटाला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद दुष्यंत चौटाला चंडीगढ़ आ गए। दुष्यंत ने मीडिया से भले ही बातचीत नहीं की लेकिन उनके कार्यालय की तरफ से जारी की गई जानकारी में कहा गया कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत प्रधानमंत्री मोदी के साथ टैक्सटाइल हब, एयरपोर्ट, ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर, रेल मार्गों, कृषि कानूनों तथा किसानों के विषय पर चर्चा की है।

### चार निर्दलीय और तीन जजपा विधायकों पर नजर

**सरकार के साथ चल रहे आधा दर्जन विधायक किसान आंदोलन के दबाव में**

हरियाणा में राजनीतिक उठापटक के बीच सरकार ने आधा दर्जन से अधिक विधायकों की निगरानी बढ़ा दी है। सीआईडी और लोकल पुलिस उक्त विधायकों की गतिविधियों पर लगातार नजर रख रही है। सीआईडी द्वारा यह इनपुट पहले ही दिया जा चुका है कि कुछ विधायक किसान आंदोलन में दबाव के चलते सरकार से किनारा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री लगातार भाजपा हाईकमान के संपर्क में हैं। हरियाणा पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक विधायकों की निगरानी बढ़ा दी है। चार निर्दलीय विधायकों तथा तीन जजपा विधायकों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। उक्त विधायकों द्वारा किन लोगों से मुलाकात की जा रही है और वह किन कार्यक्रमों में शमिल हो रहे हैं। इन सब गतिविधियों की रिपोर्ट चंडीगढ़ मुख्यालय को भेजी जा रही है।

# विधानसभा स्पीकर ने कहा नहीं मिला अभय का इस्तीफा

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**कारण बताकर लिखे पत्र की नहीं कोई वैधता**

**विधानसभा** से इस्तीफा देने का दावा करने वाले इनेलो के एकमात्र विधायक अभय चौटाला के दावों को खारिज करते हुए विधानसभा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा है कि उन्हें अभी तक अभय का इस्तीफा नहीं मिला है।

बुधवार को चंडीगढ़ स्थित विधानसभा सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत में ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि जिस दिन अभय चौटाला ने मीडिया के माध्यम से इस्तीफा दिए जाने का दावा किया था उस दिन वह कार्यालय में नहीं थे। बुधवार को यहां आकर जब पूछा गया तो पता चला कि अभी तक कोई इस्तीफा नहीं आया है। गुप्ता ने कहा कि अभय का जो पत्र मीडिया में वायरल हो रहा है उसकी तकनीकी रूप से कोई मान्यता नहीं है। उन्होंने कहा कि विधानसभा नियमों के अनुसार किसी भी सदस्य को इस्तीफा देते समय उसका कारण नहीं लिखना होता है। सदस्य अगर पद छोड़ना चाहता है तो उसे केवल दो लाइन में अपना इस्तीफा देने का लिखित ऐलान करके विधानसभा में संबंधित अधिकारी को देना होता है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,492 | ▼ 24.7 |
| निफ्टी | 14,564 | ▲ 1.40 |
| सोना | 49,370 | ▲ 325 /10 gm |
| चांदी | 66,083 | ▲ 177 /kg |

आज का राशिफल 14 जनवरी
>> पढ़े पेज-10

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 19.02°C
न्यूनतम 06.09°C

## क्विक न्यूज

### दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट बर्फ से टकराई

**श्रीनगर।** एयरपोर्ट पर बुधवार को दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट बड़े हादसे का शिकार होते-होते बच गई। रनवे पर विमान बर्फ के ढेर से टकरा गया। इसके बाद विमान से सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विमान में 233 पैसेंजर्स बैठे थे और उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने कहा है कि इस घटना के बाद विमान की जांच की जा रही है। झटका लगने से यात्रियों में घबराहट फैल गई थी, लेकिन एयरपोर्ट अधिकारियों ने उन्हें पूरी जानकारी दी और बाहर निकाला।

### एमपी: मुरैना में जहरीली शराब से 20 की मौत

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना में जहरीली शराब पीने से 20 लोगों की मौत हो गई। आनन-फानन में बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों की बैठक बुलाई। मुरैना के कलेक्टर अनुराग वर्मा और एसपी अनुराग सुजातिया को हटाने का आदेश दिया गया है। एसडीओपी को सस्पेंड किया गया है। 5 साल पहले मुरैना के जिस विसंगपुरा-मानपुर में शराबबंदी का निर्णय लिया गया था, उसी गांव में जहरीली शराब पीने से 3 दिन में 20 लोगों की जान चली गई।

### प्रदेश सरकार युवाओं के भविष्य से कर रही खिलवाड़

**चंडीगढ़।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा की भाजपा-जजपा सरकार प्रदेश के युवाओं के भविष्य से लगातार खिलवाड़ कर रही है। इस सरकार ने पेपर लीक में नया रिकॉर्ड स्थापित किया है, जिससे यह पेपर लीक सरकार बन कर रह गई है। प्रदेश में ग्राम सचिव की भर्ती में हुए पेपर लीक होने पर रोष प्रकट करते हुए सुरजेवाला ने कहा की निष्पक्षता का ढोंग पीटने वाली भाजपा-जजपा सरकार में लगातार पेपर लीक हो रहे हैं। पिछले 6 वर्षों में 35 से ज्यादा पेपर लीक हुए हैं।

## कोरोना मीटर

**विश्व**

| | |
|---|---|
| कुल | 91,734,304 |
| मौतें | 1,965,398 |
| ठीक | 50,761,713 |

**भारत**

| | |
|---|---|
| कुल | 10,498,776 |
| मौतें | 151,600 |
| ठीक | 10,132,037 |

स्त्रोत: www.covid19india.org

दो दिन बाद देश में शुरू होगा कोरोना वैक्सीनेशन, आज दूसरे दिन

# कुरुक्षेत्र समेत 11 शहरों में पहुंची पहली खेप

एजेंसी। नई दिल्ली

**सीरम** इंस्टीट्यूट की कोवीशील्ड के एक दिन बाद भारत बायोटेक की कोवैक्सिन की भी डिलीवरी शुरू हो गई है। कोवैक्सिन की पहली खेप बुधवार सुबह 6.40 बजे एयर इंडिया की फ्लाइट से हैदराबाद से दिल्ली भेजी गई। दिल्ली के अलावा बेंगलुरु, चेन्नई, पटना, जयपुर, लखनऊ, रांची, कुरुक्षेत्र, कोच्चि समेत 11 शहरों में इसकी पहली खेप पहुंच गई है। इससे पहले मंगलवार को 9 विमानों के जरिए 56 लाख कोरोना डोज 13 शहरों में पहली खेप पहुंचाई गई थी, जिनमें दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, गोवाहाटी, शिलांग, अहमदाबाद, हैदाराबाद, विजयवाडा, भुवनेश्वर, पटना, बेंगलुरु, लखनऊ और चंडीगढ़ शामिल रहे।

देश में 16 जनवरी से दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीनेशन प्रोग्राम शुरू होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली इसकी शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री इस मौके पर वैक्सीनेशन से संबंधित ऐप भी लॉन्च करेंगे। कोवीशील्ड की पहली खेप देर रात चंडीगढ़ पहुंची। इन्हें सेक्टर 24 में स्टेट वैक्सीन स्टोर में रखा गया है। यहां से इन्हें रात को ही मोहाली, अमृतसर, होशियारपुर और फिरोजपुर भेज दिया गया। इस खेप में 20 हजार 450 वायल्स भेजे गए हैं। हर वायल्स में 10 डोज हैं। राज्य सरकार ने यहां फ्री में वैक्सीन लगाने का ऐलान किया है। ड्रग रेग्युलेटर ने कोवैक्सिन और कोवीशील्ड के इमरजेंसी यूज की मंजूरी दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक सरकार ने कोवैक्सिन के 55 लाख और कोवीशील्ड के 1.1 करोड़ डोज का ऑर्डर दिया है। भारत बायोटेक इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के साथ मिलकर कोरोना वैक्सीन बना रहा है। कंपनी 16.5 लाख डोज सरकार को फ्री देगी, बाकी 38.5 लाख वैक्सीन के हर डोज के लिए 295 रुपये चार्ज किए जाएंगे।

उधर, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ अदार पूनावाला ने मंगलवार को कहा कि कोवीशील्ड के 10 करोड़ डोज सरकार को 200 रुपये के स्पेशल रेट पर दिए जाएंगे, जबकि बाजार में वैक्सीन की कीमत 1000 रुपये होगी। कोवीशील्ड को एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने मिलकर बनाया है। भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया कोवीशील्ड का प्रोडक्शन कर रही है। इसका जब हाफ डोज दिया गया तो इफिकेसी 90 फीसद रही। एक महीने बाद फुल डोज में इफिकेसी 62 फीसद रही। दोनों तरह के डोज में औसत इफिकेसी 70 फीसद रही। कोवीशील्ड के पांच करोड़ डोज तैयार हैं।



### हरियाणा में पहुंची कोरोना वैक्सीन की दो लाख 61 हजार डोज

**आज गुरुग्राम हिसार और रोहतक में होगी सप्लाई**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में बुधवार शाम तक कोरोना वैक्सीन की दो लाख 61 हजार डोज पहुंच चुकी हैं। प्रदेश में 16 जनवरी से टीकाकरण अभियान की शुरुआत की जाएगी। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने ट्वीट कर यह जानकारी दी।

बुधवार को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हरियाणा के लिए 2 लाख 41 हजार 500 कोविशील्ड वैक्सीन पहुंची। जबकि 20 हजार डोज मंगलवार सायं स्वास्थ्य विभाग को मिल चुकी हैं। चंडीगढ़ में स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों की एक टीम ने अपनी निगरानी में कोरोना वैक्सीन को कुरुक्षेत्र में बनाए गए सेंटर में भेजा। गुरुवार से रीजनल सेंटर कुरुक्षेत्र, हिसार, गुरुग्राम व रोहतक में वैक्सीन की सप्लाई शुरू होगी, यहां से अन्य जिलों में बनाए गए कोविडशील सेंटरों पर भेजी जाएगी। शनिवार से शुरू होने वाले टीकाकरण में सबसे पहले एक लाख 90 हजार हेल्थ वर्करों को वैक्सीन दी जाएगी।

### केंद्र ने नहीं दी तो हम फ्री में उपलब्ध कराएंगे कोरोना वैक्सीन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि अगर केंद्र सरकार कोरोना की वैक्सीन फ्री में उपलब्ध नहीं कराएगी, तो दिल्ली सरकार लोगों को मुफ्त में वैक्सीन उपलब्ध कराएगी। केजरीवाल ने कहा कि, मुझे खुशी है कि 16 तारीख से दिल्ली में वैक्सीन लगनी शुरू हो जाएगी। सबसे पहले इसे कोरोना वॉरियर्स को दिया जाएगा। मैं अपील करता हूं कि इसके बारे में भ्रांतियां न फैलाएं। केंद्र सरकार और वैज्ञानिकों ने सभी प्रोटोकॉल ध्यान में रखकर दवाई उपलब्ध कराई है, इसलिए इस पर कोई शंका नहीं होनी चाहिए। केजरीवाल ने आगे कहा कि, मैंने केंद्र सरकार से अपील की थी कि पूरे देश में सभी लोगों को मुफ्त में वैक्सीन दी जाए। हम देखते हैं कि वो इस पर क्या फैसला लेते हैं। अगर केंद्र सरकार मुफ्त में नहीं करती है तो जरूरत पड़ने पर हम लोग दिल्ली के लिए ये वैक्सीन मुफ्त में उपलब्ध करवाएंगे।

# सिंघु बॉर्डर पर किसानों ने जलाईं कृषि कानूनों की प्रतियां

**किसान आंदोलन**

एजेंसी। नई दिल्ली/गाजियाबाद



**कृषि** कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर किसानों का विरोध प्रदर्शन 49वें दिन भी जारी है। सुप्रीम कोर्ट ने तीनों कृषि कानूनों को अमल में लाने पर रोक लगा दी है। साथ ही एक कमेटी का गठन किया है, लेकिन किसानों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा सुनाए गए इस फैसले को सिरे से नकार दिया। किसानों ने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट की ओर से बनाई गई समिति के समक्ष किसी कार्रवाई में हिस्सा नहीं लेना चाहते हैं। किसानों ने बुधवार को लोहड़ी के साथ ही कृषि कानूनों की प्रतियां भी जलाईं। वहीं, बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार पर जमकर हमला बोला। बता दें, कृषि कानूनों के खिलाफ टिकरी बॉर्डर पर किसानों का विरोध-प्रदर्शन आज 49वें दिन भी जारी है।

26 जनवरी को दिल्ली कूच करने के लिए कृषि कानूनों के खिलाफ पंजाब के लखेवाली डाल से सुशील कुमार अपने घोड़े के साथ यूपी गेट पहुंचे हैं। सुशील का कहना है कि वह किसानों संग अपने करीब 10 घोड़ों के साथ दिल्ली कूच करेंगे। उधर, किसान आंदोलन को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि 60 से ज्यादा अन्नदाता की शहादत से मोदी सरकार शर्मिंदा नहीं हुई, लेकिन ट्रैक्टर रैली से इन्हें शर्मिंदगी हो रही है! केंदीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हम स्वागत करते हैं। जो कमेटी बनाई गई है निश्चित रूप से आने वाले समय में सबसे निष्पक्ष राय लेगी। कमेटी किसान यूनियन के लोगों से और अन्य विशेषज्ञों से भी राय लेगी और उसके बाद निर्णय देगी।

### 100 पर्यटक स्थल बनाए जाएंगे स्मार्ट

**नई दिल्ली।** देश में पर्यटन क्षेत्र को गति देने के लिए वैश्विक सुविधाओं के साथ 20 अति विशिष्ट पर्यटक स्थलों (आइकॉनिक साइट) का मॉडल के तौर पर विकास किया जाएगा। इसके अलावा देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए 100 स्मार्ट पर्यटक स्थल भी विकसित किए जाएंगे। यह प्रस्ताव नई राष्ट्रीय पर्यटन नीति के मसौदे में किया गया है। पर्यटन मंत्रालय के एक अधिकारी के अनुसार इस मसौदा नीति में राज्यों के सुझावों को भी शामिल किया गया है। देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये नई राष्ट्रीय पर्यटन नीति के मसौदे को जल्द ही केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा। अति विशिष्ट पर्यटक स्थल (आइकॉनिक साइट) की योजना में स्मारकों व स्थलों का विकास विश्व स्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में करने की बात कही गई है, ताकि उन्हें मॉडल के रूप में पेश किया जा सके।

**ताकत बढ़ाएंगे 83 तेजस विमान**

# 48 हजार करोड़ के स्वदेशी रक्षा खरीद सौदे को मंजूरी

एजेंसी। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** मोदी की अध्यक्षता वाली सीसीएस ने बुधवार को भारतीय वायुसेना के बेड़े के 83 अतिरिक्त स्वदेशी एडवांस तेजस जेट के लिए लगभग 48,000 करोड़ रुपये के सबसे बड़े स्वदेशी रक्षा खरीद सौदे को मंजूरी दे दी है। यह सौदा भारतीय रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता के लिए एक गेम-चेंजर होगा। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी जानकारी दी।

बता दें कि रक्षा मंत्रालय ने 40 तेजस जेट की खरीद को पहले ही मंजूरी दे दी है। यानि कि अब देश के पास कुल 123 एडवांस तेजस जेट हो जाएंगे। इन 123 जेट के अतिरिक्त भारत 170 तेजस मार्क-2 की खरीद को मंजूरी देने पर विचार कर रहा है, जोकि पॉवरफुल इंजन और एडवांस टेक्नोलॉजी से बना होगा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2029 तक सभी 83 विमानों को वायुसेना को सौंपने का लक्ष्य है। इन 83 विमानों से वायुसेना की कम से कम छह स्कॉवड्रन बन जाएंगी। एक स्कॉवड्रन में 16-18 शक्तिशाली लड़ाकू विमान होते हैं। बता दें कि ये 83 मार्क वन-ए फाटइर जेट पुराने सौदे वाले मार्क वन से ज्यादा एडवांस यानी घातक और खतरनाक हैं। तेजस स्वदेशी चौथी पीढ़ी का टेललेस कंपाउंड डेल्टा विंग विमान है।

**उमेश कट्टी समेत सात नए विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ : बेंगलुरु।** कर्नाटक मंत्रिमंडल का विस्तार बुधवार को 7 नए विधायकों के शपथ लेने के साथ पूरा हो गया। इन विधायकों में एमटीबी नागराज, उमेश कट्टी, अरविंद लिम्बावली, मुरुगेश निरानी, आर शंकर, सीपी योगेश्वर, अंगारा एस ने मंत्री पद की शपथ ली। बता दें कि कर्नाटक मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री समेत 27 मंत्री हैं। मंत्रिमंडल में सात की जगह खाली थी। अब 7 नए विधायकों के शपथ लेने के बाद खाली जगहों की पूर्ति कर ली गई है।

**प्रयागराज माघ मेला आज से: कोरोना रिपोर्ट निगेटिव वाले को मिलेगी एंट्री: प्रयागराज।** प्रयागराज में साधना, समर्पण और संस्कृति के पर्व माघ मेला की शुरुआत गुरुवार को सूर्य के उत्तरायण होने के साथ मकर संक्रांति से हो रही है। कोरोना काल में यह देश का सबसे बड़ा मेला है। इसमें लाखों श्रद्धालु संगम तट पर आस्था की डुबकी लगाएंगे। इस बार मेले में हर श्रद्धालु को अपनी कोरोना टेस्ट रिपोर्ट लानी होगी। घाटों पर सोशल डिस्टेंसिंग के साथ स्नान की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा और संक्रमण के खतरे को देखते हुए महिला हेल्प डेस्क और कोरोना हेल्प डेस्क बनाई गई है। संगम तट पर हर साल लगने वाले माघ मेले में करोड़ों श्रद्धालु आते हैं।

### सईद को बड़ा झटका दो करीबी सहयोगियों को 15 साल कैद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक आतंक रोधी अदालत ने मुंबई हमले के मास्टरमाइंड और प्रतिबंधित जमात-उद-दावा (जेयूडी) प्रमुख हाफिज सईद के दो करीबी सहयोगियों को आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले में 15-15 साल से ज्यादा जेल की सजा सुनाई है। सईद के संगठन के प्रवक्ता याह्या मुजाहिद को भी सजा सुनाई गई है। लाहौर में आतंकरोधी अदालत ने मंगलवार को सईद के रिश्तेदार अब्दुल रहमान मक्की को भी छह महीने जेल की सजा सुनाई थी। इससे पहले अदालत ने आतंकवाद के वित्तपोषण के तीन मामले में मुजाहिद को 47 साल जेल की सजा सुनाई थी। इसी तरह, तीन मामलों में इकबाल को 26 साल की सजा दी गई थी।

**शिक्षा मंत्री कंवर पाल का दावा**

# किसान आंदोलन से निपटने के तरीकों से शाह संतुष्ट

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**कहा कि सरकार ने कहीं नहीं किया लाठीचार्ज**

**अभी नहीं करेंगे किसान महापंचायत और सार्वजनिक कार्यक्रम**



**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह के साथ मुलाकात करके लौटे हरियाणा के शिक्षामंत्री कंवर पाल गुर्जर ने कहा है कि किसान आंदोलन के दौरान प्रदेश सरकार ने बेहद संयम से काम लिया और कहीं पर भी लाठीचार्ज किए बगैर ही किसान आंदोलन को चलने दिया। यहीं नहीं सोनीपत जिले की सीमा में बैठे किसानों को भी सरकार द्वारा बुनियादी सुविधाएं मुहैया करवाई जाने पर गृहमंत्री शाह पूरी तरह से संतुष्ट हैं।

बुधवार को चंडीगढ़ स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कंवर पाल ने करनाल जिला के गांव कैमला में हुए घटनाक्रम को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा है कि फिलहाल भाजपा द्वारा सरकार और संगठन के स्तर पर किसान महापंचायत जैसे कार्यक्रमों का आयोजन नहीं किया जाएगा। यही नहीं अभी किसी तरह के सार्वजनिक कार्यक्रम को टाला जाएगा। क्योंकि सरकार किसी तरह का टकराव नहीं चाहती है। इस संबंध में बीती रात गृहमंत्री शाह के साथ भी विस्तार से बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कुछ जगहों पर केवल वाटर कैनन का इस्तेमाल किया गया है। पुलिस के दृष्टिकोण से यह बेहद हलका बल है। वाटर कैनन को कठोर बल की श्रेणी में नहीं लिया जाता। उन्होंने बताया कि गृहमंत्री शाह से मुलाकात के दौरान कैमला में हुई घटना पर विस्तार से चर्चा की गई है। जिसके बाद अभी किसी तरह के सार्वजनिक कार्यक्रम एवं किसान महापंचायत जैसे कार्यक्रम टालने का फैसला लिया गया है। गुर्जर ने कहा कि किसान आंदोलन से निपटने की सरकार की रणनीति से गृहमंत्री पूरी तरह से संतुष्ट नजर आए। उन्होंने कहा कि करनाल समेत पूरे प्रदेश में कहीं भी जनता द्वारा भाजपा के मंत्रियों व सांसदों का विरोध नहीं किया जा रहा है। केवल कुछ लोग अपने स्वार्थों के चलते युवाओं को गुमराह करके उनका गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। सरकार किसी तरह से टकराव नहीं चाहती है। उन्होंने कहा कि शाह से हुई मुलाकात के दौरान प्रदेश के राजनीतिक हालातों पर विस्तार से चर्चा की गई है।

### सरकार के पास पूर्ण बहुमत विपक्ष हुआ मुद्दा विहीन

संसदीय कार्य मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने कहा कि बीती रात दिल्ली में गृहमंत्री शाह के साथ हुई मुलाकात के दौरान दोनों दलों के सत्ता व संगठन के नेता मौजूद थे। बैठक में राजनीतिक हालातों पर भी चर्चा हुई है। उन्होंने दावा किया कि गठबंधन सरकार के पास बहुमत के लिए जरूरी आंकड़ा उपलब्ध है। कोई भी विधायक सरकार से बाहर नहीं है। उन्होंने कहा कि 90 विधायकों वाली विधानसभा में सरकार बनाने 47 विधायकों की अवश्यकता है। सत्तारूढ़ गठबंधन के इससे कहीं अधिक विधायकों का आंकड़ा उपलब्ध है। विपक्षी राजनीतिक दल मुद्दा विहीन होकर गलत बयान बाजियां कर रहे हैं।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, बृहस्पतिवार, 14 जनवरी 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

-राइट विजन-

# कोरोना वायरस का वाहक बनने से बचने को करें गाइडलाइंस का पालन : संजय

*लॉकडाउन की वजह से सरकार के साथ-साथ आम लोगों को भी काफी नुकसान हुआ है। इस नुकसान से उबरने के लिए हमें कई साल लग जाएंगे। ऐसे में जब तक दवा उपलब्ध नहीं हो जाती, तब तक कोरोना से बचाव के नियमों के प्रति लापरवाही बरत कर हम अपने साथ परिवार, समाज और देश को नुकसान पहुंचा सकते हैं। सभी की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हमें मास्क का उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता के नियम का दृढ़ता के साथ पालन करना होगा। यह कहना है दिल्ली हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी संजय मुखर्जी का। श्री मुखर्जी जरूरतमंदों की मदद में आगे रहते हैं। **पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और संजय मुखर्जी की बातचीत के अंश :-***



**जीवन परिचय**

**नाम** : संजय कुमार मुखर्जी
**जन्मदिन** : 23 जनवरी 1970
**पिता** : स्वर्गीय अशोक मुखर्जी
**माता** : स्वर्गीय इतु मुखर्जी
**पत्नी** : मधु मुखर्जी
**परिवार** : बेटे नैतिक, भव्य और बेटी जेंसी
**स्कूल** : 12वीं - सरकारी स्कूल, इलाहबाद
**उच्चशिक्षा** : एलएलबी, पीजी (लेबर लॉ एंड मैनेजमेंट), एमबीए
**रूचि** : फोटोग्राफी और यात्रा करना

**सवाल : अधिवक्ता बनने की प्रेरणा आपको कैसे मिली।**

**जवाब :** मेरे ताऊजी गोपाल मुखर्जी इलाहबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस थे। एक अन्य ताऊ दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस थे। उन्हें मिलने वाला सम्मान देखकर ही मुझे भी अधिवक्ता बनने की प्रेरणा मिली।

**सवाल : शिक्षा के दौरान क्या आप अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेते थे।**

**जवाब :** मैं इलाहबाद तिलक छात्रावास का आठ साल अध्यक्ष रहा हूं। इसके अलावा स्कूल और कॉलेज के दौरान में फुटबॉल और क्रिकेट खेलता था।

**सवाल : शिक्षा के बाद आपने करियर की शुरुआत कैसे की।**

**जवाब :** वर्ष 1992 में मैंने बाटा इंडिया कंपनी प्रशिक्षु मैनेजर के पद पर ज्वॉइंन किया। रिटेल हैड के पद पर 2008 में मैंने कंपनी छोड़ दी और वीगा कंपनी में इंडिया हैड के पद पर चला गया। वर्ष 2011 में मैंने नौकरी छोड़ दी और दिल्ली हाईकोर्ट में महाजन एंड महाजन एसोसिएट के साथ प्रैक्टिस करने लगा।

**सवाल : आप हाईकोर्ट में किस तरह के केस लड़ते हैं।**

**जवाब :** मैंने कारपोरेट में लंबे समय तक काम किया है। इसलिए कारपोरेट और लेबर लॉ से संबंधित केस लड़ता हूं।

**सवाल : कोरोनाकाल में अदालत बंद होने से आपने कैसे अपने क्लाइंटों की मदद की।**

**जवाब :** हम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने क्लाइंटों से बातचीत और उनके मामलों की पैरवी कर रहे थे। हमने अदालत के माध्यम से अनेक मजदूरों को आर्थिक सहायता भी दिलवाई थी।

**सवाल : क्या आप किसी सामाजिक संस्था के साथ भी जुड़े हुए हैं।**

**जवाब :** हम जरूरतमंद बच्चों और उनके परिवार के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। हिमाचल के गद्दी में इनके लिए सरकार द्वारा एक शैल्टर बनाया हुआ है। जहां यह लोग जैम और अन्य कई तरह के खाद्य सामाग्री का उत्पादन करते हैं। इन उत्पादों को हम ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने का काम करते हैं। जिससे इनकी आर्थिक सहायता की जाती है और बच्चों को पढ़ाने की व्यवस्था की जाती है।

**सवाल : लॉकडाउन के दौरान अपने किस तरह से जरूरतमंदों की मदद की।**

**जवाब :** एनएच तीन जी ब्लॉक में रहने वाले कुछ लोगों के साथ मिलकर हमने एक ग्रुप बनाया हुआ है। लॉकडाउन में सभी परिवार एक से डेढ़ किलो आटे की रोटियां बनाकर एक जगह रोज इक्ट्ठी करते थे। जहां से कल्याणपुरी और अन्य स्लम बस्तियों में दाल-रोटी बांटी जाती थी। इस दौरान राशन, मास्क और सैनिटाइजर का वितरण भी किया गया।

**सवाल : वर्तमान स्थिति में हम कोरोना से कैसे जीत सकते हैं।**

**जवाब :** बचाव के लिए सरकार द्वारा बनाई गाइडलाइंस और इससे संबंधित सरकारी आदेशों का पालन करके हम कोरोना को हरा सकते हैं।

**सवाल : क्या लॉकडाउन ठीक समय पर हुआ था।**

**जवाब :** सरकार ने बिल्कुल ठीक समय पर लॉकडाउन किया था। इतनी बड़ी आबादी के बावजूद सरकार और कोरोना योद्धाओं ने देश की जनता को बचाने के सफल प्रयास किए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हर्षोल्लास के साथ मनाया लोहड़ी का त्योहार



**फरीदाबाद।** सेक्टर-21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में वर्चुअली लोहड़ी का त्योहार मनाया गया। विद्यालय में कक्षा नर्सरी से लेकर बारहवीं तक के छात्रों ने हर्षोल्लास के साथ लोहड़ी के त्योहार में भाग लिया। जीवा पब्लिक स्कूल की यह विशेषता है कि यहां प्रत्येक त्योहार विशेष प्रार्थना सभा के दौरान परंपरागत तरीके से आयोजित किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारतीय संस्कृति एवं भारतीय त्योहारों की रीतियों से अवगत कराना है। लोहड़ी का त्योहार मुख्य रूप से ऋतु परिवर्तन एवं फसलों के पकने की खुशी में मनाया जाता है। लोहड़ी के अवसर पर विद्यालय में लोहड़ी का अनोखा रूप देखने को मिला। इस वर्चुअली आयोजित कार्यक्रम में छात्रों ने लोहड़ी पर्व की विशेषता बताई, नृत्य किया, पोस्टर्स बनाए, आपस में रेवड़ी, मूंगफली आदि का प्रसाद वितरित किया व कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। कुछ बच्चों ने लोहड़ी से संबंधित लघु नाटिका का मंचन भी किया तो कुछ ने कविता भी प्रस्तुत की। छात्रों के साथ लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व की महानता के विषय में भी चर्चा की गई। विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान एवं उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान ने छात्रों, अध्यापकों एवं अभिभावकों को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का शुभ संदेश भी दिया। सभी के अच्छे स्वास्थ्य एवं उन्नति की कामना की।

### डीएवी में लोहड़ी समारोह का आयोजन



**फरीदाबाद।** लोहड़ी के पवित्र पर्व पर छात्र कल्याण विभाग ने कर्मचारियों व विद्यार्थियों के लिए लोहड़ी उत्सव का आयोजन किया। परिसर में छात्र लोहड़ी के उत्सव भाव में पूरी तरह से लीन थे। प्रधानाचार्य निदेशक डॉ संजीव शर्मा ने सभी को इस उम्मीद के साथ शुभकामनाएं दी कि आने वाला वर्ष विद्यार्थियों और शिक्षकों के जीवन में भी खुशियां लेकर आएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोहड़ी पर्व लोगों को भगवान की व्यवस्था के लिए कृतज्ञ होने का संकेत देता है। डीएवीआईएम सेंटर फॉर एनवायरमेंट एंड रोटरी क्लब डीएवीआईएम ने रोशनी एनजीओ के बच्चों के साथ लोहड़ी मनाई और उन्हें लोहड़ी की मिठाइयां बांटी। बच्चों ने जश्न का बड़े जोश और उत्साह के साथ आनंद लिया। डॉ संजीव शर्मा ने इन बच्चों के साथ इस तरह के त्योहार मनाने के विचार के साथ आगे आई टीम के प्रयासों की सराहना की।

### दा क्रिकेट गुरुकुल ने 7 विकेट से जीता मैच



**फरीदाबाद।** छठे ऑल इंडिया रविंद्र फागना अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट (लीग) मैच में दा क्रिकेट गुरुकुल ने बाल भवन क्रिकेट अकादमी को 7 विकेट से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि यह मैच 45-45 ओवर का था। दा क्रिकेट गुरुकुल ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाज़ी करने का निर्यण लिया। बाल भवन क्रिकेट अकादमी टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 45 ओवर में 09 विकेट पर 188 रन बनाए। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए युगल सैनी ने 60 रन, देव लाकरा ने 52 रन और आकाश नायक ने 23 रन बनाए। दा क्रिकेट गुरुकुल की ओर से गेंदबाजी करते हुए उदय कुंडू और संदीप डागर ने 2-2 विकेट, सलमान खान, आकाशदीप भाकर और सचिन ने 1-1 विकेट लिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए दा क्रिकेट गुरुकुल की टीम ने 25.1 ओवर में 03 विकेट में 192 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल किया। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए घनश्याम ने 106 रन, चिराग कलिरामन ने 43 रन और अहान पोडार ने 31 रन बनाए। बाल भवन क्रिकेट अकादमी ओर से गेंदबाजी करते हुए राहुल गहलोत, वंशज शर्मा और यश डुल ने 1-1 विकेट लिए। लाखन (एंपायर रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी) के द्वारा मैन आफ दा मैच का पुरस्कार घनश्याम को दिया गया।

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 19.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 06.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- सेक्टर-12 में किसान आंदोलन को लेकर प्रदर्शन : सुबह 11 बजे
- बीके अस्पताल में कोरोना जांच व ओपीडी शुरू : सुबह 9 बजे
- सेक्टर-12 में पीटीआई टीचरों का धरना: सुबह 11 बजे
- रविन्द्र फागना अकादमी में क्रिकेट मैच : सुबह 9 बजे
- वैष्णो देवी मंदिर में मंगला आरती

## निवेश गुरु

**निवेश** के चर्चित माध्यमों में म्युचुअल फंड का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। नये निवेशकों के मन ये सवाल होता है कि म्यूचुअल फंड क्या है? आसान शब्दों में कहें तो म्यूचुअल फंड का अर्थ होता है सामूहिक निवेश। शाब्दिक अर्थों की बात करें तो इसे पारस्परिक निधि कहा जा सकता है। विभिन्न निवेशकों से एकत्र धनराशि से शेयर व प्रतिभूतियों में निवेश करके लाभ अर्जित करने वाले फंड को म्युचुअल फंड कहते है। इसमे निवेश से अधिकतम लाभ अर्जित करने के लिए फंड मैनेजर धन का प्रबंधन करते हैं। उपरोक्त प्रकार से अर्जित हर लाभ एवं हानि सभी निवेशकों में समान रूप से वितरित की जाती है।

## यूटीलिटी न्यूज

### बुजुर्ग का पर्स लौटाया



**फरीदाबाद।** लघु सचिवालय स्थित सरल केंद्र में कार्यरत रजिस्ट्रेशन क्लर्क अजय संधू जब अपनी ड्यूटी पर तैनात थे तो उसी समय उन्हें वहां एक पर्स पड़ा दिखाई दिया। पर्स खोलकर देखा तो उसमें करीब दस हजार रुपये, पैन कार्ड, आधार कार्ड और एटीएम कार्ड सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। उन्होंने आधार कार्ड पर मौजूद मोबाइल नंबर के जरिए पर्स के मालिक सैनिक कालोनी निवासी जगदीश कुमार से संपर्क किया। उधर जगदीश कुमार पर्स गुम होने से परेशान इधर-उधर घूम रहे थे। इसके बाद जब जगदीश कुमार सरल केंद्र पहुंचे तो अजय संधू ने उन्हें उनका पर्स लौटाया। इस पर जगदीश कुमार उनका धन्यवाद करने के लिए एसडीएम जितेंद्र कुमार से मिले। उन्होंने कहा कि वह पर्स गुम होने से काफी परेशान थे और सरल केंद्र के कर्मचारी ने यह पर्स लौटाकर उन्हें ईमानदारी का परिचय दिया है। एसडीएम जितेंद्र कुमार ने भी इस ईमानदारी के लिए सरल केंद्र के रजिस्ट्रेशन क्लर्क की पीठ थपथपाई।

## क्विक न्यूज

### पावर लिफ्टिंग में ममता व हरवीन जीते

**फरीदाबाद।** पानीपत में हुई 36वीं प्रदेश स्तरीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में फरीदाबाद की महिला खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन किया। पांच में से दो महिलाएं पदक जीतने में कामयाब रही, जिनका फरीदाबाद पहुंचने पर स्वागत किया गया। 84 किलोग्राम भार वर्ग में ममता प्रशाद ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया, जबकि प्लस 84 में हरवीन ने सब जूनियर और जूनियर वर्ग में कांस्य पदक जीता। यह टूर्नामेंट नौ से 10 जनवरी तक हुआ था।

# एक्शन मोड : निगमायुक्त के सामने घोटाले और अन्य कई चुनौतियां

### लोगों के मन में समस्याओं के समाधान की उम्मीद भी जागी है

**राजेश दास।** फरीदाबाद




**जिला** उपायुक्त यशपाल यादव नगर निगम आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार सम्भालते ही एक्शन मोड में आ गए हैं। कर्मचारियों की लेट लतीफी की शिकायत मिलने पर वे मंगलवार सुबह समय से पहले कार्यालय पहुंच गए। उन्होंने गैर हाजिर पाए गए करीब ढाई सौ कर्मचारियों और अधिकारियों को नोटिस जारी कर दिए। निगमायुक्त को एक्शन मोड में देख कर शहर के लोगों के मन में समस्याओं के सामाधान की एक नई उम्मीद जागी है। निगमायुक्त के सामने पिछले दिनों हुए 200 करोड़ रुपये के घोटाले की निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई, अवैध कब्जे, अतिक्रमण और अवैध निर्माण समेत कई चुनौतियां सिर उठाकर खड़ी हैं। निगम अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान आए दिन हो रहा है। शहर में चारों तरफ चल रहे अवैध निर्माण और अतिक्रमण की वजह से शहर की सूरत बिगड़ चुकी है। जिससे शहर की सड़कों पर जाम लगा रहता है, वहीं दूसरी तरफ सीवर जाम और अन्य समस्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही हैं। लेट लतीफों की लगाम कसने के साथ ही निगमायुक्त को निगम अधिकारी और ठेकेदारों की मिलीभगत पर नजर रखनी होगी।

### समस्याओं का समाधान

**नगर** निगम आयुक्त यशपाल यादव के सामने शहर की समस्याओं का समाधान करवाना एक बहुत बड़ी चुनौती है। शहर में चारों तरफ समस्याओं का अम्बार लगा हुआ है। घरों से कूड़ा उठाने वाली कंपनी ईकोग्रीन की वजह से शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। कंपनी के कर्मचारी अवैध डंपिंग प्वॉइंटों पर कई दिनों तक कूड़ा डालकर रखते हैं। घरों से पैसे वसूलने के बावजूद कंपनी की गाड़ियां रोज कूड़ा उठाने के लिए नहीं आती। वहीं दूसरी तरफ शहर में सीवर जाम की समस्या लगातार विकराल रूप धारण करती जा रही हैं। सीवर की सफाई के बदले में ठेकेदारों को करोड़ों रुपये का भुगतान किया जाता है, लेकिन इसके बावजूद सीवर लाइनें ओवरफ्लो हो रही हैं। सीवर का गंदा पानी गलियों और सड़कों पर बहता हुआ आम देखा जा सकता है। इसके अलावा नगर निगम के लाख दावों के बावजूद शहर के बाजारों से अतिक्रमण की समस्या खत्म नहीं हो पा रही है। बाजारों के अतिक्रमण की वजह से आस-पास की सड़कों पर हमेशा जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। शहर के लोगों को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए निगमायुक्त को इस ओर भी कदम बढ़ाना होगा।

### घोटालों की निष्पक्ष जांच

**पिछले** दिनों नगर निगम के अधिकारियों द्वारा बिना काम के 50 करोड़ रुपये के भुगतान का मामला उजागर हो गया था। जिसके बाद आला अधिकारी अभी मामले की जांच करवाने पर विचार कर ही रहे थे कि रहस्यमय तरीके से नगर निगम के रिकॉर्ड रूम में आग लग गई। यह मामला अभी शांत भी नहीं हो पाया था कि बल्लभगढ़ क्षेत्र में 30 करोड़ रुपये का काम करवाने के बदले में 80 करोड़ रुपये के भुगतान करने का एक और मामला उजागर हो गया। यह मामला वार्ड नंबर 37 के पार्षद दीपक चौधरी ने उजागर किया था। भ्रष्टाचार के इन मामलों के उजागर होने से निगम की जमकर किरकिरी भी हुई। आग लगाए जाने के मामले में पुलिस की तरफ से अलग से जांच की जा रही है। वहीं दूसरी तरफ निगमायुक्त ने घोटाले की जांच निगम के चीफ इंजीनियर ठाकुर लाल को सौंपी थी। उन्होंने भ्रष्टाचार के इन मामलों की गहनता के साथ जांच शुरू कर दी। जांच शुरू होने के कुछ समय बाद ही घोटाला 200 करोड़ तक पहुंच गया। लेकिन तभी ठाकुर लाल और बाद में निगमायुक्त यश गर्ग का तबादला हो गया। ऐसे में भ्रष्टाचार के इन मामलों की जांच एक बहुत बड़ी चुनौती है।



### समस्या दूर होने की उम्मीद



**समाजसेवी** रविंद्र राघव का कहना है कि निगमायुक्त यशपाल यादव पदभार सम्भालने के साथ ही एक्शन मोड पर आ गए है। उनकी तेज तर्रार कार्यशैली को देखकर लगता है कि वे जल्दी ही शहर की समस्याओं पर ध्यान देंगे। जिससे शहर के लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

### कर्मचारियों की लगाम



**फीएवा** के महासचिव गुरमीत सिंह देओल का कहना है कि नगर निगम के कर्मचारियों की लापरवाही से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निगम द्वारा जमीनों का रिकॉर्ड पूरी तरह दर्ज न करने की वजह से लोगों को रजिस्टरी करवाने में दिक्कत आ रही है।

### कैसे लगेगा प्रतिबंध

**आजादी** के बाद पाकिस्तान से आए शरणार्थियों के लिए इस शहर को काफी योजनाबंद तरीके से बताया गया था। लेकिन पिछले कुछ सालों के दौरान भूमाफियाओं ने इस सुंदर शहर की सूरत बिगाड़ कर रख दी है। एनआईटी इलाके के एनएच एक, दो, तीन और पांच में धड़ल्ले के साथ अवैध निर्माण किए जा रहे है। रिहायशी प्लॉटों पर बिना सीएलयू और नक्शों के धड़ल्ले के साथ व्यवसायिक इमारतों का निर्माण करवाया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ चार से पांच मंजिल के अवैध रूप से फ्लैट तैयार कर बिल्डरों द्वारा धड़ल्ले के साथ बेचे जा रहे हैं। इससे जहां सरकार को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ से नगर निगम के सीमित संसाधनों पर भी लगातार बौझ बढ़ रहा है। इन मकानों में अवैध रूप से सीवर और पानी के कनेक्शन दिए जा रहे हैं। जिसकी वजह से पानी की किल्लत और सीवर जाम की समस्या भी इन इलाकों में लगातार बढ़ती जा रही है। एनआईटी के अवैध निर्माणों के खिलाफ नगर निगम द्वारा शुरू से ही दिखावे की कार्रवाई की जाती रही है।

# जन शिकायतों का सीघ्र समाधान करें : यशपाल

### सभी कार्यालयों को ई-ऑफिस का सख्ती से प्रयोग करने के निर्देश

### सभी विभाग अपने पूरे हुए कार्यों की रिपोर्ट समय पर पोर्टल पर अपलोड करें

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**उपायुक्त** यशपाल ने कहा कि सोशल मीडिया ग्रीवांस रिडरेसल फोर्म पर आने वाली शिकायतों को सभी विभाग गंभीरता से लें। इनका समय पर समाधान करें और उसकी रिपोर्ट भी पोर्टल पर अपलोड करें। उपायुक्त बुधवार को लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में सभी विभागों की मासिक प्रगति मीटिंग में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे।

उपायुक्त ने सीएम विंडो पर आने वाली सभी शिकायतों की भी क्रमवार ढंग से समीक्षा की। उन्होंने उन विभागों को निर्देश भी दिए जिनकी शिकायतें लंबित थी। उपायुक्त ने कहा कि सभी शिकायतों का समयबद्ध ढंग से निपटारा किया जाए। इसके साथ ही सीपीग्राम पोर्टल पर किए गए कार्यों की रिपोर्ट भी समय पर अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने पूरे हुए कार्यों की रिपोर्ट समय पर पोर्टल पर अपलोड करें। मीटिंग में परिवार पहचान पत्र के तहत जिला में चल रहे कार्यों की समीक्षा भी की गई। उपायुक्त ने बताया कि जिला में 10 लाख 49 हजार 123 परिवारों का डाटा अपलोड किया जाना है और हमने इसमें से 4 लाख 68 हजार 170 परिवारों का डाटा अपडेट करने का कार्य भी पूरा कर लिया है। बाकी 5 लाख 80 हजार 953 परिवारों का डाटा अभी अपडेट किया जाना है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी आंगनवाड़ी वर्करों, आशा वर्करों व सीएससी के जरिए इस कार्य को जल्द से जल्द निपटाया जाए। उन्होंने परिवार पहचान पत्र बनाने में बेहतरीन कार्य करने के लिए जिला के अधिकारियों को बधाई भी दी।

मीटिंग में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने विभागों के कर्मचारियों के परिवारों का परिवार पहचान पत्र का डाटा मुहैया करवाने के लिए निर्देश भी जारी करें। इसके लिए उन्होंने एक सप्ताह का समय भी दिया। मीटिंग में क्रैशर जोन में मांगर चौकी से आगे, पाली चौकी के निकास, धौज थाने के सामने और सिकरोना चौकी क्षेत्र में लगे नाकों पर सिविल के कर्मचारियों की नियुक्ति करने के निर्देश भी आरटीओ को दिए। मीटिंग में कई अन्य योजनाओं की भी क्रमवार ढंग से समीक्षा की गई। मीटिंग में अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान, एसडीएम फरीदाबाद जितेंद्र कुमार, एसडीएम बल्लभगढ़ अपराजिता, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, सीटीएम मोहित कुमार, आरटीए जितेंद्र गहलावत, सीएमजीए रूपाला सक्सेना सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### रावल अकादमी ने 201 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** पांचवें रविन्द्र फागना अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट रावन क्रिकेट अकादमी और डब्ल्यूसीएल क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस बारे में जानकारी देते हुए बीसीसीआई कोच सुनील ने बताया कि यह मैच रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली स्थित ग्राउंड में खेला गया। जिसमें रावल क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। रावल अकादमी के बल्लेबाजों ने 35 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 312 रन बनाए। जिसमें समीर अली ने 77 गेंदों पर 66 रन बनाए। अंशुल यादव ने 59 रन, संदीप परीहाल ने 58 रन और कृष्णकांत भड़ा ने 50 रन तथा दिव्यांश कोहली ने 48 रन बनाए। डब्ल्यूसीएल के गेंदबाज तनुभव ने दो और उत्कर्ष ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए डब्ल्यूसीएल अकादमी ने 31 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 111 रन बनाए। विरेन ने 71 रन ही बनाए। रावल के गेंदबाज कुशाग्ररा पुरी ने 3 और भव्य त्यागी व कर्तव्य, अंशुल यादव ने 2-2 विकेट लिए।

## हस्त मुद्रा योग, ज्योतिष एवं आध्यात्म

**हॉरोस्कोप में केतु के सातवें घर में होने से दाम्पत्य सुख में कमी होने के निवारण हेतु मुद्रा एवं मंत्र।**



हॉरोस्कोप अनुसार यदि सप्तम यानि दाम्पत्य भाव में केतु हो तो यह ध्रुव सत्य है की जातक को दाम्पत्य जीवन में किसी न किसी प्रकार के सुख में कुछ न कुछ कमी अवशय देखी जाती है।

**उपाय:** केतु ग्रह की शांति हेतु - केतु ग्रह के देवता - विघ्नहर्ता भगवान गणेश जी की वंदना एवं शांत तथा सुरक्षित रहने - महसूस करने हेतु - वायु एवं प्राण कॉम्बो हस्त मुद्रा अभ्यास सर्वोत्तम कहा गया है।

**विधि:** प्रतिदिन 10/20 मिनट - ललितं लम्बोदरं गणेश बीजमंत्र जप संग - दोनों हाथों की तर्जनी अंगुलियों को अंगूठों की जड़ों में लगा कर रखने एवं अनामिका तथा कनिष्ठिका अंगुलियों को अंगूठों की टिप्स से मिला कर रखने से - वायु-प्राण हस्त मुद्रा निर्माण होता है।

**प्रस्तुति : शिक्षाविद् डीसी चौधरी**

**नोट :-** हस्त मुद्रा से संबंधित जानकारी हासिल करने के लिए आप अपनी समस्या ई-मेल आईडी : pioneerhry@gmail.com पर भेजें।


### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 03.01.2021 को एक औरत सोना सिंह पत्ति अभय प्रताप सिंह निवासी मकान न. सी-5/1 शिव दुर्गा बिहार लक्कडपुर उम्र लगभग 31 साल जोकि घर से बिना बताऐ कही चली गई है अभी तक वापिस नहीं आई है जिसका हुलिया रंग सांवला, गौल चेहरा, हस्ट-पुष्ट शरीर, कद करीब 5 फिट 2 इंच है पहनावा - खाकी रंग की पेंट, टॉप ब्लू कलर, सफेद कलर की जैकअ तथा पैरें मे जूती पहने हुए है। जिसका मु.न. 05 दिनांक 04.01.2021 धारा भा.द.स. थाना सुरजकुन्ड फरीदाबाद। मिलने पर नीचे लिखे नम्बरों पर सूचित करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना सूरज कुन्ड - 9582200127**
**ईन्चार्ज पुलिस चौकी दयाल बाग - 95822200187, अनुसंधान अधिकारी - 9582200010**

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.12.2020 को एक नवविवाहिता औरत सपना पत्नि श्री राजपाल निवासी मकान न. डी-2/640 शिव दुर्गा बिहार लक्कडपुर फरीदाबाद उम्र लगभग 21 साल घर से बिना बताये कही चली गई है काफी तलाश करने पर भी नहीं मिली। जिसका हुलिया - रंग गौर, लम्बूतरा चेहरा, हस्ट-पुस्ट शरीर, कद करीब 5 फिट। पहनावा - नीली रंग की साडी, ऊपर शॉल तथा पैरो में चप्पल पहने हुए है। जिसका मु.न. 671 दिनांक 31.12.2020 धारा 346 भा.द.स. थाना सुरजकुन्ड फरीदाबाद। मिलने पर नीचे लिखे नम्बरों पर सूचित करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना सूरज कुन्ड - 9582200127**
**ईन्चार्ज पुलिस चौकी दयाल बाग - 95822200187, अनुसंधान अधिकारी - 9582200010**


### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.09.2020 को बुजुर्ग व्यक्ति श्री बलवन्त कुमार पुत्र श्रीबृगु नाथ निवासी मकान न. डी/75 शिव दुर्गा बिहार लक्कडपुर फरीदाबाद जिसकी काफी तलाश की लेकिन नही मिला जिसका हुलिया रंग गौरा, लम्बूतरा चेहरा, हस्ट-पुष्ट शरीर, कद करीब 5 फिट 9 इंच। पहनावा - सफेद शर्ट, काली पेन्ट, पैरो में चप्पल पहने हुए है मु. न. 607 दिनांक 16.11.2020 धारा 346 भा.द.स. थाना सुरजकुन्ड फरीदाबाद। अगर इस बारे में किसी को कोई सूचना मिले तो नीचे लिखे नम्बरों पर सूचित करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना सूरज कुन्ड - 9582200127**
**ईन्चार्ज पुलिस चौकी दयाल बाग - 95822200187, अनुसंधान अधिकारी - 9582200010**

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मुदई सतपाल पुत्र जग्गी उर्फ जगराम निवासी गॉव बदरोला थाना तिगॉव फरीदाबाद ने एक दरखास्त बावत अपने पिता जी जग्गी उर्फ जगराम निवासी गॉव बदरोला थाना तिगांव फरीदाबाद से दिनांक 06-09-2020 से घर से बिना बातऐ चले गये जो अब तक घर नहीं पहुंचा जिसका रंग गौरा, गोल चेहरा, कमजोर जिस्म कद 5 फिट 11 इंच व उम्र करीब 85 साल जिसने पैरो मे कपडे के जूते पहने हुए है। मुकदमा न 146 दिनांक 08-09-2020 धारा 346 आईपीसी तिगांव फरीदाबाद। मिलने पर नीचे लिखे नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**थाना प्रबन्धक तिगांव फरीदाबाद - 9582200135, 0129-2241003**
**मो न. - 8076584214**

# चार मिलावटखोरों पर फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने कसा शिकंजा

कविता। फरीदाबाद

**खाद्य** पदार्थों में मिलावट करने वालों को उम्रकैद की सजा और 10 लाख रुपये तक के दंड देने का प्रावधान है। मिलावटखोरों के खिलाफ दर्जनों मामले एसीजेएम और एडीएम के न्यायालय में चल रहे हैं। इसके बावजूद मिलावट पर अंकुश लगने का नाम ही नहीं ले रहा है। फूड डिपार्टमेंट की तरफ से एक बार फिर चार खाद्य पदार्थ विक्रेताओं के खिलाफ कोर्ट में केस डालने की तैयारी कर दी गई है। क्योंकि चारों के सैम्पल सब स्टैंडर्ड और मिसब्रांड पाए गए हैं।

जानकारी के मुताबिक जिले में जहां एक तरफ सैम्पलिंग का कार्य धीमा है, लेकिन वहीं दूसरी तरफ

## शहर में मिलावटखोर नहीं आ रहे बाज

जिले में भरे जा रहे सैम्पलों की रिपोर्ट आने के बाद फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट सख्त हो गया है और जिले में मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। जिसके तहत जिला खाद्य एवं सुरक्षा प्राधिकरण की तरफ से चार खाद्य विक्रेताओं के खिलाफ कोर्ट केस की तैयारी की जा चुकी है।

## इन पर होगी कार्रवाई

जिला खाद्य एवं सुरक्षा प्राधिकरण की तरफ से चार खाद्य पदार्थ विक्रेताओं पर कोर्ट केस किया जाएगा। जिसमें इंद्रा नगर से



गत 10 नवंबर 2019 को लिए गए बर्फी का सैम्पल फेल आया था। उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सहापुरा स्थित हरगोबिंद मिल्क पाउडर की दुकान से लिया गया मटका दही का सैम्पल सबस्ट्रेंडर्ड पाया गया था। यह सैम्पल 22 अक्टूबर 2019 को लिया गया था। जी लॉक्स स्पाइसी नामक एनआईटी मोहब्बताबाद निवासी एक कंपनी संचालक के तीन मसालों के सैम्पल मिसब्रांड पाए गए थे। सुभाष कॉलोनी स्थित राजू उर्फ राजेन्द्र नामक एक घी के व्यापारी का सैम्पल मिसब्रांड पाया गया। व्यापारी का सैम्पल 12 अक्टूबर 2019 को लिया था। इसकी एक साल की मियाद पुरी हो चुकी थी।

## होती है कार्रवाई

**फूड** सेफ्टी के डीओ एनडी शर्मा ने बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति जो खाद्य पदार्थ में किसी ऐसे पदार्थ की मिलावट करता है जो मानव उपभोग के लिए घातक है और इससे उस व्यक्ति के स्वास्थ्य को किसी तरह का नुकसान हो सकता है या मृत्यु हो सकती है। उस व्यक्ति को कम से कम सात साल की सजा दी जा सकती है और इस सजा को बढ़ाकर उम्रकैद तक किया जा सकता है। वहीं आरोपी व्यक्ति पर जुर्माने का भी प्रावधान है।

# दो दिवसीय आनलाइन राष्ट्रीय सम्मेलन आज से

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्व विद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग और पर्यावरण विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 14 और 15 जनवरी को सिविल इंजीनियरिंग और पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में उन्नत तकनीकों पर दो दिवसीय आनलाइन राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा मुख्य अतिथि होंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो दिनेश कुमार करेंगे। सीएसआईआर-एनईईआरआई दिल्ली जोनल सेंटर के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एसके गोयल, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली से प्रो. केएन झा, भारतीय भवन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रदीप मित्तल उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता रहेंगे।

# विरोध : किसानों ने कृषि कानून की प्रतियां जलाकर किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**संयुक्त** किसान मोर्चा फरीदाबाद के आह्वान पर लोहड़ी के पावन पर्व पर जिला उपायुक्त कार्यालय फरीदाबाद के सामने केंद्र सरकार द्वारा लाये गए तीन किसान विरोधी कानूनों की प्रतिया जलाई गईं। किसानों ने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष विरोध सभा का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता मास्टर वीरेंदर सिंह दयालपुर ने की और संचालन नहरपार किसान संघर्ष समिति के संयोजक सत्यपाल नरवत ने किया। किसान वहां से 12.30 बजे जलुस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए उपायुक्त कार्यालय के गेट के सामने पहुंचे। वहां पर रेलवे फ्रंट कॉरिडोर किसान संघर्ष समिति ने अपना मांगपत्र उपायुक्त की अनुपस्तिथि में तहसीलदार को सौंपा।

जिसमें उन्होंने मांग रखी की उत्तर प्रदेश में किसानों को प्रत्येक हिस्सेदार को 5.50 लाख रुपये दिए हैं तो रेलवे विभाग फरीदाबाद में भी उसी तर्ज पर मुआवजा दे। जबकि पलवल में एसडीएम ने नवंबर 2020 में प्रत्येक हिस्सेदार के 5.50 लाख



रुपये मंजूर कर दिए हैं। दूसरी मांग किलोमीटर की दूरी से मुआवजा देना। रेलवे द्वारा अंडरपास पुल की चौड़ाई कम रखी गई और डिमारकेशन के निशान किसानों की जमीन में लगाए गए हैं।

अजरौंदा के किसानों को मुआबजे की मांगों को लेकर एक महीना हो गया धरना देते हुए। उन्होंने भी अमरसिंह मालिक व नरवीर तेवतिया के नेतृत्व में मुआवजे की मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन दिया। तीन कृषि कानूनों को लेकर किसान नेताओं सत्यपाल नरवत, नवल सिंह, सहीराम रावत, गिर्राज जाटोला, अमर सिंह दलाल, बबलू हुडा, वीरेंदर डंगवाल (सीटू नेता) अशोक कुमार (कर्मचारी नेता) ने कहा कि केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट को माध्यम बनवाकर कानून वापस लिए बगैर आंदोलन खत्म करना चाहती है।

सुप्रीम कोर्ट ने कानूनों पर रोक लगाकर अच्छा कार्य किया है, लेकिन जो समिति बनाई गयी है वे चारों सदस्य पहले ही किसी न किसी रूप में इन कानूनों का समर्थन कर चुके हैं, तो उनसे किसी प्रकार की उम्मीद नहीं की जा सकती है और सरकार जानबूझ कर इस मामले को उलझा रही है, किसानों की परीक्षा ले रही है। किसान संघठनों ने समिति बनाने की कोई मांग नहीं की थी। सरकार के इस रवैये को लेकर किसानो में भारी गुस्सा है। जिसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा।

इस विरोध प्रदर्शन और कानून की प्रतिया जलाने के आंदोलन में विभिन्न गांवों से किसान सम्मलित हुए। मुख्य रूप से खेड़ी कलां से गोविन्द, प्रकाश चंद, मंगलीराम, घूरेलाल, रामकिशन, नीमका से राजवीर नगर, संजीव नगर, सद्पुरा से शिवकुमार शर्मा, लखपत दयालपुर से रविंद्र, मनवीर, मास्टर महावीर, अनिल, बुखारपुर से नरेशपाल, रामनारायण, फरीदपुर से राजसिंह, सुरेंद्र, दयाराम तंवर पृथला, रणवीर सिंह फफूंडा, ईश्वर सिंह चौहान लालपुर, कपिल चौहान महातपुर, राजीव रंजन त्यागी करनेरा, नाहरसिंह धारीवाल, देवीसिंह लाम्बा जवां से, बाबू बोहरा जाजरू, लालसिंह अजरौंदा, भूपसिंह मिर्जापुर आदि ने भाग लिया।

# विवेकानंद का जीवन एवं शिक्षाएं युवाओं के लिए प्रासंगिक : कुलपति

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**वाईएमसीए** स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा स्वामी विवेकानंद की 158वीं जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस उपलक्ष्य में विभिन्न आनलाइन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ वार्ता, वेबिनार और राष्ट्रीय स्तर की कविता और कला प्रतियोगिता शामिल हैं।

विशेषज्ञ वार्ता में अभ्यात्मा योग अकादमी, बेंगलूरू के निदेशक योगाचार्य प्रो. सुब्रमण्यम अनंता वेंकट मुख्य वक्ता रहे जबकि अंतरराष्ट्रीय योग शिक्षक डॉ. कुश पांचाल ने 'तनाव प्रबंधन' पर प्रेरक व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संचालन विवि के विवेकानंद मंच और एनएसएस प्रकोष्ठ ने किया। आयोजनों में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इससे पहले, निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रदीप डिमरी ने विशेषज्ञ वक्ताओं का स्वागत किया। राष्ट्रीय युवा दिवस पर विद्यार्थियों को अपने संबोधन में कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन एवं शिक्षाएं युवाओं के लिए हमेशा प्रासंगिक रही है। चरित्र निर्माण उनकी शिक्षाओं का मुख्य सिद्धांत रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने महान भारतीय विचारक स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए विवेकानंद मंच और एनएसएस प्रकोष्ठ के प्रयासों की सराहना की।

विशेषज्ञ व्याख्यान में प्रो. सुब्रमण्यन ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला और योगाभ्यास को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास मानसिक शांति प्राप्त होती है जोकि शारीरिक और मानसिक विकारों को दूर करती है। इसी प्रकार, डॉ. कुश पांचाल ने विद्यार्थियों के साथ एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया और तनाव मुक्त जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने तनाव मुक्त और आरामदायक जीवन प्राप्त करने के लिए कुछ तकनीकों को भी साझा किया। राष्ट्रीय स्तर की कविता और कला प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया।

# कोरोना: 39 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 45933

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में लगातार कोरोना के मामले सामने आ रहे है। बुधवार को जिले में कोविड-19 के 39 मामले सामने आए है। जिससे कोविड-19 का आंकड़ा 45933 पर पहुंच गया है। वहीं दूसरी तरफ जिले में राहत की बात यह रही कि 13 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 98.6 प्रतिशत पर पहुंच गया है।



## यहां से पॉजिटिव

जिले में 39 पॉजिटिव में सेक्टर-21 (1), सेक्टर-11 (1), सेक्टर-45 (3), सेक्टर-19 (5), एनआईटी-दो (1), सेक्टर-49 (2), विलेज जुन्हैड़ा (1), सेक्टर-10 (3), सेक्टर-28 (1), नीमका (2), सेक्टर-82 (1), सेक्टर-दो (1), सेक्टर-16 (3), सेक्टर-7 (1), बल्लभगढ़ (1), सेक्टर-65 (1), सेक्टर-14 (2), सेक्टर-9 (1), सेक्टर-10 (1), सेक्टर- 17 (1), सेक्टर-15 (1), शास्त्री कॉलोनी (1) और अन्य एरियों से 4 मरीज हैं।

## ये हैं आंकड़े

जिले में कुल जांचे: 473290
अब तक पॉजिटिव: 45933
अब तक नेगेटिव: 425559
रिपोर्ट आनी शेष: 1798
ऑक्सीजन पर है: 11
वेंटिलेटर पर है: 4
अब तक मौत: 408
अब तक ठीक: 45278

# खेल राज्यमंत्री संदीप सिंह फहराएंगे तिरंगा: यशपाल

## उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर ली अधिकारियों की मीटिंग

## सेक्टर-12 मैदान में ही आयोजित किया जाएगा समारोह कोविड नियमों का होगा पालन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**उपायुक्त** यशपाल ने कहा कि इस बार भी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह सेक्टर-12 खेल परिसर के साथ स्थित मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस बार जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के खेल राज्य मंत्री संदीप सिंह होंगे। उपायुक्त कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हाल में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे।

उपायुक्त ने मीटिंग में निर्देश दिए कि मुख्य अतिथि सबसे पहले टाउन पार्क स्थित युद्ध स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इसके बाद वह कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में भी कोविड-19 को लेकर सभी नियमों पालन किया जाएगा। स्वतंत्रता सेनानियों व अन्य गणमान्य लोगों को उनके घरों पर जाकर ही प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम में चुनिंदा लोगों को ही आमंत्रित किया जाएगा। मीटिंग के दौरान उन्होंने बताया कि कोविड-19 को देखते हुए कम से कम सांस्कृतिक कार्यक्रम रखे जाएं। उन्होंने बताया कि इस बार पीटी शो आयोजित नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में मार्च पास्ट में छह प्लाटून हिस्सा लेंगी। जिनमें हरियाणा पुलिस, होमगार्ड, स्काउट गाईड व एनसीसी की टुकड़ी शामिल होंगे। उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां भव्य तरीके से की जाएं। कार्यक्रम स्थल की तैयारियों को लेकर जिन-जिन विभागों की ड्यूटी है वह निर्धारित समय पर कार्यों को पूरा करें। मीटिंग में उपायुक्त ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दौरान जिन विभागों की झांकियां निकाली जाएंगी वह अपनी पूरी तरह से तैयारी कर लें। सभी झांकियां बेहतर संदेश देने वाली हों। मीटिंग में अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान, एसडीएम बल्लभगढ़ अपराजिता, एसडीएम फरीदाबाद जितेंद्र कुमार, एसडीएम बडख़ल पंकज सेतिया, डीसीपी सेंट्रल अर्पित जैन सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# 272 करोड़ संपति कर की वसूली को निगम की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## बकाया करों की वसूली के लिए करें अभियान तेज : निगम आयुक्त

**नगर** निगम के आयुक्त यशपाल यादव ने नगर निगम को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए बकाया करों की वसूली करने के अभियान को तेज करने के निर्देश निगम के कराधान विभाग को दिये हैं।

कराधान विभाग के अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अकेले सम्पत्ति कर मद में बकाया लगभग 272 करोड़ रुपये की राशि में से 218 करोड़ रूपये से अधिक की राशि लगभग 9400 बड़े बकायेदारों के विरुद्ध बकाया पड़ी हुई है और दूसरी ओर निगम प्रशासन को अपनी कमजोर वित्तीय स्थिति के कारण शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने निर्देश दिये कि सरकार की ब्याज माफी जैसी उदार योजनाओं के बावजूद जो बड़े बकायादार अपना बकाया सम्पत्ति कर जमा नहीं कर रहे है उन्हें अब और अधिक बर्दाश्त न किया जाये और ऐसे सभी बड़े डिफाल्टरों के मकानों, औद्योगिक इकाईयों, वाणिज्यि संस्थानों को सील करने, उनके पानी व सीवरेज के कनेक्शन काटने के साथ-साथ इनकी कुर्की कार्रवाई भी अमल में लाई जाए।

निगमायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार, शहरी स्थानीय निकाय विभाग की नीति के अनुसार वर्ष 2020-21 के सम्पत्ति कर की राशि जमा करने पर 10 प्रतिशत की छूट देने के साथ-साथ जिन संपत्ति करदाताओं ने पिछले तीन सालों में प्रत्येक वर्ष अपना संपत्ति कर निर्धारित तिथि 31 जुलाई से पहले-पहले जमा करवाया है उन्हें 10 प्रतिशत अतिरिक्त छूट देने, वर्ष 2010-11 से लेकर वर्ष 2016-17 तक के बकाया मूल संपत्ति कर पर 25 प्रतिशत की छूट देने और एकमुश्त बकाया संपत्ति कर की अदायगी करने पर संपूर्ण ब्याज की राशि माफ किए जाने का प्रावधान किया गया है, लेकिन यह सभी छूट आगामी 31 मार्च तक अपना सम्पत्ति कर जमा करने वाले करदाताओं को ही प्राप्त होगी।



बैठक में निगमायुक्त ने यह भी निर्देश दिये कि सरकार की ब्याज माफी योजना का लाभ अधिक से अधिक करदाता उठाएं-यह सुनिष्चित करने के लिए निगम के कराधान विभाग के द्वारा बड़े बकायेदारों को सरकार की नीति के उन्हें मिलने वाली छूट का उल्लेख करते हुए नोटिस भेजे जाये जिससे कि ऐसे करदाताओं को सरकार की ब्याज माफी योजना के तहत मिलने वाले लाभ का पता लग सकें। निगमायुक्त ने शहर की सभी सामाजिक संस्थाओं, रेजीडेन्ट वेलफेयर एसोसिएषनों, औद्योगिक संगठनों से भी अपील की है कि वे करदाताओं को अपना-अपना बकाया कर जमा करने के लिए प्रेरित करें जिससे कि निगम प्रशासन को शहर के चहुंमुखी विकास के लिए आर्थिक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

उन्होंने करदाताओं से यह भी अपील की है कि करदाता कोविड-19 के दृष्टिगत अपना संपत्ति कर ऑनलाईन जमा करवाएं। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन संपत्ति कर जमा करने के लिए करदाता इस लिंक https://online.ulb-haryana.gov.in/eforms/PropertyTa&.asp& पर जाकर आवश्यक कॉलम को भरें और इसके बाद अन्य कॉलम में से केवल ओल्ड प्रॉपर्टी आईडी के कॉलम में पिछले सालों की संपत्तिकर की रसीद पर 13 अक्षरों (जैसे कि एनआईटी क्षेत्र के लिए 619एन201***900 फरीदाबाद ओल्ड क्षेत्र के लिए 619एन201***900 और बल्लभगढ़ क्षेत्र के लिए 619एन201***900) की अंकित अपनी प्रॉपर्टी आईडी भरे। फरीदाबाद ओल्ड जोन क्षेत्र के करदाता ओल्ड प्रापर्टी आईडी को भरते समय ध्यान रखें कि उनकी प्रापर्टी आईडी में शुरू के तीन अक्षर 619 के बाद ओ भरें न कि शून्य। सर्च प्रापर्टी को क्लिक करें।

# ग्राम सुधार सेवा समिति ने सौंपा उपायुक्त को ज्ञापन

## श्मशान भूमि के सैड को लेकर दिया है ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**तिलपत** गांव में श्मशान भूमि का शेड अधूरा होने के कारण यहां कभी भी उत्तर प्रदेश की तरह का हादसा हो सकता है। जिसे देखते हुए ग्राम सुधार सेवा समिति के द्वारा इसे पूरा करवाने के लिए जिला उपायुक्त को एक ज्ञापन सौपा है। जिसमें उन्होंने यहां अधूरे पड़े कार्य को पूरा करवाने की मांग की है।

ग्राम सुधार सेवा समिति ने जिला उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि गांव में श्मशान भूमि का शेड सरकारी व्यवस्था में राजेश ठेकेदार द्वारा डाला गया था, जो कार्य अभी तक अधूरा है। पिछले तीन से छह जनवरी तक वर्षा हुई। पता चला है कि छत पर पानी भरा हुआ है और टपक रहा है तथा मलवा छत पर पड़ा हुआ है। हमें अंदेशा है कि उत्तर प्रदेश के हादसे की तरह कही हादशा न हो जाये। कृपया शीघ्र इस कार्य की जांच कराई जाए।

पत्र में लिखा है कि श्मशान भूमि में एक हॉल, कमरा और चार दीवारी सरकार द्वारा कराई गई है। लेकिन हाल व कक्ष का न तो फर्स पड़ा है, न दरवाज और न खिड़की लगाई गई है। बिजली और वाईस वास की कोई व्यवस्था नहीं की गई है, लेकिन सात लाख रुपये बिना कार्य कराये वापस सरकारी खजाने में जमा हो गए। किसी अधिकारी ने इसकी कोई जांच नहीं की। इसकी जांच कराठ जाए। वहीं बताया गया है कि आवश्यकता को देखते हुए गांव वालों ने चंदा एकत्रित करके छोटे कमरे का फर्स डलवाया। दरवाजा व खिड़की लगवाई, पानी की व्यवस्था तथा पूरे श्मशान घाट की जेसीबी, ट्रैक्टर और मजदूरों द्वारा सफाई कराई है। अन्य सुविधाओं के लिए प्रशासन से सहयोग की अपील की है।

# संक्षिप्त समाचार

## ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट में हर्षोल्लास के साथ मनाई लोहड़ी



**फरीदाबाद।** सेक्टर 79 स्थित ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट में लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें पंजाबी भांगड़ा, त्योहार से जुड़ी एक्टिविटी, गेम, ओपन माइक, बोनफायर, ढोल, बॉलीवुड डांस ट्राउप का आयोजन किया गया। आस पास के हाउसिंग सोसायटी के निवासियों ने भारी संख्या में त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मनाया। आगे बता दें कि शाम को पारंपरिक वेशभूषा में पुरुष, महिलाएं और बच्चों ने लोहड़ी उत्सव में शामिल होकर खुशियां साझा की। इसके पहले विधिविधान से लोहड़ी जलाकर मक्का, तिल, मूंगफली, रेवड़ी, गुड़, फुल्ले को अर्पित कर ईश्वर और प्रकृति को धन्यवाद दिया। इस मौके पर जुटे लोगों ने पंजाबी भांगड़ा की धुन पर नाचते, गाते हुए लोहड़ी का परिक्रमा की। इस दौरान लोगों ने ढोल की थाप पर जमकर डांस किया। ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट में लोहड़ी का कार्यक्रम आयोजित करना त्योहार के एकता, भाईचारे और मेल मिलाप के उद्देश्य को बढ़ावा देना है।

## रजिस्ट्रार अनिल यादव को तुरंत प्रभाव से हटाया

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटी एवं इंडस्ट्री विभाग के असिस्टेंट डायरेक्टर अनिल यादव को तुरंत प्रभाव से उनके पद से हटा दिया गया है। उनके स्थान पर कपिल कुमार असिस्टेंट डायरेक्टर इंडस्ट्री सोनीपत को फरीदाबाद का कार्यभार सौंपा गया है। गौरतलब है कि अनिल यादव के पास पलवल के साथ-साथ फरीदाबाद का भी प्रभार था, पिछले कुछ समय से उनके खिलाफ उद्योग विभाग के डायरेक्टर श्री साकेत कुमार (आईएएस) को ढेरों शिकायतें मिल रही थी। डब्ल्यूसीआरए 21ए फरीदाबाद ने भी उनकी कार्यशैली को लेकर न केवल उनके आदेशों के खिलाफ अपील कर रखी थी बल्कि उनके द्वारा अपने विभाग में की जा रही अनियमितताओं की शिकायतें भी आला अधिकारियों को भेजी थी। डब्ल्यूसीआरए 21ए के विरुद्ध एक्स पार्टी सुनवाई कर एचपी सिंह को प्रशासक नियुक्त करने के मामले में भी उनकी विभाग में किरकिरी हो रही थी। हालांकि प्रधान हर्ष खट्टर व उपप्रधान सुभाष शर्मा की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए गत 5 जनवरी को एचपी सिंह का कार्यकाल आगे बढ़ाने से यादव ने इंकार कर दिया था। शर्मा ने मांग की थी कि एचपी सिंह जैसे पूर्व अधिकारी को भविष्य में किसी भी संस्था में प्रशासक नियुक्त न किया जाए। अनिल यादव को हटाये जाने का फरीदाबाद की अनेक संस्थाओं ने स्वागत किया है, उनके विरुद्ध अनेक आरटीआई भी कई समाजसेवियों ने डाल रखी है।

## चुनाव को लेकर नामांकन शुरू



**फरीदाबाद।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन फरीदाबाद के जिले के प्रधान पद और बल्लभगढ़ और फरीदाबाद खंड के प्रधान पद के लिए चुनाव होने हैं। यह चुनाव 3 साल में एक बार संपन्न होते हैं। बुधवार को नामांकन की प्रक्रिया में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओल्ड फरीदाबाद में कार्यरत संदीप चौहान ने जिले के प्रधान के पद के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत की और भारी संख्या में उनके साथ उपस्थित जिले के प्रवक्ताओं के साथ राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बल्लभगढ़ में अपना नामांकन भरा। संदीप चौहान ने प्रवक्ताओं की सभी समस्याओं के समाधान के लिए अपनी सेवाएं देने का वादा किया। संदीप चौहान फरीदाबाद जिले से पिछले 3 साल हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन की राज्य कार्यकारिणी से जुड़े रहे और संगठन सचिव के रूप में अपनी सेवाएं देते रहे। नामांकन प्रक्रिया का कार्य एसके दलाल पूर्व प्रधान, श्याम सुंदर सैनी उप प्रधान, सुनील नागर फरीदाबाद ब्लॉक प्रधान और नरेंद्र सैनी बल्लभगढ़ खंड प्रधान की देखरेख में हुआ।

## संस्था ने डोनेट किये स्वास्थ्य उपकरण



**फरीदाबाद।** कोरोना महामारी को देखते हुए समाजसेवी, उद्योगपति मदद के लिए लगातार आगे आ रहे है। ऐसा ही गुडईयर कंपनी की तरफ से अमेरिकन केयर इंडिया फाउंडेशन द्वारा उपकरण व सामान स्वास्थ्य विभाग को डोनेट करवा कर किया है। मुम्बई की अमेरिकन केयर इंडिया फाउंडेशन संस्था की तरफ से लाखों रुपये का सामान स्वास्थ्य विभाग को सौंपा है। इतना सामान आया कि जिले के सेंट्रल स्ट्रोर इस सामान को रखने के लिए छोटा पड़ गया। जिस पर अन्य स्थान पर इस सामान को रखा गया। जानकारी देते हुए सेंट्रल स्टोर के फार्मासिस्टों ने बताया कि फाउंडेशन की तरफ से 1217 पीपीई किट, 15 बीपी ऑपरेटर, 10 एचटीजी मशीने, 20 नेबुलाईजेशन मशीन, 20 प्लस ऑक्सीमीटर, 5 बीआई पीएपी मशीन, 10 सीरिंज पम्प, 30 ऑक्सीजन कंट्रोलर, 14 थर्मल मशीन, 8 सैक्शन मशीन, 5 सी पीएपी मशीन, 10 अम्बू बैग, 15 मल्टी पैरा मॉनिटर, 5 ईसीजी मशीने, 5000 ए-95 मास्क उपलब्ध करवाये गए हैं।

## बांटे कंबल और सेनेटरी पैड



**फरीदाबाद।** वुमेंस पावर संस्था ने लोहड़ी और मकर संक्रांति के अवसर पर सरकारी अस्पताल बीके में महिलाओं को कंबल और सेनेटरी पैड वितरण किए। वुमेंस पावर की प्रेसिडेंट चांदनी आजाद अली का कहना है खुशियां बांटने से बढ़ती है। हमें अपने त्योहारों पर अपने घर से निकल कर अपने समाज में मौजूद जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए और उनके साथ भी त्योहार को मनाना चाहिए। इस मौके पर वुमेंस पावर की मार्केटिंग हेड डॉली कपूर ने कहा कि यह प्रयास हम लगातार जारी रखेंगे। जिससे हम लोगों की ज्यादा से ज्यादा मदद कर सके।

## लोहड़ी महोत्सव का किया आयोजन



**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद शाखा फरीदाबाद द्वारा बाल भवन फरीदाबाद में लोहड़ी महोत्सव विधिवत रूप से मनाया गया। जिसमें नरेंद मलिक जिला बाल कल्याण अधिकारी ने बच्चों को अपना स्नेहमयी सन्देश देते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य है और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। लोहड़ी पर्व पर प्ले स्कूल व मूक बधिर केन्द्र के बच्चों ने डांस किया और प्ले स्कूल के बच्चों ने अच्छी अच्छी कवितायें सुना कर सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों व उनके अभिभावकों के साथ-साथ स्टाफ को रेवड़ी, मुंगफली एवं फुल्ले के पैकेट वितरित किये। लोहड़ी महोत्सव के अवसर पर चाइल्ड वेलफेयर कमेठी के चेयरमेन पाल कहराना, कार्यक्रम अधिकारी एसएल खत्री, उदय चंद लेखाकार के साथ साथ बाल भवन स्टाफ में मीनू शर्मा, राजेश कुमार, मांगेराम, राधा लखानी, अरुणा अरोड़ा, सुमन, सुनील दहिया, रामशरण, श्रीभगवान सिंह व जिला बाल सरंक्षण इकाई फरीदाबाद का स्टाफ आदि भी उपस्थिति रहे।

वैक्सीन लगवाना इच्छा पर निर्भर, नहीं होगा कोई दबाव, पहले चरण में

# 40 हजार स्वास्थ्य कर्मियों को कवर करने का लक्ष्य

## स्वास्थ्य कर्मियों को कोविड वैक्सीन लगाने की गुरुग्राम में तैयारियां पूरी

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम स्थित लघु सचिवालय में पत्रकारों से बात करते नवनियुक्त डीसी यश गर्ग। साथ में सिविल सर्जन डॉ. विरेंद्र यादव और पशुपालन विभाग की उपनिदेशक डॉ. पुनिता।

**कोरोना** की वैक्सीन लगवाना कोई जरूरी नहीं है। यह आपकी इच्छा पर निर्भर है। आप चाहें तो लगवा सकते हैं। किसी पर कोई दबाव नहीं है। गुरुग्राम जिले में प्रथम चरण में स्वास्थ्य कर्मियों को कोविड वैक्सीन लगाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके लिए आवश्यक वॉलंटियर भी तैयार कर लिए गए हैं। प्रथम चरण में जिला में लगभग 40 हजार स्वास्थ्य कर्मियों को यह वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

यह जानकारी गुरुग्राम के नवनियुक्त उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने लघु सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. विरेंद्र यादव, उप-सिविल सर्जन डॉ. अनुज गर्ग और पशुपालन विभाग की उपनिदेशक डॉ. पुनिता भी उनके साथ उपस्थित थीं। कोविड वैक्सीनेशन को लेकर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए उपायुक्त डॉ. गर्ग ने बताया कि वैक्सीनेशन को लेकर पोर्टल पर डाटा फीड किया हुआ है। उन्होंने बताया कि हरियाणा के लिए प्राप्त होने वाली कोविड वैक्सीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल चंडीगढ़ में प्राप्त करेंगे। इसके बाद ही पता चल पाएगा कि भारत सरकार ने हरियाणा को कितनी वैक्सीन दी हैं और उनमें से गुरुग्राम को कितनी मिलेंगी। डॉ. गर्ग ने आशा जताई कि गुरुवार तक गुरुग्राम में वैक्सीन आ जाएंगी।

### मैं सबसे पहले खुद वैक्सीन लगवाने को तैयार : सीएमओ

**वैक्सीन** को लेकर आम जनता में भ्रांतियों के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए सिविल सर्जन डॉ. विरेंद्र यादव ने कहा कि जनता की भ्रांतियां दूर करने के लिए सबसे पहले वे स्वयं वैक्सीन लगवाने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि विश्व प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेश त्रेहन, उप सिविल सर्जन डॉ. सुशीला कटारिया से भी वे यह वैक्सीन लगवाने का आग्रह करेंगे। साथ ही वे गुरुग्राम के नवनियुक्त उपायुक्त डॉ. यश गर्ग, जो स्वयं क्वालीफाइड डाक्टर हैं, से भी वैक्सीन लगवाने का अनुरोध करेंगे। इस पर मौके पर ही उपायुक्त डॉ. गर्ग ने हामी भर दी। सिविल सर्जन ने कहा कि इससे ज्यादा भ्रांति दूर करने के लिए क्या किया जा सकता है। उपायुक्त ने कहा कि वैक्सीनेशन का इतिहास सालों पुराना है। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि पहले चेचक, टीबी आदि बीमारियों से बहुत लोगों की मृत्यु हो जाती थी, लेकिन जब से इन बीमारियों के वैक्सीन बने तो बचपन में ही टीके लगाए जाने लगे और अब ये बीमारियां देश से खत्म हो गई हैं।

### बर्ड फ्लू से निपटने के लिए प्रशासन तैयार

**गुरुग्राम** जिला प्रशासन की बर्ड फ्लू से निपटने के लिए तैयारी पूरी है, हालांकि अभी तक जिले में कहीं भी बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हुई है। उपायुक्त डॉ. गर्ग ने बताया कि ऐहतियात के तौर पर जिला प्रशासन ने पशुपालन विभाग की 22 रैपिड रिस्पोंस टीमों का गठन किया है, जो अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में नजर रखेंगी और कहीं भी पक्षियों की अकारण मृत्यु का पता लगने पर अपने जिला कार्यालय तथा उपायुक्त कार्यालय को सूचित करेंगी, ताकि उसी अनुसार कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि बर्ड फ्लू की रोकथाम से जुड़े विभागों के अधिकारियों को सचेत करने के लिए उनकी एक कार्यशाला वीरवार 14 जनवरी को प्रातः 11 बजे लघु सचिवालय के सभागार में रखी गई है।

# किसान आंदोलन का नेतृत्व नहीं समर्थन कर रही है कांग्रेस : भूपेंद्र हुड्डा

## प्रदेश में अपना जनाधार खो चुकी है गठबंधन सरकार

## अभय चौटाला के इस्तीफे से भाजपा को होगा फायदा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया के माता-पिता को श्रद्धांजलि देते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

**पूर्व** मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि तीन अध्यादेश के विरोध में चल रहे किसान आंदोलन का कांग्रेस नेतृत्व नहीं बल्कि समर्थन कर रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते प्रदेश का किसान एवं कमेरा सहित सभी वर्ग के लोग इनसे परेशान हैं। ये न केवल प्रदेश की जनता में अपना विश्वास खो चुके हैं, बल्कि अपनी कार्यप्रणाली के चलते निर्दलीय एवं सहयोगी दल के विधायकों के मन में उपजे असंतोष के कारण प्रदेश विधानसभा में भी अपना बहुमत खो चुके हैं। यह बात उन्होंने बुधवार को गुरुग्राम में पत्रकार वार्ता में कही।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि ऐसी सरकारें ज्यादा दिनों तक नहीं चलती हैं और अपनी जनविरोधी नीतियों के बोझ से स्वयं लड़खड़ा कर गिर जाती हैं। उन्होंने कहा कि हमारा देश एक कृषि प्रधान देश है। हमारे देश की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार कृषि है। देश की अधिकांश जनसंख्या इसी से अपनी आजीविका चलाती है। यह अत्यंत दुख का विषय है कि भाजपा सरकार की किसान एवं जनविरोधी नीतियों के चलते आज इस ठिठुरन भरी ठंड के बावजूद हमारे देश का किसान अपने घर से बाहर सड़कों पर अपना दिन-रात व्यतीत करने के लिए मजबूर हो रहा है।

उन्होंने कहा कि इसके बावजूद यह एक अच्छी बात है कि यह आंदोलन पूरी तरहर से शांतिपूर्ण एवं अहिंसक है। मैंने अपने जीवन में आज तक इतना शांतिप्रिय आंदोलन नहीं देखा। मैं किसानों की मांगों का पूर्ण रूप से समर्थन करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस शासन काल के दौरान किसान खुशहाल थे। उन्हें उनकी उपज का अच्छे से अच्छा मूल्य दिया जाता था। गुरुग्राम में धीरेन्द्र ब्रह्मचारी के अपर्णा आश्रम की जमीन घोटाले के मामले में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आप मुझे इसके बारे में विस्तार से लिख कर भेज दें। मैं इस संबंध में अवश्य आवाज उठाउंगा। उन्होंने कहा कि यह सरकार घोटालों की ही सरकार है। इस गठबंधन सरकार के गठन के पश्चात से ही घोटालों की शुरुआत हो चुकी है। कहीं शराब घोटाला तो कहीं धान घोटाला, बिजली मीटर घोटाला, प्रति किलोमीटर स्कीम घोटाला सहित घोटालों का सिलसिला जारी है।

### ऐसे समय में आयोजन उकसाने की कार्रवाई

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल की रैली स्थल पर हुई तोड़फोड़ के बारे में उन्होंने कहा कि दरअसल जब देश एवं प्रदेश के अन्नदाता इस कंपकंपाती ठंड में सड़कों पर रहने के लिए मजबूर हों, ऐसे समय में मुख्यमंत्री द्वारा रैली का आयोजन उकसाने वाली कार्रवाई के समान है। यह प्रदेश में शांति स्थापना की दिशा में बढ़ाया गया कदम नहीं, बल्कि टकराव की दिशा में बढ़ाया गया कदम था। अभय चौटाला के इस्तीफे के बारे में उन्होंने कहा कि हमने विधानसभा में अविश्वास मत के लिए प्रस्ताव दिया हुआ है। उनके इस्तीफे से विरोध का एक वोट कम होगा और ऐसी स्थिति में यह भाजपा सरकार के लिए फायदे की बात है। संगठन संबंधी सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि वे स्वयं चाहते हैं कि जल्द से जल्द प्रत्येक जिले के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया संपन्न हो जाए।

# हरियाणा में वन क्षेत्र का 20 प्रतिशत होगा विस्तार


गुरुग्राम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सेमीनार में बोलते वन मंत्री कंवरपाल गुज्जर।

## वन मंत्री कंवर पाल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से किया सेमीनार

**गुरुग्राम।** हरियाणा में वन भूदृश्य पुनर्स्थापना विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन यहां लोक निर्माण विश्राम गृह में किया गया। जिसमें प्रदेश के वन, पर्यटन तथा शिक्षामंत्री कंवरपाल गुज्जर ने वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। कार्यशाला में भारत सरकार के पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा वन भूदृश्य पुनर्स्थापना से जुड़े विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

कंवरपाल गुज्जर ने हरियाणा में वानिकी के अधीन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार के सहयोग से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और सभी प्रतिभागियों का आभार जताते हुए बताया कि राज्य सरकार का प्रयास है कि हरियाणा में कुल भौगोलिक क्षेत्र का 20 प्रतिशत भाग ग्रीन कवर के अधीन हो। इस दिशा में गंभीरता से कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी ने हम सभी को चेताया है कि प्रकृति संरक्षण की दिशा में काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पेड़ों की बहुत सी देसी प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं, हमें सामुहिक प्रयास करते हुए उन प्रजातियों को बचाना है। श्री गुज्जर ने कहा कि हरियाणा प्रांत में वन के अधीन क्षेत्र को बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने के लिए 2200 गांवों में सघन वनीकरण की योजना तैयार की जा रही है। कार्यशाला का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आईयूसीएन) के रेस्टोरेशन ऑप्रच्युनिटिज अस्समेंट मैथडोलॉजी (आरओएएम) अर्थात बहाली के अवसर मूल्याकंन पद्धति पर आधारित परियोजना वन भूदृश्य पुर्नस्थापना विषय पर किया गया। इसमें बताया गया कि रोम परियोजना के अंतगज़्त आईयूसीन के सहयोग से भारत में साढे तीन वर्ष के पायलेट फेज के अंतर्गत भू पुनर्स्थापना की प्लानिंग, मॉनिटरिंग तथा रिपोर्टिंग करना है।

# गुरुग्राम में सर्कल रेट पर 15 जनवरी तक सुझाव आमंत्रित

**गुरुग्राम।** अगले वित्त वर्ष के लिए गुरुग्राम जिला की विभिन्न तहसीलों के अंतर्गत पड़ने वाले क्षेत्रों के प्रस्तावित कलेक्टर रेट जिला की वेबसाइट पर डले हुए हैं। उन पर सुझाव या आपत्तियां 15 जनवरी तक दिए जा सकते हैं।

एक अप्रैल 2021 से शुरू हो रहे अगले वित्त वर्ष के लिए कलेक्टर रेट तय करने को लेकर राज्य सरकार के अनुसार तहसील स्तर पर कमेटियों का गठन किया था। कमेटियों ने कलेक्टर रेट अथवा सर्कल रेट का जो प्रस्ताव तैयार किया है, वह जिला की वेबसाइट पर 15 दिसंबर को जन साधारण के सुझाव एवं ऐतराज प्राप्त करने के लिए अपलोड कर दिए गए हैं। प्रस्तावित कलेक्टर रेट पर सुझाव और आपत्तियां देने की अंतिम तिथि 15 जनवरी रखी गई है। इसके बाद 30 दिन के अंदर अर्थात 15 फरवरी तक सभी आपत्तियों पर सुनवाई करके निर्णय लिया जाएगा। उसके पश्चात नोटिफिकेशन जारी करने के लिए राज्य सरकार को नए कलेक्टर रेट भेज दिए जाएंगे। नए कलेक्टर रेट 1 अप्रैल से लागू होंगे और 31 दिसंबर तक प्रभावी रहेंगे। उपायुक्त यश गर्ग के मुताबिक अब सरकार ने कलेक्टर रेट एक अप्रैल की बजाय कलेंडर वर्ष के हिसाब से एक जनवरी से लागू करने का निर्णय लिया है। अगले साल 2022 से नए कलेक्टर रेट पहली जनवरी से लागू किए जाएंगे। जिला प्रशासन का प्रयास है कि जिला गुरुग्राम के नए कलेक्टर रेट आम जनता की भागीदारी से तय हों। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट कलेक्टर रेट में तहसील गुरुग्राम, सोहना, उप तहसील बादशाहपुर, उप तहसील कादीपुर तथा उप तहसील हरसरू में वर्ष 2021-22 के कलेक्टर रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को दीं राशन किट

## जिला उपायुक्त ने वितरित की राशन की किटें

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को राशन की किट वितरित करते उपायुक्त यश गर्ग।

**राजकीय** मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को राशन की किटें वितरण अभियान की शुरुआत बुधवार से की गई। इस अभियान में डेंटसू इंडिड और सुमाया एग्रो लिमिटेड द्वारा सहयोग दिया जा रहा है।

उपायुक्त यश गर्ग ने सभी विद्यार्थियों को लोहड़ी व मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि शारीरिक व मानसिक विकास के लिए संतुलित आहार लेना अत्यंत आवश्यक है। बच्चों के लिए अच्छे पोषक तत्वों का महत्व और अधिक बढ़ जाता है ताकि उनका संपूर्ण विकास हो। बच्चों के लिए बैलेंस डाइट का लेना बहुत जरूरी है, ताकि उनका शारीरिक व मानसिक विकास हो सके। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने जीवन में एक लक्ष्य बनाना चाहिए और उस पर ध्यान केन्द्रित करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। यदि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करेंगे तो निश्चित तौर पर ही वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने इस मौके पर बच्चों को अपने जीवन में कामयाबी हासिल करने के गुर भी सिखाए।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी इंदू बोकन ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क वास करता है। यदि बच्चें शारीरिक रूप से स्वस्थ होंगे तो वे निश्चित तौर पर मानसिक रूप से भी स्वस्थ होंगे। कोरोना संक्रमण के इस दौर में स्वस्थ रहने का महत्व और अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि संतुलित व पोषक आहार लेने से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी और उनका शरीर निरोग होगा। उन्होंने इस अवसर पर बच्चों को नववर्ष, लोहड़ी व मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री की सुशासन सहयोगी कनिका ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के तहत जिला के सभी राजकीय विद्यालयों के 9वीं से 12वीं कक्षा तक विद्यार्थियों को प्रत्येक माह ड्राई राशन किट दी जाएंगी। एक अनुमान के अनुसार जिला में लगभग 40 हजार विद्यार्थियों को प्रत्येक माह राशन वितरित किया जाएगा। इस किट में विद्यार्थियों को 250एमएल सरसों का तेल, 2 किलोग्राम आटा, 3 किलोग्राम चावल, 1 किलोग्राम चीनी तथा 500 ग्राम मूंग दाल दी जाएगी। विद्यालय की प्रिंसिपल आशा मिगलानी ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का स्वागत व आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त-समाचार

### कोहरे से दो सड़क हादसों में बाइक सवार की मौत, चालक घायल



**सोहना।** बुधवार को कोहरा छाने से क्षेत्र में हुए दो सड़क हादसों में 27 वर्षीय युवक की मौत और हाइवा डंपर चालक घायल हो गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मंगलवार-बुधवार रात पेट्रोल पंप पर नौकरी करने वाला 27 वर्षीय युवक दिनेश पुत्र जयपाल निवासी गांव हसनपुर थाना रोजका मेव जिला नूंह बाजार से सुबह करीब 10 बजे घरेलू सामान खरीदकर सिटी थाना से मात्र 100 दूरी पर रामा पेट्रोल पंप पर जा रहा था। दिनेश गुरुग्राम-अलवर मार्ग पार करते समय बाईपास चौक की ओर से आए ट्रक चालक ने बाइक को सीधी टक्कर मार दी। दिनेश बाइक समेत ट्रक के टायरों के नीचे आ गया। दिनेश का सिर कुचल जाने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेते हुए उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। दूसरे हादसे में बुधवार सुबह करीब 3 बजे सोहना से पलवल मार्ग पर गांव सांचौली में हुआ। जहां कोहरा अधिक होने से कारण आमने-सामने से आ रहे हाइवा डंपर टकरा गए। एक डंपर हाईटेंशन बिजली के पोल से जा टकराया। जिससे बिजली का ट्रांसफार्मर नीचे गिर गया। सांचौली की गांव की बिजली सप्लाई ठप हो गई। दूसरा डंपर सड़क किनारे बिल्डिंग मैटिरियल बिक्रेता के ऑफिस से टकराया। हाइवा डंपर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पहले नागरिक अस्पताल में और बाद में गुरुग्राम के लिए डॉक्टरों ने रेफर कर दिया।

### गढ़ी गांव में बनी समस्त कॉलोनी विकास समिति

**फर्रूखनगर।** नगर निगम मानेसर के गठन के बाद उसके अंर्तगत आने वाले गांवों की कॉलोनियों में विकास कार्य कराने और उन्हें ऑथराईज करने की मुहिम को लेकर गांव गढ़ी में ग्रामीणों ने समाजसेवी कुलदीप शर्मा अध्यक्षता बैठक का आयोजन किया। बैठक में सर्वसम्मति से समस्त कॉलोनी विकास समिति का गठन किया। निगम कमिश्नर मानेसर से मिलकर विकास कार्य शुरू कराने के लिए मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया। कुलदीप शर्मा, बलवंत शर्मा, सुरेश शर्मा, दलीप, उमाशंकर, हरिओम, विजय तिवारी, राम गोविंद मिश्रा, एसपी कौशिक, राकेश कुमार, बिजेंद्र, सुभाष मोर, मुकेश चौधरी, अरविंद यादव, राम कुमार, नरेश कुमार, विकास, बिरेंद्र, आरपी सिंह, प्रवीण, हेमंत शास्त्री, राजेश, धनश्याम, सुरेश आदि ने बताया कि गढ़ी गांव के अलावा अन्य जो भी गांव नगर निगम मानेसर में शामिल हुए हैं। उनमें सैकड़ों छोटी-बड़ी कॉलोनियों काटी गई हैं। उनमें रह रहे ग्रामीण सरकार की मुलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। बार-बार शिकायत के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। ग्रामीण कई बार-बार कॉलोनियों को पक्का कराने, गली, नाली, सीवरेज, पीने की पाइप लाइन डलवाने, बिजली के पोल लगाने, स्ट्रीट लाइट आदि सुविधा की मां करते आ रहे है। लेकिन हर बार उनकी मांग को दरकिनार करके ग्रामीणो के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।

### जमीन के विवाद पर परिवार में हुआ संघर्ष, हवाई फायर भी

**गुरुग्राम।** जिले के गांव टीकली में जमीन के विवाद को लेकर एक परिवार में जमकर संघर्ष हुआ। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित पक्ष ने कहा है कि हमलावरों ने उनके परिवार के साथ मारपीट की। एक युवक ने हवाई फायर भी किया। मंगलवार को हुई इस घटना में पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर केस दर्ज कर लिया है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महेश शर्मा पुत्र ब्रह्मनंद निवासी टीकली ने बादशाहपुर पुलिस से कहा है कि उनकी कुछ जमीन बादशाहपुर-टीकली रोड पर लगती है। जिसके वे व उसके चाचा के लड़के बराबर के हिस्सेदार हैं। कुछ दिन पहले उसके चाचा के लड़के दिनेश ने रोड के साथ लगती जमीन जोत दी और हमारे हिस्से की पीछे की जमीन छोड़ दी। 12 जनवरी को वह अपने सर्विस स्टेशन पर बैठा था। इस दौरान दिनेश वहां आया और कहने लगा कि वह जमीन क्यों जोती। इसी बीच उसने उसे थप्पड़ मारा। मैं अपने घर पर पहुंचा और बच्चों को इसकी जानकारी दी। मेरे दोनों बच्चों राहुल व नरेंद्र, मेरी भाभी गीता और भांजा सतीश घर पर बैठे थे। अचानक 10 बजे के करीब दिनेश, रमेश, राजेश, डींकी एवं दयानंद ने घर आकर बेसबाल के डंडों से हमला कर दिया। डिंकी ने हवाई फायर भी किया। इस दौरान बचाव कराने आई उनकी भाभी गीता देवी के साथ धक्का-मुक्की व कपड़े फाड़ दिए। राजेश हरियाणा पुलिस में एएसआई है। सभी ने मिलकर हमारे परिवार को बुरी तरह से मारा-पीटा। शोर सुनकर गांव वाले भी मौके पर पहुंचे और हमलावरों के हाथों से बचाया। घायल महेश, नरेंद्र और सतीश को सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपनाएं : डा. गुलिया



**गुरुग्राम।** राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 में आयोजित एनएसएस एक दिवसीय शिविर में मुख्य वक्ता स्वयंसेवकों से मुखातिब महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के प्रोग्राम कोर्डिनेटर डॉ. रणवीर गुलिया ने विद्यार्थियों को संबोधित कर स्वामी विवेकानंद के विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के आदर्श हैं। उनका जीवन चरित्र अपनाकर प्रत्येक युवा अपने भविष्य को निखार सकता है। स्वामी विवेकानंद के प्रति युवाओं की गर्मजोशी से आह्लादित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सत्यमन्यु यादव ने भी विद्यार्थियों को स्वामी से प्रेरित हो अपने परिवार और महाविद्यालय का गौरव बढ़ाने का आह्वान किया। ज्ञात हो भारत भर में 12 जनवरी अर्थात स्वामी विवेकानंद के जयंती के अवसर को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। युवा दिवस पर आयोजित एनएसएस के एक दिवसीय शिविर में दोनों इकाइयों के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। एनएसएस सॉन्ग से शुरू हुए एक दिवसीय कैंप में श्रमदान, स्वच्छता, अनुभव कथन, जागरूकता रैली आदि व्यक्तित्व विकास के अनेकानेक कार्यक्रम कराए। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. ललिता बौद्ध और रोहित शर्मा ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों का समग्र व्यक्तित्व विकास सुनिश्चित किया जाता है। महाविद्यालय के डॉ. संजय का त्याग डॉ. मीनू शर्मा विजय वीर स्वाति बंसल राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बच्चों को स्वामी विवेकानंद के जीवन से कराएं रूबरू: अवधेश

## जहां संस्कार हैं वहीं पर विकास है संस्कारहीन व्यक्ति किसी काम का नहीं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के सेक्टर-9 सामुदायिक केंद्र में सृष्टि फाउंडेशन की ओर से आयोजित स्वामी विवेकानंद जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

**सामाजिक** संस्था सृष्टि फाउंडेशन द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती का आयोजन सेक्टर-9 के सामुदायिक केंद्र में किया गया, इसका उद्घाटन सृष्टि फाउंडेशन के प्रांत महामंत्री अवधेश कुमार सिंह ने किया।

अवधेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में बच्चों के संस्कारों पर बल दिया। जहां संस्कार हैं वही पर विकास है संस्कारहीन व्यक्ति किसी काम का नहीं। स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र से भावी पीढ़ियों को अवगत कराना जरूरी है। विशिष्ट अतिथि पार्षद सीमा पाहुजा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन को विस्तार से रखा। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व चेयरमैन जीएल शर्मा ने कहा की स्वामी विवेकानंद ने पूरी दुनिया में भारत का डंका बजाया था। दुनिया उनकी प्रतिभा की कायल थी। उन्होंने भारत को विश्व गुरु बनाने का सपना देखा था और जल्द ही ये सपना साकार होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमालय जोन की अध्यक्ष रीतु महेश्वरी ने की व धन्यवाद ज्ञापन रामआश्रय पांडेय ने किया। इस मौके पर सुष्मिता पांडेय द्वारा स्वागत गीत द्वारा कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। राजू राज व रत्नेश तिवारी ने देश भक्ति गीत गाये। संस्था द्वारा कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पीएन सिंह, संतोष शर्मा, देवशी, कल्याणी, संगीता सिंह, पंडित प्रमोद, प्रदीप कन्नौजिया, राहुल पांडेय, रितेश सिंह, वीरू सिंह, राधा सोलंकी, मुकेश जांगड़ा, सतेंद्र सिंह व रीना उपस्थित रहे।

### विवेकानंद का जन्म दिवस बालिका शिक्षा के रूप में मनाया

**सोहना।** भोंडसी राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन बालिका शिक्षा के रूप में मनाया। रोल मॉडल रही एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बेटियों को जीवन में संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया।

मंगलवार को भोंडसी के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मुख्य अतिथि कर्नल सूर्यप्रकाश ने स्वामी विवेकानंद द्वारा समाज में फैली कुरीतियों के प्रति उठाई आवाज और कल्याणकारी नीतियों के विषय में बताया। एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से बेटियों को संघर्ष करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर छात्राओं को पुरस्कृत किया। स्कूल प्रधानाचार्य श्याम सिंह राघव ने आगन्तुकों का आभार प्रकट किया और शिक्षा प्राप्त कर रही बेटियों के शिक्षण कार्य को पहले बहत्तर उत्कृष्ट बनाने का आश्वासन दिया।

# साइकिल दौड़ में प्रथम रही हरप्रीत कौर


मंगलवार को भोंडसी के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्रा को पुरस्कार देते हुए कर्नल सत्यप्रकास। सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में साइकिल दौड़ लगातीं प्रतिभागी महिला एवं किशोरियां।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**स्वास्थ्य** विभाग और सामाजिक संगठन के तत्वावधान में महिलाओं और किशोरियों की साइकिल दौड़ में हरप्रीत कौन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे नंबर पर महक और तीसरे नंबर पर नर्गिस रहीं।

विजेताओं को नागरिक अस्पताल के एसएमओ ने पुरस्कार वितरण किए। स्वास्थ्य विभाग और सामाजिक संगठन साक्षी के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के अवसर पर स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में किशोरियों और महिलाओं की 100-100 मीटर की साइकिल दौड़ कराई गई। पांच महिलाओं और 12 किशोरियों ने भाग लिया। नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. नवल किशोर, डॉ. कुलभूषण, सामाजिक संगठन की कार्यकर्ता सोनू, एड्स सलाहाकार दीपक महरौलिया, एमपीएस दीपक कुमार आदि लोग मौजूद थे। एसएमओ डॉ. नवल किशोर ने साइकिल दौड़ हरी झंडी दिखाकर शुरू कराई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान किशोरी हरप्रीत कौर रही है। दूसरे स्थान पर किशोरी महक और तीसरे नंबर पर महिला नर्गिस रहीं। विजेताओं को नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. नवल किशोर ने पुरस्कार वितरण किए।

# आंदोलनरत किसानों के समर्थन में होडल से जत्था रवाना

## 52 पाल के जेलदार अरुण कुमार की अध्यक्षता में पलवल की ओर रवाना

होडल। कैलाश मंगला



कृषि बिल कानून के विरोध में धरना प्रदर्शन दे रहे किसानों के समर्थन में बुधवार को होडल व आस-पास गांवों से सैकड़ों किसान ट्रैक्टरों में भरकर पलवल की ओर रवाना हो गए। किसानों का यह जत्था 52 पाल के जेलदार अरुण कुमार की अध्यक्षता में पलवल की ओर रवाना किया। किसान यहां से टैक्टरों में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए और किसान एकता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे।

कृषि कानून बिल के विरोध में जिले में प्रदर्शन कर रहे किसानों के समर्थन में बुधवार सुबह 52 पाल के जेलदार अरुण कुमार के नेतृत्व में लगभग तीन दर्जन टैक्टरों में सवार होकर आसपास के गांवों में सैकड़ों किसान पलवल के लिए रवाना हो गए। किसानों का यह जत्था आसपास के गांवों से ट्रैक्टरों में भरकर नेशनल हाइवे बावरी मोड पर एकत्रित हुआ।

उसके बाद किसानों को जत्था एकजूट होकर व किसान एकता के नारे लगाते हुए पलवल के लिए रवाना हो गया। इस मौके पर जेलदार अरुण कुमार ने कहा कि इतनी भयंकर ठंड में भी किसान अपने मांगों को लेकर सड़कों पर पडा है। सरकार कुभकर्णी नींद में सोइ हुई है। सरकार अन्नदाताओं की मांग पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। किसान अपने परिवार सहित सडकों पर मौत के साए में दिन-रात बिता रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार किसानों की मांग को पूरी तरह से स्वीकार नहीं करेंगी और तीनों बिलों को वापस नहीं लेगी तब तक किसान यों ही सरकार के खिलाफ धरने पर अड़ा रहेगा। इस जत्थे में आसपास गांवों के सैकड़ों किसान मौजूद थे।

## उपमंडल मुख्यालय पर एसडीएम करेंगे ध्वजारोहण

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि जिला मुख्यालय का समारोह शहर के यासीन मेव डिग्री कालेज में आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में नूंह जिला मुख्यालय पर आयोजित किया जाएगा। जिलास्तरीय समारोह में कोविड-19 के तहत केंद्र व राज्य सरकार की निर्धारित गाईडलाइन की अनुपालना प्रभावी ढंग से की जाएगी। वहीं तावडू, पुन्हाना, व फिरोजपुर-झिरका उपमंडल मुख्यालय पर उपमंडलस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामयी ढंग से मनाया जाएगा।

# बाल मजदूरी करते आठ और भीख मांगते तीन बच्चे पकड़े

## बाल मजदूरी कराने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिए आदेश

### राज्य अपराध शाखा और चाइल्ड हेल्पलाइन सर्विस ने चलाया हुआ है अभियान

दीपक कुमार। नूंह



बाल मजदूरी से मुक्त कराए बच्चे।

जिले में बाल मजदूरी को रोकने के लिए राज्य अपराध शाखा तथा चाइल्ड हेल्पलाइन सर्विस ने अभियान चलाया हुआ है। इस अभियान में 8 बच्चों को बाल मजदूरी करते हुए तथा 3 बच्चों को भीख मांगते हुए पकड़ा। टीम ने पकड़े बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कर बाल मजदूर नियोक्ताओं के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है।

राज्य अपराध शाखा गुड़गांव से हैड कांस्टेबल सचिन व संजय ने नूंह थाने की टीम के सहयोग से नूंह शहर में बिल्डिंग, मोटरसाइकिल मैकेनिक, वैल्डिंग शॉप व ढाबे की दुकान पर पाए गए बच्चों को रेस्क्यू किया। इसके अलावा चाइल्ड लाइन की टीम ने कस्बे से तीन बच्चों को भीख मांगते हुए रेस्क्यू किया गया। जिन्हें बाल कल्याण समिति नूंह के समक्ष पेश किया गया। समिति ने बच्चों से मजदूरी कराने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

समिति के चेयरमैन राजेश छोकर ने कहा कि बच्चों से मजदूरी कराना कानूनी अपराध है। इस अपराध के लिए संबंधित दुकानदार के साथ-साथ उसके माता-पिता भी बराबर के दोषी हैं। वे बच्चों से मजदूरी करा कर न केवल कानून का उल्लंघन कर रहे हैं, बल्कि उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। 14 वर्ष तक के बच्चों को अनिवार्य रूप से शिक्षा का अधिकार है। लेकिन बच्चों को उनके अधिकार को दिलाने की बजाय उनके हाथों में उपकरण थमा दिए जाते हैं, लेकिन यह अब जरा भी बर्दाश्त नहीं होगा। समिति के सदस्य विनोद कुमार ने बच्चों के मातापिता को आगाह किया कि यदि बच्चों से मजदूरी कराई तो उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करना पडेगा। चेतनालय चाइल्ड लाइन की जिला कॉर्डिनेटर ऐनी, सदस्य सागर व नरेश ने भी बच्चों के मातापिता को समझाया कि उनसे भीख मंगवाना कानूनी अपराध है।

# दूसरे दिन भी सुनहेड़ा बॉर्डर पर डटे रहे किसान



किसान दूसरे दिन भी सुनहेड़ा बॉर्डर पर विरोध प्रदर्शन करते हुए

रिजवान कासिम। मेवात

**तीन** कृषि कानूनों के विरोध में राजस्थान-हरियाणा सीमा पर स्थित सुनहेड़ा बॉर्डर पर मंगलवार को शुरू हुआ। धरना-प्रदर्शन बुधवार को भी जारी रहा। बुधवार को धरना स्थल पर किसानों ने टेंट खड़ा कर दिया तो खाने-पीने का इंतजाम भी किसानों की तरफ से कर दिया गया।

सबसे खास बात यह रही कि धरना स्थल पर ही किसान नेताओं ने तीन कृषि कानूनों की प्रतियां जलाकर लोहड़ी के अवसर पर अपना विरोध दर्ज कराया। बुधवार को हजरत मौलाना अरशद मदरसा मील खेड़ा राजस्थान की अध्यक्षता में चल रहे विरोध प्रदर्शन में मुफ्ती सलीम साकरस , रशीद अहमद एडवोकेट , सिद्दीक अहमद मेव इतिहासकार , रमजान चौधरी एडवोकेट, बलकार सिंह किसान नेता, गुरुदेव सिंह किसान नेता, समय सिंह एडवोकेट, आजाद मोहम्मद किसान नेता, अकबर खान जोधपुर जैसे मुख्य किसान नेताओं के साथ सैकड़ों किसान धरना स्थल पर जुटे और दिनभर भाषण बाजी का दौर चलता रहा। कुल मिलाकर दिल्ली की सीमाओं से सटे इलाके गाजीपुर, टीकरी, शाहजहापुर इत्यादि जगहों पर चल रहे धरना-प्रदर्शन की तरह सुनहेड़ा बॉर्डर पर भी किसानों का एक पड़ाव शुरू हो चुका है।

## आग से जलकर खाक हुई दुकान, गरीब का रोजगार चौपट

**नूंह।** पुन्हाना उपमंडल के गांव सिहरी में एक गरीब परिवार की दुकान आग से जलकर खाक हो गई। पीड़ित ने आग लगाने का आरोप सिहरी गांव के बलजीत और मकसूद निवासी लुहिंगाकला पर लगाया है। जिसको लेकर पीडित ने पुन्हाना थाने सहित एसडीएम को भी एक लिखित शिकायत दी है।

पीड़ित इंदर पुत्र प्रताप निवासी सिहरी ने दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के गुजारे के लिए गांव में ही एक छोटी सी दुकान चलाते हैं। लेकिन दुकान जलने से उसके परिवार का आए का साधन भी खत्म हो गया है। आरोप है कि बीती दो जनवरी को दुकान में उसका लड़का मोनू सोया हुआ था। अचानक उसी रात उक्त आरोपियों ने उसकी दुकान में आग लगा दी। जिसके कारण दुकान में रखा सभी सामान जलकर राख हो गया, लेकिन समय रहते पीड़ित का लड़का दुकान से बाहर निकल गया, जिसे कोई जन हानि नहीं हुई। पीडित का आरोप है कि वह मामले को लेकर लगातार पुलिस के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अभी तक उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई है।

# ...कब होगा चुनावी तारीख का ऐलान, बेसब्री से इंतजार

### तारीख के इंतजार को लेकर बेचैन हैं जनता और प्रत्याशी

पायनियर समाचार सेवा। नूंह।

प्रदेश के मेवात इलाके में सरपंच, ब्लॉक समिति और जिला परिषद चुनाव के लिए मन बना रहे प्रत्याशियों को चुनावी तारीख का बड़ी बेसब्री से इंतजार है। इस इंतजार के चलते सभी प्रत्याशी अस मंजस में हैं कि उनके वार्ड या गांव की शीट इस बार किसके लिए आरक्षित होगी। हालांकि धीरे-धीरे प्रत्याशियों ने लोगों के बीच आना जाना और उन्हें विकास के बड़े बड़े सपने दिखाने अभी से ही शुरु कर दिए हैं, लेकिन मतदाता भी क्या खूब हैं, जो मजे सभी से ले रहे हैं। मन की इच्छा किसी के सामने जाहिर नहीं कर पा रहे हैं। प्रत्याशियों को चुनावी ऐलान का ऐसे इंतजार है जैसे धरने पर बैठे किसानों को उस दिन का जिस दिन सरकार उनकी बातों को मान लें। बता दें कि मेवात इलाके में पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार जिला परिषद और ब्लॉक समीति चुनाव के लिए अधिकतर युवा सामने आ रहे हैं। जो वोटरों को तरह तरह के नए अंदाज के सपने दिखा रहे हैं। हालांकि लोगों में ये भी चर्चा है कि सफेद पौसाक वाले ठोंडाओं से तो युवा लडके कहीं बेहतर हैं।

**सोशल मीडिया पर हवाई फायर:** चुनावी तारीख को लेकर आए दिन फेसबुक पर चर्चाओं का बाजार गर्म रहता है। लोग मनघडंत तरीके से पोस्ट साझा कर रहे हैं, कोई लिखता है कि चुनाव फरवरी में होंगे, कोई लिखता है कि मार्च में होंगे। लेकिन सरकार ने अभी चुनावी तारीख का कोई ऐसा ऐलान नहीं किया चुनाव किस महीने में होंगे। लोग अटकलें लगा रहे हैं।

**चाय के ठिकानों पर चर्चा:** मेवात के हर बाजार, कस्बा, शहर या गांव में चाय के खोखे या दुकानों पर लोग अपना अधिकतर समय चुनावी चर्चा में बिता रहे हैं। सुबह घर से निकलते हैं और फिर अपना अधिकतर समय चाय के ठिकानों पर बिताते हैं जो दिनभर चुनावी चर्चा में व्यस्त रहते हैं।

# घने कोहरे ने थामी वाहनों की रफ्तार लोगों ले रहे अलाव का सहारा



शहर में घने कोहरे का दृश्य व दूसरी ओर अलाव पर हाथ सेकते लोग।

पायनियर समाचार सेवा। होडल

**घने** कोहरे ने बुधवार सुबह से ही क्षेत्र को अपनी चादर में समेट लिया। कोहरा घना के कारण लोगों को कुछ दूरी का भी नजर नहीं आ रहा है। घने कोहरे ने जहां हाइवे पर दौड़ने वाले वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गई वहीं बढ़ती ठंड को देख लोग अलाव का सहारा लेकर ठंड से बचाव का प्रयास करते देखे गए।

वाहन चालक अपने गंतव्य स्थानों तक पहुंचने के लिए एक-दूसरे के वाहनों के पीछे लाइटों व इंडिकेटरों के सहारे धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे थे। कोहरा घना होने के कारण वाहन चालक मिनटों की दूरी को घंटे में तय करके अपने गंतव्य स्थानों तक पहुंच रहे थे। कोहरे की चादर धीरे-धीरे दोपहर बारह बजे के बाद हटी और लोगों से सूर्य के दर्शन दिए।

कोहरा घना होने के कारण क्षेत्र के लोगों व वाहन चालकों को ठोडी दूरी का भी नजर नहीं आ रहा था। कोहरे के साथ-साथ मौसम में ठिठुरन बढ़ गई। लोग इस सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह अलाव जलाकर हाथ सेक रहे थे। वे इस ठंड से बचने का प्रयास कर रहे थे। इसके अलावा घने कोहरे ने हाइवे पर दौड़ने वाले वाहनों की गति पर भी रोक लगा दी। वाहन दौड़ने के बजाए रैंगते नजर आ रहे थे। वाहन चालक अपने वाहनों को एक-दूसरे के वाहनों के पीछे लाइटों व इंडिकेटरों के सहारे धीरे-धीरे आगे बढ़ाकर अपने गंतव्य स्थानों तक पहुंच रहे थे। घने कोहरे ने क्षेत्र वासियों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। वाहन चालक आगरा निवासी राकेश कुमार ने बताया कि वह फरीदाबाद किसी कार्य के लिए सुबह पांच बजे निकले थे। अब साढ़े दस बज गए और अभी तक वह होडल ही पहुंचे हैं। वहीं छाता यूपी निवासी ट्रक चालक मनोज ने बताया कि छाता से होडल तक पहुंचने में लगभग पौन घंटा लगता है। आज घना कोहरा होने के कारण वह लगभग ढाई घंटे में होडल पहुंचे हैं। दोपहर बाहर बजे के बाद जब कोहरे की चादर हटी और सूर्य निकला तब जाकर क्षेत्र के लोगों ने चैन की सांस ली।


## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103





**नहीं सीमा रही कोई भी अब इंसाँ के लालच की**
**भले हो आख़िरी मंज़िल ज़मीं पर सिर्फ़ दो-गज़ की**
**गुज़रते जा रहे हैं दिन मगर लगता है कुछ ऐसे**
**गुज़रते दिन के संग-संग अब गुज़रती साँस है सच की**

# गुड़गांव के किसान आंदोलन में पहुंचे अहमद

## विधायक नूह और पूर्व मंत्री आफताब अहमद ने दिया समर्थन

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



**गुड़गांव** में चल रहे किसान आंदोलन को बुधवार को सीएलपी उप नेता का समर्थन मिला। कांग्रेस विधायक दल के नेता पूर्व मंत्री आफताब अहमद विधायक नूह किसानों द्वारा गुड़गांव के राजीव चौक पर संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आयोजित आन्दोलन स्थल पहुंचे और किसानों की मांगों को अपना समर्थन दिया। उनके साथ पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद भी मौजूद थे।

सीएलपी उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने कहा कि बीजेपी सरकार असंवेदनशीलता की सारी सीमाएं लांघ चुकी है, किसान एक डिग्री व ज़ीरो डिग्री तापमान में खुले आसमान के नीचे मजबूर बैठा है लेकिन बीजेपी सरकार अहंकार में चूर है और किसानों की बलि चढ़ाकर उद्योगपति दोस्तों को मजबूत करना चाहती है लेकिन कांग्रेस किसानों के संघर्ष में साथ खड़ी है, लड़ाई तब तक चलेगी जब तक बीजेपी सरकार इन काले कानूनों को वापस नहीं लेगी। सीएलपी उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने कहा कि किसान आज ना केवल दिल्ली में बल्कि देश भर में नए कृषि कानून के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं, सरकार उनकी मांगे मानने के बजाय किसानों को इतना प्रताड़ित कर रही है। पचास दिनों में 60 किसानों की शहादत हो चुकी है लेकिन बीजेपी सरकार बैपरवाह नजर आती है। उन्होंने प्रदेश की बीजेपी जजपा सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने भी खूब किसानों पर अत्याचार किए हैं, ठंड में कभी लाठी, कभी आंसू गैस गोले,कभी ठंडे पानी की बौछार किसान पर चलाए गए यहां तक कि सड़कों से खुदवा दिया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में किसानों के कर्ज माफ होते थे आज बीजेपी राज में उनकी जमीनों पर भी खतरा मंडरा रहा है। आफताब अहमद ने कहा कि जब किसान इन तीनों कानूनों का पुरजोर विरोध कर रहे हैं तो बीजेपी क्यों जबरदस्ती कानून बना रही है। ये कानून किसानों के भले के लिए नहीं बल्कि बड़े उद्योगपति लोगों की कमाई के लिए बनाए गए हैं। किसी भी हाल में किसानों को बर्बाद नहीं करने दिया जाएगा, केंद्र सरकार को तीनों कानून वापस लेने होंगे। बीजेपी को अपनी ग़लती मानकर काले कानून वापस लेने होंगे इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है, किसान अन्नदाता के संघर्ष की जीत होगी। आफताब अहमद ने बताया कि किसानों के मामले को लेकर नेता विपक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने राज्यपाल को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि जल्द विशेष सत्र बुलाया जाए और किसानों के मामले पर बात हो, उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अल्पमत में आ गई है इसलिए अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा। इस दौरान सीएलपी उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनके नेता उनकी पार्टी और वो किसानों के साथ खड़े हैं और किसानों को बर्बाद नहीं होने देंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## विद्यार्थियों ने मनाया लोहड़ी और मकर संक्रांति



**पलवल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंडकोला में हरियाणवी सभ्यता और संस्कृति के परिचायक त्योहार लोहड़ी और मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनंगपाल डागर व नरेंद्र डागर की विशेष भूमिका रही। प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में छात्राओं ने रोली टीका लगाकर अतिथियों का स्वागत किया। मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रधानाचार्य जितेंद्र यादव ने लोहड़ी और मकर सक्रांति पर्व की महता और विशेषता के बारे में विस्तार से समझाया। स्वागत गीत के पश्चात हरियाणा और पंजाब की मिश्रित संस्कृति के परिचायक नृत्य की प्रस्तुति छात्राओं ने दी। कुछ छात्र-छात्राओं ने एकल नृत्य करके पंजाब हरियाणा के प्रमुख त्योहार लोहड़ी और मकर संक्रांति की सुंदर झलकियां प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य ने अतिथिगण व स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर विद्यालय की हेड गर्ल, हेड बॉय और क्लास कैप्टंस का चुनाव किया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को आई कार्ड भी पहनाए गए। सभी ने लोहडी के चारों ओर परिक्रमा लगाकर प्रार्थना में भाग लिया। इसके पश्चात सभी को मूंगफली व रेवड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के संचालन में विजयवीर, सुबेसिंह, वेदप्रकाश, सीमा रानी, राजबाला, रेखा चौधरी, कपिल, कविता रानी, मनोज, मैनसिंह, उषा रानी,गोपीराम व मनोज की विशेष भूमिका रही।

## सड़क सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की दिलाई शपथ

**होडल।** सेंट जॉन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लोहड़ी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें सभी समुदाय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य नीलम ने बच्चों को मूंगफली व रेवड़ी बांट कर त्योहार की मुबारकबाद दी। बताया कि लोहड़ी उत्सव 13 जनवरी को मनाया जाता है जो पौष मास में हिंदू कैलेंडर के अनुसार आता है। लोहड़ी पंजाब में रहने वाले लोगों का प्रसिद्ध त्योहार है। यह पूरे भारत विशेषकर पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश ,उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर में विशेष रूप से मनाया जाता है। इस अवसर पर चेयरमैन नरेश कुमार ने स्कूल छात्रों को सड़क सुरक्षा व पर्यावरण संरक्षण की भी शपथ दिलाई। इसे अलावा स्वच्छता अभियान के प्रति भी लोगों में जागरूकता फैलाने के प्रति भी जागरूक किया। इस मौके पर निशा शर्मा विमला यादव, रितु यादव, मुकेश कुमार, घनश्याम, संजना शर्मा, पूजा भारद्वाज आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

## कार्यशाला में विद्यार्थियों का मागदर्शन किया

**पलवल।** जीजीडीएसडी कॉलेज में केमिस्ट्री एसोसिएशन के तत्वावधान में विशेष कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला की शुरुआत प्राचार्य डा. जीके सपरा तथा विभागाध्यक्ष डॉ अंजू ने कीड्ढ कार्यशाला में फेक न्यूज़ से बढ़ते खतरे के बारे में जानकारी देते हुए फैक्ट चेकिंग के प्रयोग से समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। इस वर्कशॉप की मुख्य वक्ता रचना कसाना फैक्टशाला ट्रेनर एवं विभागाध्यक्ष जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग डीएवी शताब्दी कॉलेज फरीदाबाद ने पीपीटी की सहायता से पूरे विषय को बड़े ही रचनात्मक तरीके से समझाया। सभी विद्यार्थियों से वादा लिया कि वह फेक न्यूज के खिलाफ अपने ज्ञान का उपयोग करेंगे। एक सशक्त समाज का हिस्सा बनेंगे। इस एक दिवसीय कार्यशाला में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। इसमें ट्रेनर रचना ने विद्यार्थियों के कई सवालों के जवाब दिए। कार्यशाला के अंत में डॉ रुचि शर्मा ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया। इस आयोजन में विज्ञान संकाय के लगभग 50 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में रसायन विभाग के डॉ रमन सैनी एवं डॉ विनीता सपरा भी उपस्थित रहे।

## तावडू के गांव चाहल्का में आग से दो पशुओं की मौत



**तावडू।** तावडू उपमंडल के अंतर्गत गांव चाहल्का में बुधवार की सुबह एक मकान में अज्ञात कारणों से लगी आग में एक बकरी व गोवंश की झुलस कर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो गोवंश गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा मकान में जरूरी सामान भी जलकर राख हो गया है। ग्रामीणों ने पीड़ित के लिए आर्थिक सहायता की मांग की है। ग्राम पंचायत चाहल्का की सरपंच आबिदा, नंबरदार सलमुद्दीन ,इकबाल अहमद, आबिद हुसैन ,खालिद हुसैन चाहल्का आदि ने बताया कि बुधवार सुबह 4ः00 बजे के करीब गांव के ही तारीफ़ पुत्र सत्तार के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। उन्होंने बताया कि पीड़ित तारीफ के मकान के साथ पशुओं का बाड़ा था। जिसमें बकरियां और गोवंश थे आग ने उसे भी अपनी चपेट में ले लिया।

## आक्सीटोसीन इंजेक्शन बेचने वाले दुकानदारों पर होगी कार्रवाई

**नूंह।** जिले में अगर कोई दुकानदार आक्सीटोसीन का इंजेक्शन बेचता हुआ पाया गया या कोई पशुपालक अपने दुधारू पशुओं को यह इंजैक्शन लगाता हुआ पाया गया तो उसके विरूद्ध नियमों के अनुसार कड़ी कानूनी कार्यावाही की जाएगी। जानकारी देते हुए उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि आक्सीटोसीन का इंजैक्शन बेचना या दुधारू पशुओं को यह इंजैक्शन लगाना सरकार द्वारा प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मौसम में दुधारू पशु प्रायः कम मात्रा में दूध देते है और पशुपालक दूध उतारने के लिए इस प्रतिबंधित आक्सीटोसीन इंजैक्शन का प्रयोग करते है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आक्सीटोसीन इंजैक्शन के प्रयोग से पशुओं के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। आक्सीटोसीन इंजैक्शन लगे दुधारू पशु के दूध को प्रयोग करने से मानव स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है।


**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख नूंह (मेवात)
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मन्नी मार्केट पिनगवां, मेवात।

**पायनियर क्लासीफाइड**

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Amarjeet Singh S/o Sh. Padamjit Singh R/o C-212, Pul Pehladpur, New Delhi-110044 declare that Amarjit Singh & Amarjeet Singh both name one & Same person. In future know me Amarjeet Singh for all purpose.

**बेदखली सूचना**

मैं, सुन्दर लाल पुत्र श्री बुद्धी सिंह निवासी मकान न. 124, गली न.-2, न्यू बस्ती कालोनी, मुजेसर, सैक्अर-24, फरीदाबाद बयान करता हू कि मेरा सगा पुत्र रवि चौधरी अविवाहित है जोकि मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है अकसर छोटी-छोटी बातों पर लड़ाई झगड़ा व गाली गलौच करता है जिसके चलते मैं अपने सगे पुत्र रवि चौधरी को अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर व अपने सारे सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। आज के बाद जो कोई भी रवि चौधरी से किसी प्रकार का लेनदेन व व्यवहार करेगा उसका जिम्मेवार वह स्वयं होगा। मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## किसानों की जिम्मेदारी

### स्वीकारें मध्यस्थता

**सर्वोच्च** न्यायालय ने कृषि विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने के लिए आंदोलनकारियों से नाम मांगे थे। ऐसे में किसानों को मध्यस्थता स्वीकार करते हुए अदालत को मौका देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने नए कृषि कानूनों पर किसानों के साथ वार्ता ठीक से न चलाने के कारण उसकी खिंचाई की और मध्यस्थता के लिए समिति गठित की, लेकिन अभी अनेक सवालों के जवाब नहीं मिले हैं। ये प्रयास किसानों को स्वीकार नहीं है क्योंकि वे इसे न्यायिक रास्ते से भटकाने का एक और तरीका मानते हैं। अदालत ने किसानों को आश्वस्त किया है कि 'किसी की जमीन नहीं बेची जाएगी' और इस प्रकार उसने गेंद उनके पाले में डाल दी है। उसने 'राजनीति और न्यायपालिका के बीच' अंतर स्पष्ट कर किसानों से अपनी पसंद निर्धारित करने को कहा है। लेकिन किसान लंबी लड़ाई के संकेत दे रहे हैं, जबकि उनको अदालत की मध्यस्थता स्वीकार करनी चाहिए थी। अदालत ने उनके समक्ष एक गंभीर मंच रखा था जिसमें वे अपने सरोकार सामने रख सकते थे। यह कृषि के कथित निगमीकरण के खिलाफअपनी भयानक आशंकाओं के खिलाफअपने विचार रखने का एक और अवसर था। हालांकि, किसानों की आशंकाओं को निराधार नहीं कहा जा सकता है क्योंकि वे अमेरिका में खेती के निगमीकरण से परिचित हैं जहां फैक्ट्री फार्मिंग ने 'फार्म टु फोर्क' की अबाधित श्रृंखला वाली खेती को जन्म दिया है। इससे ग्रामीण कृषि समुदायों, उनकी आर्गेनिक विधियों तथा उनके विशिष्ट उत्पादों पर संकट पैदा हो सकता है। इसकी शुरुआत 1970 के दशक में हुई जब औद्योगिक प्रक्रियाओं के माध्यम से दुनिया के खाद्य बाजार पर कब्जे का सपना देखा गया। लेकिन थोड़े ही समय में अति-उत्पादन के कारण सही दाम मिलने



बंद हो गए और किसान कर्ज में डूब गए। ऐसे में उनके पास अपनी खेती बेचने के सिवा और कोई रास्ता नहीं था। लेकिन भारतीय कानूनों के विवादास्पद प्राविधान कुछ धाराओं तक सीमित हैं और राजनीतिक इच्छाशक्ति से उनका समाधान किया जा सकता है। सरकार का कहना है कि नए कानून 'एक देश एक बाजार' बनाने में सहायता कर व्यापार की बाधाएं दूर करेंगे, पर किसानों को खुले व प्रतियोगी बाजार से डर लगता है जिसमें उनको न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी न मिलने की आशंका है। उनको यह भी लगता है कि अनुबंध करने से कार्पोरेट को चाहे-अनचाहे अधिक शक्तियां मिल जाएंगी। हालांकि, पुरानी व्यवस्था बनी रहेगी, पर वह समानान्तर व्यवस्था से कमजोर पड़ सकती है तथा एकाधिकारी कंपनियों के सामने अंततः ध्वस्त हो सकती है। कृषि उत्पाद व्यापार एवं वाणिज्य कानून, 2020 में घोषित कृषि उत्पाद बाजार समिति-एपीएमसी मंडियों के बाहर खरीद और बिक्री की अनुमति दी गई है और इससे कार्टेलीकरण पर विराम लगाने का प्रयास किया गया है। इसमें राज्य सरकारों को एपीएमसी बाजारों के बाहर बाजार फीस, सेस या लेवी लेने पर रोक लगाई गई है। लेकिन किसानों ने वर्तमान कमीशन एजेंटों पर विश्वास प्रकट किया है क्योंकि उनके लाइसेंस विश्वसनीयता के प्रमाण हैं। कई दौर की बातचीत के बाद सरकार खरीदारों को परिभाषित करने तथा उनको प्रमाणपत्र देने पर तैयार हुई थी। जहां तक ठेका खेती का सवाल है, इसका विकास कुछ खास फसलों के संदर्भ में हुआ है जिनका प्रसंस्करण आसानी से किया जा सकता है या जो बड़ी खाद्य कंपनियों के उपयुक्त हैं। जहां तक एपीएमसी मंडियों के बाहर कृषि उत्पादों की खरीद व बिक्री का सवाल है, कृषि उत्पादों के लिए 'व्यापार' शब्द को इस शर्त के साथ जोड़ा जा सकता है कि किसान पहले अपने उत्पाद अपनी शर्तों पर मंडियों में बेचेंगे और व्यापारी उनको वहां से खरीद सकते हैं। आवश्यक वस्तु संशोधन कानून, 2020 का उद्देश्य अनाजों, दालों, तिलहनों, खाद्य तेलों, प्याज व आलू को नियंत्रित सूची से बाहर कर केवल आपातस्थितियों में हस्तक्षेप का प्राविधान किया गया है। भंडारण की यह सीमा केवल व्यापारियों पर लागू होती है तथा किसान इससे प्रभावित नहीं होंगे। इससे वे लाभान्वित हो सकते हैं।

# व्यापार व आपूर्ति में नई तकनीक

**व्यापार व सप्लाई श्रृंखला में ब्लाकचेन टेक्नोलोजी ने प्रासंगिकता सिद्ध की है। हालांकि, यह सभी बिजनेसों के लिए समाधान नहीं है, पर यह अन्य उद्योगों में परिवर्तन ला सकती है।**



**हिमा बिंदू कोटा**
(लेखिका एमिटी विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं)




ब्लाकचेन एक नवीनतम तकनीक है जिसका प्रयोग बिजनेस की दुनिया में होता है। हालांकि, यह तकनीक 1990 के आसपास आई थी, पर इसे पिछले दशक में क्रिप्टोकरेंसी आने के बाद लोकप्रियता मिली। इसकी ओर बहुत से लोगों का ध्यान आकर्षित हो रहा है, पर बिजनेसों पर इसे लागू करने के लिए समग्र समझदारी जरूरी है क्योंकि इसके बिना इसे पूरी तरह लागू नहीं किया जा सकता है। दुनिया अभी इसे स्वीकार करने, परीक्षण तथा क्रियान्वयन के शुरुआती चरण में है और ब्लाकचेन तकनीक का मुख्यधारा में आना बाकी है। यह एक प्रकार का डेटाबेस है जहां डेटा ब्लाकों में संग्रहीत होता है जो परस्पर एक दूसरे से जुड़े होते हैं। इस प्रकार किसी ब्लाक में आने वाला नया डेटा वर्तमान डेटा से जुड़ जाता है। यह वर्तमान डेटाबेसों से अलग है जहां डेटा को टेबलों के रूप में संग्रहीत किया जाता है और उसका प्रयोग व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह कर सकते हैं। इस प्रकार के डेटा तक पहुंच आसान होती है क्योंकि उसका स्वामित्व व प्रबंधन बिजनेसों के पास होता है। वे आंकड़ों पर नियंत्रण रखते हैं तथा फर्म की जरूरतों के अनुसार उसमें परिवर्तन कर सकते हैं। ब्लाकचेन इसमें महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है।

इस विशिष्ट तकनीक के चार आयाम हैं। यह सभी प्रासंगिक प्रयोगकर्ताओं के प्रति सचेतन होती है तथा सबके द्वारा लेनदेन वैध ठहराने पर ही लागू होती है। कोई लेनदेन अनुमति के बाद स्वतः सभी प्रयोगकर्ताओं के लेजरों में दर्ज हो जाता है। रिकार्ड स्थाई होता है अर्थात बलाक जोड़ने के बाद उसे हटाया नहीं जा सकता है। इस तकनीक का चौथा और मुख्य आयाम इसकी सुरक्षा है क्योंकि इसे डेटा ब्लाक का हर प्रयोगकर्ता अधिकृत करता है। हालांकि, यह मुख्यतः बिटक्काइन जैसी क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी है, पर समुचित स्वीकार्यता के बाद यह बिजनेसों के कामकाज में व्यापक परिवर्तन कर सकती है। नई प्रक्रियाओं का प्रयोग बिजनेसों को प्रतियोगी बनाने तथा उनमें नए आयाम शामिल करने के लिए हो सकता है। इससे बिजनेस समाज कल्याण के काम में भी योगदान कर सकते हैं। इसका प्रयोग खाद्य उद्योग में 'फूड फ्राम फार्म टु फोर्क' के रूप में हो सकता है। 2006 में अमेरिका में खासकर पालक में इस्ट्रेचिया कोलई की महामारी आई। सरकार को बैक्टीरिया का स्रोत पता लगाने में केवल दो सप्ताह का समय लगा तथा टनों पालक प्रदूषित होने के भय से अस्वीकार की गई।

ब्लाकचेन तकनीक से सप्लाई श्रृंखला में सभी कंपनियों व उनकी परिस्थितियों के बीच विश्वसनीयता पैदा होती है जिससे प्रदूषण का पता चल जाता है। वालमार्ट, नेस्ले व यूनीलीवर जैसी बड़ी कंपनियां इस तकनीक का प्रयोग कर कच्चे माल की गुणवत्ता पर नियंत्रण करती हैं। इस संबंध में वालमार्ट ने एक प्रयोग किया। वह 2.2 सेकेंड में इसके प्रयोग से आमों के बाग का पता लगाने में सफल हुई। पहले परंपरागत विधियों से कटे आमों के मूल का पता लगाने में लगभग सात दिन का समय लगता। अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन-एफडीए ने हाल ही में इस तकनीक का प्रयोग फूड लेबेलिंग के लिए शुरू किया ताकि ग्राहकों को उत्पादों में 'अतिरिक्त चीनी' की जानकारी दी जा सके। इससे कंपनियों को उत्पाद तैयार करने व उनमें अवयवों का पता लगाना आसान हो गया क्योंकि सूचना ब्लाकों में दर्ज होती है तथा उसे छांटने में समय और पैसे की बचत होती है। वर्तमान युग में सूचना का विशेष महत्व है और निजता की सुरक्षा ब्लाकचेन तकनीक प्रयोग का एक और महत्वपूर्ण आयाम है। पहचान, पासवर्ड, पता, स्थाई एकाउंट नंबर-पैन, बैंक का विवरण आदि इंटरनेट से सभी जगह फैल जाता है जिससे डेटा चोरी का खतरा पैदा होता है। अमेरिकी फेडरल व्यापार आयोग-एफटीसी द्वारा 2019 में पता लगाए 3.2 मिलियन धोखाधड़ी मामलों में से लगभग 20 प्रतिशत का संबंध डेटा व आइडेंटिटी की चोरी से था। 2019 की नार्टन लाइफलाक साइबर सेफ्टी इनसाइट रिपोर्ट के अनुसार लगभग 40 प्रतिशत भारतीय उपभोक्ताओं ने साइबर अपराधों के कारण 2019 में आइडेंटिटी चोरी का सामना किया जिससे 1.2 ट्रिलियन का नुकसान हुआ।

ब्लाकचेन तकनीक का प्रयोग व्यक्तियों के डेटा की सुरक्षा में होता है तथा सूचना की निजता सुरक्षित रहती है। केन्द्रीय डेटाबेस के वर्तमान व्यवहार की तुलना में ब्लाकचेन लेजर एक डिजिटल अधिकार प्रबंधन व्यवस्था की तरह काम करती है जिस तक पहुंच के लिए उपयुक्त अनुमति जरूरी होती है। उदाहरण के लिए, यदि आयु संबंधी जानकारी चाहिए तो केवल उससे संबंधित आंकड़े ही जारी होंगे, जबकि पते आदि का अतिरिक्त डेटा अलग रहेगा। चूंकि डेटा किसी सेंट्रल डेटाबेस में नहीं रहता है, इसलिए इसकी चोरी का संकट बहुत घट जाता है। इस तकनीक से तीन स्तरीय सुरक्षा डेटा एक्सचेंज से डिजिटल सूचना का पता लगाना आसान नहीं होता है। इसमें डेटा मांगने वाला, डेटा देने वाला व नेटवर्क आपरेटर एक दूसरे को नहीं जानते हैं। यह उपभोक्ताओं का डेटा और उनकी निजता सुनिश्चित करने का एकमात्र रास्ता है। सप्लाई चेन का किसी बिजनेस पर भारी प्रभाव पड़ता है जहां कोई भी बाधा विनाशकारी हो सकती है। ब्लाकचेन तकनीक प्रतिभागियों को सप्लाई श्रृंखला की सभी गतिविधियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करती है। इससे एक मजबूत व्यवस्था बनती है जो बिजनेस स्थितियों को पहले से परिभाषित करती है ताकि ये शर्तें पूरी होने पर अनुबंध स्वतः हो सकें।

इस तकनीक से बिजनेस में कोई सप्लायर या वेंडर आसानी से जोड़ा जा सकता है, जबकि परंपरागत रूप से इसमें काफी समय लगता था। इस प्रक्रिया में नए वेंडर के विस्तृत विवरण विश्वसनीय तरीके से कम समय में दर्ज हो जाते हैं। बैंकिंग व वित्तीय बाजारों, बीमा, जोखिम प्रबंधन, स्वास्थ्यरक्षा उद्योग, शोध एवं क्लीनिकल परीक्षण, वाणिज्य, खुदरा प्रबंधन, मीडिया व स्वचालन उद्योग, आदि में इस तकनीक का प्रयोग हो सकता है। आज की दुनिया में सीमाओं के पार से व्यापार और बिजनेस सामान्य बात हो गई है। लेकिन इस में विश्वास का संकट पैदा हो सकता है। परंपरागत बिजनेस माडलों में यह बड़ी बाधा है जहां प्रक्रिया का संबंध आमतौर से अनेक पक्षों के बीच होता है। ब्लाकचेन तकनीक विभिन्न पक्षों के बीच विश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान कर सकती है।

इसका प्रयोग उबर, एयरबीएनबी व नेटफ्लिक्स जैसी कंपनियां करती हैं। हालांकि, इसके प्रयोग में कुछ चुनौतियां भी हैं। इसके बारे में जानकारी अभी पूरी नहीं है और इसके विकास में कुछ समय लगेगा। यह इंटरनेट तकनीक की तरह है जिसका जन्म केवल चार दशक पहले हुआ था। बिजनेसों को यह तकनीक स्वीकार करने की क्षमता भी विकसित करनी होगी तथा समुचित प्रशासनिक ढांचा सुनिश्चित करना होगा।

ब्लाकचेन तकनीक की संभावना सरकारी नीतियों, बिजनेस परिवेश, कानूनों, विनियमनों व नौकरशाही पर भी निर्भर है। जटिल प्रशासनिक संरचना विरोधाभास, बाधाओं व अधिक खर्च का कारण बनती है। सार्वजनिक क्षेत्र में ब्लाकचेन तकनीक की स्वीकृति में विलंब हो रहा है, जबकि निजी क्षेत्र की तुलना में वहां अनेक प्रतिभागी होने के कारण खतरा भी अधिक है। ब्लाकचेन तकनीक सभी उद्योगों में अपनी प्रासंगिकता सिद्ध कर रही है जिनमें फाइनेंस, सीमाओं के पार व्यापार व सप्लाई श्रृखलायें शामिल हैं। हालांकि, इसमें भले ही हर बिजनेस लक्ष्य का समाधान न हो, पर इसमें अन्य उद्योगों को बदलने की क्षमता है। अनेक बिजनेसमैन ब्लाकचेन तकनीक के प्रयोग से अपनी बिक्री बढ़ाने तथा प्रतियोगी लाभ पाने में सफल हुए हैं। इस तकनीक से निरंतरता, पारदर्शिता तथा विश्वास बनता है, नई परिस्थितियां तैयार होती हैं तथा बिजनेस माडलों के विकास से राजस्व प्राप्ति के नए साधन बनते हैं।

# चिकित्सीय ज्ञान को संरक्षित करना आवश्यक

> **"नमूनों एवं कार्य प्रणालियों पर जानकारियां संरक्षित करने के लिए क्लाउड स्टोरेज का समुचित उपयोग महत्वपूर्ण होता है जो भविष्य में जीवन सुरक्षा में मददगार हो सकता है।"**

**के एम चेरियन**
(लेखक पद्म श्री पुरस्कार विजेता एवं कार्डियोथोरैसिक सर्जन हैं)



हम रोमांचक दौर में जी रहे हैं जहां हम चिकित्सा क्षेत्र में प्रतिदिन नई चीजों की खोज कर रहे हैं। यह उन तकनीकी उन्नतियों कह बदौलत हुआ है जो हमने की हैं। उदाहरण के लिए, कोविड-19 वायरस को ही ले लीजिए। 2020 में इसकी उत्पत्ति के समय से ही, हम रोज इसके बारे में एक नए तथ्य की खोज करते रहे हैं। यह सब उन तकनीकी उच्चीकरणों की बदौलत हुआ है जो मनुष्य ने चिकित्या विज्ञान के क्षेत्र में किए हैं, खासकर शल्य क्रिया की शाखा में।

देश में भावी सर्जनों व स्वास्थ्यरक्षा पेशेवरों के लिए विविध कार्य प्रणालियों के इतिहास को समझना व उस पर आगे और विकसित करना महत्वपूर्ण है। लेकिन, चिकित्सा क्षेत्र में हुई सारी प्रगति को सही ढंग से दस्तावेजीकृत नहीं किया गया है। इसलिए, ताजा तकनीकी प्रक्रियाओं का उपयोग करने, संरक्षण करने एवं भावी चिकित्सा पेशेवरों की पीढ़ी को ज्ञान देने के लिए ईमानदारी से प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

इंटरनेट के माध्यम से ज्ञान के आदान-प्रदान के इस युग में, नमूनों एवं कार्य प्रणालियों पर जानकारियां संरक्षित करने के लिए क्लाउड स्टोरेज का समुचित उपयोग महत्वपूर्ण होता है जो भविष्य में बहुत से जीवन बचाने में मददगार हो सकता है। यद्यपि नालंदा दुनिया के पहले विश्वविद्यालयों में से एक था, उस समय विविध अध्ययनों के माध्यम से अर्जित ज्ञान को आगे बढ़ाते रहने के लिए संरक्षित नहीं किया जा सका। यह मानव प्रजाति के लिए बड़ा नुकसान था।

इसलिए, चिकित्सा विज्ञान में निरंतरता और विकास को सुनिश्चित करने के लिए, पहला काम जो किया जाना आवश्यक है वह है केस फाइलों एवं कार्य प्रणालियों का डिजिटलीकरण। यद्यपि बहुत से अस्पतालों एवं स्वास्थ्यरक्षा संगठनों ने अपने मरीजों की फाइलों को डिजिटलीकृत किया हे तथा उन्हें सरवर समर्थित चिकित्सा दस्तावेज प्रणालियों में संग्रहीत किया है, छोटे संगठनों को भी यही करना महत्वपूर्ण है।

शल्य क्रिया संचालन को बॉडी कैमरों अथवा सीसीटीवी कैमरों में कैद किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, इन फाइलों को उचित तरीके से एक सुरक्षित क्लाउड सर्वर में संग्रहीत किया जाना अनिवार्य है क्योंकि हार्ड डिस्क और ड्राइवरों के दोषग्रसित हो जाने, चुरा लिए जाने व उनमें छेड़छाड़ किए जाने की संभावना रहती है। इस तथ्य के चलते कि उनमें मरीजों गोपनीय आंकड़े सग्रहीत होते हैं मगर गलत हाथों में पड़ जाने पर उनके दुरुपयोग की संभावना होती है, इन फाइलों को सुरक्षित रखना व सुरक्षा बनाए रखना बेहद अहम होता है।

दूसरे, हमारे लिए उन आंकड़ों से अंतरदृष्टि प्राप्त करने की प्रबल आवश्यकता होती है जिनका इस्तेमाल हम उपचार, सर्जरी एवं शोध व विकास के लिए करते हैं। आंकड़े प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं लेकिन हमें बिग डाटा एवं एनेलिटिक्स जैसे उचित उपकरणों की आवश्यकता होती है जिससे कि दी गई जानकारियों से अंतरदृष्टि प्राप्त कर प्रभाव पैदा किया जा सके। ऐनालिटिक्स का इस्तेमाल कुछ चिकित्सीय स्थितियों में पैटर्न का पूर्वानुमान लगाने व उपचार करने में किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, यदि हम किसी विशेष आयु वर्ग के लोगों की पिछले कुछ दशकों में अभी तक की गई बाइपास सर्जरियों के सभी मामले लेते हैं व एक साझा पैटर्न प्राप्त करते हैं, तो भविष्य के लिए यह बहुत उपयोगी हो सकता है।

इसी प्रकार, त्रिआयामी प्रिंटिंग एवं त्रिआयामी मॉडलिंग डाक्टरों, नर्सों एवं अन्य स्वास्थ्यरक्षा पेशेवरों को को प्रशिक्षित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण नई पहल है। त्रिआयामी प्रिंटिंग, अथवा एडिटिव विनिर्माण एक प्रक्रिया है जिसमें त्रिआयामी वस्तु का सृजन सामग्री की उत्तरोत्तर सतहों को निर्धारित करके किया जा सकता है, जिसमें से सभी प्रस्तावित वस्तु के पतले काटे गए सेक्शन होते हैं। फिर उस वस्तु को कम्प्यूटर समर्थित प्रारूपण साफ्टवेयर का इस्तेमाल कर प्रारूपित किया जाता है तथा त्रिआयामी प्रिंटिंग की आवश्यकताओं के उपयुक्त बनाया जाता है। चूंकि चिकित्सा छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए वास्तविक मॉडल, खासकर कोविड-19 के दौर में होना संभव नहीं होता है, जहां प्रत्येक अंग की दुर्बोधताओं का अन्वेषण किया जाता है, चलनशील हिस्सों के साथ त्रिआयामी मॉडलों का होना शल्य क्रिया प्रशिक्षण के लिए बहुत उपयोगी होता है।

सर्जनों व स्वास्थ्यरक्षा पेशेवरों के भावी प्रशिक्षण हेतु अगला महत्वपूर्ण कदम है ज्ञान को पहुंच के योग्य बनाना। इसका अर्थ है जानकारियों को माध्यमों एवं मंचों पर सभी के लिए उपलब्ध कराना। हमें धन संबंधी रुकावटें डालकर ज्ञान के प्रवाह को रोकना नहीं चाहिए। इसके बजाए, हमारा उद्देश्य दवा तथा सर्जरी के प्रत्येक क्षेत्र में आभासी ज्ञान केंद्र सृजित करने का होना चाहिए। दुनिया के जाने-माने विशेषज्ञ इस समूह का हिस्सा हो सकते हैं और आकांक्षी पेशेवरों की मार्गदर्शन के द्वारा समय-समय पर मदद कर सकते हैं।

नालंदा विश्वविद्यालय दुनिया के पहले विश्वविद्यालयों में से एक था, जिसकी स्थापना 5वीं सदी ईसा पूर्व हुई थी, और कहा जाता है कि भगवान बुद्ध अपने जीवनकाल के दौरान स्वयं वहां गए थे। अपने चरम पर, 7 वीं सदी में, नालंदा विश्वविद्यालय में 10,000 छात्र और 20,000 शिक्षक थे जब चीनी विद्वान ह्वेनसांग वहां पहुंचा था। लेकिन उस ज्ञान को संरक्षित करने की तकनीक के अभाव में सारा ज्ञान नष्ट हो गया।

प्राचीन काल की बुद्धिमत्ता को वर्तमान उन्नत एवं उच्चीकृत आधुनिक विज्ञान से जोड़ना महत्वपूर्ण है। इन प्रयासों का परिणाम भावी पीढ़ियों को शिक्षित करने में आंकड़ों के हस्तांतरण एवं पुनरोवलोकन के तौर पर सामने आएगा, अतः ज्ञान का नष्ट होना संभाव नहीं होगा। सौभाग्य से, हम अब ज्ञान को संरक्षित करने की स्थिति में पहुंच गए हैं।

## आप की बात

### जरूरी है डब्लूएचओ की पहल

**ब्रिटेन** से आए नए स्ट्रेन के विश्व के कई अन्य देशों में फैलने के साथ ही अमेरिका की महामारी से हो रही दुर्गति चिंताजनक है।टीकाकरण की शुरुआत के बावजूद 1 दिन में 4000 से अधिक लोगों की मौत बताती है कि संक्रमण की गति कैसी है? लगातार बढ़ रहे आंकड़ों से दुनिया के अन्य देशों को भी सबक लेना चाहिए और कम से कम टीकाकरण के बाद भी सतर्क रहने की समझ रखनी चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन कोई पहल क्यों नहीं करता? कोराना लगातार दुनिया को आतंकित करता जा रहा है। ब्रिटेन से नए स्वरूप में आया कोरोना दुनिया के 22 देशों को संक्रमण की जद में ले चुका है। इससे भय बढ़ता जा रहा है। अमेरिका इस समय सबसे अधिक आहत है क्योंकि टीकाकरण और अन्य उपायों के बाद भी बड़ी संख्या में वहां मौतें प्रतिदिन हो रही है। 4000 लोगों का एक ही दिन बीमारी के आगोश में समा जाना इस बात का संकेत है कि वहां किस कदर संक्रमण फैल रहा है। बावजूद इसके सरकार क्या कर रही है? संक्रमण भले ही अमेरिका में बढ़ रहा हो पर इसका खामियाजा दुनिया को भी भुगतना पड़ सकता है। वुहान की लापरवाही किस कदर लोगों के गले पड़ी है यह समझाने की जरूरत नहीं है। डब्लूएचओ इस दिशा में ठोस पहल करे।

**- अमृतलाल मारू**

### पर्यटन केंद्रों में स्वच्छता

**वर्तमान** में पर्यटन स्थलों पर और बेहतर सुविधाओं की आवश्यकता है। फिल्म निर्माताओं को भी म.प्र.के पर्यटन स्थलों का सोंदर्य व ऐतिहासिक धरोहरे काफी भा रही है विशेष कर मांडू ,महेश्वर में कई फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है , इंदौर, उज्जैन ,भोपाल, जबलपुर ,पंचमढ़ी आदि मप्र के कई क्षेत्रों में फिल्मो की शूटिंग भी की जा कर बड़े परदे पर देखी जा रही हैं। फिल्म निर्माताओं को लोकेशन हेतु विदेश जाकर दृश्य फिल्माने पर काफी लागत आती थी। मप्र में ही कई सुंदर स्थल उपलब्ध होने से फिल्म लागत निर्माण में फायदा हुआ है। लोगों को भी चाहिए की पर्यटन स्थलों पर गंदगी .कूड़ा-करकट ना फैलाएं ,दीवारों पर कुछ ना लिखें, क्योंकि सौंदर्य निहारने ऐतिहासिक महत्व को जानने, स्थानीय कला को पहचानने के लिए और दो पल सुकून पाने के लिए लोग आते हैं। स्वच्छ पर्यटन सभी जगह बना रहे ऐसा स्वच्छता का कार्य जागरूकता से करना होगा, ताकि पर्यटकों को व फिल्म निर्माताओं को पर्यटन स्थलों का आकर्षण दिलों में जगह बना सके। इसके अलावा और भी रमणीय स्थल चिन्हित करके पर्यटन क्षेत्र विकसित करने के लिए शासन का ध्यान आकर्षित कर क्षेत्र की सौन्दर्य और पहचान स्थापित करने में मदद की जाना चाहिए।

**- संजय वर्मा**

### नकेल कसे सरकार

**स्वामी** विवेकानन्द, श्री राम, मोहम्मद पैगम्बर, गुरु गोविंद सिंह क्या सोचते होंगे ?देश में महिलाओं के प्रति दिन प्रतिदिन बढ़ते अपराध, किसी देश को आखिर कैसे विकासशील बना सकते हैं ?ये किसी एक धर्म या पंथ की बात नहीं है, बल्कि सभी को इस विषय के बारे में सोचने और समझने की जरूरत है। चूंकि बलात्कार जैसे घिनौने कुकर्म करने वाला आसमान से नहीं बल्कि हमारे और आपके बीच से ही होता है। ऐसे में हमसब की जिम्मेदारी बनती है कि ऐसे लोगों के खिलाफ सतर्क रहे और खुल के आवाज उठाए, तभी कुछ हो सकता है।ताजा सर्वे के अनुसार, राजस्थान में लगभग 5000, उत्तरप्रदेश में लगभग 3000 बलात्कार के केस है।जिस राज्य के मुखिया राम राज को बढ़ावा देते हैं, वहां ऐसे घटनाएं रोज हो रही, क्या यही राम राज है, जहां सीता सुरक्षित नहीं ? इसके नकारात्मक प्रभाव के कारण, लड़कियों को अभिभावक शिक्षालय नहीं भेजते, असुरक्षा महसूस करते हैं। लगातार तूल पकड़ रहे मामलों का निस्तारण अत्यंत आवश्यक है।

**- अमन जायसवाल**


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**किसानों** को भ्रमित करने के सरकार के प्रयास निरर्थक हैं। किसान इरादा समझते हैं और उनकी मांगे स्पष्ट हैं कि कृषि कानून वापस लिए जाएं।

**- राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**समझदारी** भरी नीतियों एवं उचित निवेशों के द्वारा हम ऐसा रास्ता निर्धारित कर सकते हैं जो सभी के लिए स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्थाओं के पुनरोत्थान एवं जैव विविधता संरक्षण में सहायक हो।

**- एंटोनियो गुटरेस**
संयुक्त राष्ट्र महासचिवा



**वंशवाद** की राजनीति लोकतंत्र की सबसे बड़ी दुश्मन है। इसने एक नए प्रकार की तानाशाही को जन्म दिया और देश पर अदक्षता का बोझ लाद दिया।

**- नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष लेंगे परेड की सलामी

## कुरुक्षेत्र की थानेसर अनाज मंडी में होगा गणतंत्र दिवस समारोह

### 18 जनवरी तक साफ-सफाई की व्यवस्था करने का काम पूरा किया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह को हर्षोल्लास और परम्परा अनुसार मनाया जाएगा। समारोह का आयोजन थानेसर अनाज मंडी के प्रांगण में किया जाएगा। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। इस कार्यक्रम में कोविड-19 की गाईडलाइस की पालना की जाएगी। इसी से स्वतंत्रता सैनानियों व उनके परिजनों को अधिकारी उनके घर जाकर मान-सम्मान करेंगे।



अधिकारियों को संबोधित करती उपायुक्त शरणदीप कौर बराड।

उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रही थी।

उन्होंने कहा कि शहीदी स्मारक और आसपास के क्षेत्र तथा अनाज मंडी कार्यक्रम स्थल के आसपास 18 जनवरी तक साफ-सफाई की व्यवस्था करने का काम पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परेड में इस वर्ष पुलिस की तरफ से 3 टुकडियों का प्रबंध किया जाएगा, जिसमें एक टुकड़ी ट्रैफिक पुलिस की भी होगी। इसके अलावा होमगार्ड, एनसीसी जूनियर व सीनियर, स्काउट और प्रजातंत्र के प्रहरी की टुकड़ी भी शामिल होगी। सिविल सर्जन की तरफ से सेनिटाईजर, मास्क, थर्मल स्केनिंग का प्रबंध किया जाएगा। इस मीटिंग का संचालन सीटीएम एवं सीईओ केडीबी अनुभव मेहता ने किया। इस मौके पर एडीसी महावीर सिंह, एसडीएम शाहबाद डा. विनेश कुमार, एसडीएम पिहोवा सोनू राम, एसडीएम लाडवा कपिल शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी अरुण आश्री आदि उपस्थित थे।

# तोशाम में कृषि कानूनों की प्रतियां फूंक किसानों ने जताया विरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी



**देश** भर में तीन कृषि कानूनों का जमकर विरोध हो रहा है। एक तरफ जहां किसान दिल्ली बॉर्डर पर धरने पर बैठे किसानों के समर्थन में कोई कसर नहीं छोड़ रहे तो कही कृषि कानूनों के खिलाफ धरने प्रदर्शन किए जा रहे है।

इसी के तहत कस्बा तोशाम में बुधवार को कृषि कानूनों के विरोध में किसानों ने कृषि कानूनों की प्रतियां फूंकी। केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कृषि कानूनों को रद्द किए जाने की मांग की। इस अवसर पर राजेश कुमार पप्पू, भागू पंघाल, राजेश श्योराण छाना, सुरेन्द्र पंघाल, संदीप पघाल, दयानन्द होलदार मौजूद रहे। किसानों ने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है, पर सरकार अन्नदाता की माली हालत को सुधारने की बजाय कृषि सिस्टम को कॉरपोरेट को सौंप रही है।

# लोहड़ी पर कृषि कानून और मजदूर विरोधी श्रम संहिता की फूंकी प्रतियां

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**जनसंघर्ष** मंच हरियाणा के कार्यकर्ताओं ने मंच के जिला प्रधान संसार चंद्र के नेतृत्व में पुराना बस अड्डा पर जनविरोधी कृषि कानूनों और मजदूर विरोधी श्रम संहिताओं की प्रतियों का दहन किया व प्रदर्शन किया।

मोदी सरकार के खिलाफ जोरदार नारे लगाये। प्रदर्शनकारियों को जन संघर्ष मंच हरियाणा की महासचिव सुदेश कुमारी, जिला सचिव चंद्र रेखा, सुरेश कुमार, डा. लहना सिंह, मनरेगा मजदूर यूनियन के जिला प्रधान नरेश कुमार, निर्माण कार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन के कैशियर सुनहरा, उषा कुमारी, जोगिंदर सिंह , कुलदीप आदि ने संबोधित किया।



तीनों कानूनों की प्रतियां फूंकते जनसंघर्ष मंच के कार्यकर्ता

वक्ताओं ने कहा कि देश भर के किसान जन विरोधी काले कानूनों के खिलाफ लड़ाई रहे हैं। मोदी सरकार ने राज्यसभा में अपने अल्पमत में होने के बावजूद असंवैधानिक व अलोकतांत्रिक तरीके से विपक्षी सांसदों की वोंटिग की मांग को नकारते हुए तानाशाहीपूर्ण तरीके से ये काले कृषि कानून पास किये हैं। प्रदर्शन के माध्यम से मांग की गई कि किसान मजदूर आमजन विरोधी तीनों काले कृषि कानून, प्रस्तावित बिजली (संशोधन) कानून तथा प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर किसानों को दंडित करने वाला अध्यादेश तुरंत रद्द किया जाए। सभी कृषि उत्पादों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीद सुनिश्चित की जाए। मजदूर विरोधी चारों श्रम संहिताएं रद्द की जाएं। लक्षित जन वितरण प्रणाली को सार्विक किया जाए तथा जीवन उपयोगी सभी आवश्यक वस्तुओं का थोक व खुदरा व्यापार सरकार अपने हाथ में ले।

# धार्मिक गीत गाकर मनाया लोहड़ी का पर्व



**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी।

**योग** आश्रम धाम के प्रांगण में लोहड़ी के पर्व के अवसर पर छोटे बच्चों ने धार्मिक गीत गाकर लोहड़ी उत्सव मनाया। त्रिदिवसीय गायत्री यज्ञ में पहुंचकर भक्तों ने विश्व कल्याण के लिए आहुति दी।

इस अवसर पर अपने संबोधन में महाराज कृष्णानंद सरस्वती ने कहा कि अब समय सोने का नहीं जागने का है, जो जाग गए हैं। वे अपना ध्यान प्रभु भक्ति में लगा दें, क्योंकि यही वह मार्ग है जहां से मनुष्य की तरक्की व मंजील का रास्ता निकलता है। इस अवसर पर भक्तों द्वारा मां शक्ति के भजनों का गायन किया गया। भक्तों ने मां अंबे के गीत गा कर सारे संसार पर उनसे बरसाने की मांग की। इस अवसर पर आश्रम के प्रवक्ता ने बताया कि वीरवार 14 जनवरी को मकर सक्रांति के अवसर पर त्रिदिवसी गायत्री यज्ञ के दौरान सुबह यज्ञ के पश्चात महा माई का जागरण आयोजित किया जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार


## मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं ने जोर पकड़ा

**फिरोजपुर झिरका।** फिरोजपुर झिरका शहर में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं थमने का नाम नही ले रही हैं। आयेदिन शहर या ग्रामीण को मोटरसाइकिल चोरी की घटना का शिकार होना पड़ रहा है। ऐसा ही एक मामला बुधवार को सामने आया है जिसमे अज्ञात चोर शहर से मोटरसाइकिल चोरी कर फरार हो गए। बाइक मालिक की शिकायत पर झिरका पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई शुरू की है। नासिर पुत्र कासम वार्ड-2 ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह किसी काम से अपने घर से बाजार आया था। जब वह मोटरसाइकिल डीलक्स को खड़ी कर के दुकान पर गए थे जब वह अपना काम निपटा कर वापस आए तो वहां से मोटरसाइकिल गायब पाई गई। इस शिकायत पर शहर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

## पिछले 24 घण्टे में कोरोना के 03 नए केस आए

**मेवात।** नूंह जिले में कोविड के पिछले 24 घण्टे में 03 नए केस सामने आए हैं। 05 मरीज हुए डिस्चार्ज, इसके अलावा अब तक जिले में कोरोना से 30 लोगों की मौत हो चुकी है। दिन प्रतिदिन जिले में केसों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। खास बात यह है कि नूह जिले में एक दिन में 1139 सैंपल लिए गए हैं । नूंह डिप्टी सिविल सर्जन डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि जिले में कोरोना के केसों में राहत है पिछले कई दिनों से जिले में कम केस निकल रहे हैं। अभी भी लोगों को मास्क लगाना, बार-बार साबुन से हाथ धोना और 2 गज की दूरी बना कर रखना जरूरी है। सीएचसी स्तर पर अब सैम्पल लिए जाने लगे हैं बता दें, कि नूंह जिले में कोरोना के अब 05 एक्टिव मरीज हो गए हैं । जिले में अब तक कोरोना के 1701 मामले सामने आए हैं। जिनमें अब तक 1666 मरीज ठीक हो गए हैं। जिले में अब तक 53387 लोगों को सर्विलांस पर लिया जा चुका है, जिनमें से 49196 लोगों का निगरानी में रखने का पीरियड पूरा हो चुका है। शेष 4191 लोग अंडर सर्विलांस हैं। अब तक 168785 लोगों के सैंपल लैब में भेजे जा चुके हैं , जिनमें से 162637 की नेगेटिव रिपोर्ट मिली है तथा 3898 लोगों की रिपोर्ट आनी शेष है।

## डीजल के अभाव में स्कूलों में रखे जनरेटर हुए जर्जर



**फिरोजपुर झिरका।** शिक्षा विभाग की गलत नीति के चलते डीजल का बजट स्वीकृत न करने के कारण खण्ड के सरकारी स्कूलों के बिजली संकट को दूर करने के लिए करोड़ों रुपये की राशि खर्च कर भेजे गए जनरेटर बिना प्रयोग के कबाड़े में तब्दील हो चुके हैं। शिक्षा विभाग की ओर से भेजे गए जनरेटर न तो स्कूली बच्चों के काम आए और न ही शिक्षा विभाग का लक्ष्य को पूरा कर पाए हैं। प्रदेश शिक्षा विभाग की ओर से ग्रामींचल में चल रहे वरिष्ठ सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में शिक्षार्थी बच्चों की शिक्षा में बाधा बन रही बिजली संकट को दूर करने के लिए 7 साल पूर्व आइसर कम्पनी के 18 जनरेटर भेजे गए थे। स्थानीय शिक्षा विभाग की ओर सभी जनरेटरों को स्कूलों में लगाया गया था, लेकिन डीजल के लिए बजट की राशि न मिलने पर स्कूलों में लगाए गए जनरेटर अब तक प्रयोग नही हो पाए है। इन जनरेटरों पर शिक्षा विभाग दूवारा कई लाख रुपये की राशि खर्च की गई थी। लेकिन शिक्षा विभाग की गलत नीति के कारण जनरेटर तो खरीद लिए गए लेकिन जनरेटरों को चलाने के लिए डीजल का बजट कैसे ओर कंहा से आएगा,इस पर शिक्षा विभाग के हाथ आज तक खाली है।

## स्कूल में मनाया लोहड़ी का त्योहार

**शाहाबाद मारकंडा।** सतलुज सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के प्रांगण में लोहड़ी का त्योहार मनाया गया। इस कार्यक्रम में सरदार चन्नन सिंह घुम्मन मैमोरियल कॉलेज आफ एजुकेशन का स्टाफ भी मौजूद रहा। कार्यक्रम की शुरुआत पर स्कूल के प्रधानाचार्य डा. आर. एस. घुम्मन ने सभी को लोहड़ी तथा मकर सक्रांति की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्कूल प्रधान श्रीमती संतोष कौर घुम्मन, कोआर्डिनेटर मनिन्द्र सिंह घुम्मन व मोनिका घुम्मन, प्रबंधक मनोज भसीन, कॉलेज कोआर्डिनेटर मुकेष दुआ, दीप्ती रानी, सिमरन घुम्मन, स्कूल स्टाफ तथा कॉलेज स्टाफ आदि मौजूद रहा।

## ग्रामीण युवा विकास मंडल ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस सप्ताह

**कुरुक्षेत्र।** नेहरू युवा केन्द्र कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में जिला युवा समन्वयक मीशा कुमारी और लेखा लिपिक कांता बतान के निर्देशानुसार ग्रामीण युवा विकास मंडल मुंडा खेड़ा द्वारा राष्ट्रीय युवा सप्ताह पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक कविता कश्यप ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। ग्रामीण युवा विकास मंडल मुंडा खेड़ा की प्रधान पूनम ने युवाओं को अपनी भारतीय संस्कृति का सम्मान करने की शपथ दिलाई।

# बर्ड फ्लू को लेकर 52 टीमें गठित, बर्ड फ्लू के लक्षण नहीं

**भिवानी।** पशुपालन विभाग बर्ड फ्लू बीमारी की रोकथाम को लेकर पूरी तरह से सतर्क है। पशुपालन विभाग ने जिला में बर्ड फ्लू को रोकने के लिए 52 टीमों का गठन किया है। अभी तक जिला में किसी भी पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू के लक्षण दिखाई नहीं दिए हैं।

पशुपालन विभाग के अनुसार जिला में 194 पोल्ट्री फार्म हैं, जिसमें 23 लाख 48 हजार 547 मुर्गी हैं। इनमें किसी में भी बर्ड फ्लू के लक्षण नहीं। विभाग के अनुसार नागरिकों को किसी प्रकार से घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा पशु चिकित्सकों की अगुवाई में 52 रेड रिस्पोंस टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें प्रतिदिन सभी पोल्ट्री फार्मों की गहनता से जांच कर रही हैं। उन्होंने नागरिकों को एतिहात के तौर पर पोल्ट्री से संबंधित उत्पाद मांस व अंडा को अच्छी तरह से साफ करके व पकाकर खाने की सलाह दी है।

# राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें वालंटियर्स: डीईओ

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

**राजकीय** संस्कृति मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तावडू में राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का बुधवार को समापन हुआ। कैंप में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश गोरिया व विशिष्ट अतिथि के तौर पर खंड शिक्षा अधिकारी रमेश मलिक ने शिरकत की। वहीं कैंप समापन के दिन रेडक्रॉस सोसाइटी नूंह की टीम ने बच्चों को आपदा प्रबंधन व फर्स्ट एड के गुर भी सिखाए।

डीईओ सुरेश गोरिया ने समापन संबोधन में वालंटियर से कहा कि सात दिवसीय इस कैंप में जो भी क्रियाकलाप हमने सीखे हैं उन्हें हम अपने जीवन में मूर्त रूप देंगे ऐसी समाज व राष्ट्र को आपसे अपेक्षा रहेगी। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जब एक बार जापान गए और वहां से उन्होंने एक जगह से जब सेब खरीदें तो अच्छे से न मिलने पर



उन्होंने कहा कि शायद जापान में अच्छे फल नहीं मिलते। यही बात एक जापानी व्यक्ति ने सुन ली और एक अच्छे फलों का टोकरा लेकर स्वामीजी के पास आया और कहा कि मुझे इन फलों के बदले आपसे पैसे नहीं चाहिए। बस आप अनने देश में जाकर यह मत कहना कि जापान में अच्छे फल नहीं मिलते। डीईओ ने कहा कि वालंटियर्स में इस तरह की राष्ट्र भावना का विकास हो इसको लेकर ही शिक्षा विभाग के द्वारा समय-समय पर यह कैंप आयोजित किए जाते हैं। वहीं कैंप में बेस्ट वालंटियर नितिन माथुर, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले वालंटियर प्रदीप व नावेद को सम्मानित भी किया।

# अवैध कॉलोनी के बहाने मूलभूत सुविधाओं से वंचित आधी आबादी

**सेनायत खां।** फिरोजपुर झिरका

**सरकार** की ओर से शहर की 15 कालोनियों को पिछले 20 सालों से वैध नहीं किया गया है। अवैध कॉलोनी के बहाने शहर का आधा हिस्सा बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पक्के रास्तों की सुविधाओं से दूर हैं। विडम्बना यह है कि नगरपालिका के चुनावों में हर बार अवैध कॉलोनी के लोगों से वोट लेकर पार्षद चुना जाता है। चुनाव के समय कॉलोनी के लोगों को वैध कराने का भरोसा दिया जाता है लेकिन अब तक कालोनियों को सरकार से वैध नहीं कराया जा सका है।

शहर की कुल आबादी का आधा हिस्सा नए फिरोजपुर झिरका के नाम से शहर के चारों ओर बसा हुआ है। नगरपालिका के अनुसार 18 कॉलोनी अवैध रूप से बसी हुई है। जिनमें से



### अवैध कॉलोनी के बहाने शहर का आधा हिस्सा है सुविधाओं से दूर

तीन को सरकार ने वैध करने की अनुमति प्रदान की गई है। शेष 15 कॉलोनी अब भी अवैध बनी हुई हैं। अवैध कॉलोनी की वजह से शहर वासियों को पेयजल, कच्चे रास्तों, शिक्षा,स्वास्थ्य जैसी आवश्यक जनहित की सुविधाओ से वंचित किया हुआ है। शहर के चारो ओर बसी नहीं आबादी नारकीय जीवन व्यतीत कर रही है।

**नगरपालिका** के चुनाव में अवैध कॉलोनी के मतदाताओं की वोटों से पार्षद तो चुना जाता है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर कॉलोनी को अवैध बता कर विकास से हाथ पीछे खींच लिया जाता है। उन्होंने कहा कि नगरपालिका की ओर से जानबूझ कर मूलभूत सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है।

**असलम खान** : जागरूक नागरिक-शिव कॉलोनी।

**पेयजल** की समस्या ने विकराल रूपधारण किया हुआ है। पुरुष तो रोजी धंधे के लिए घर से बाहर चले जाते है। महिलाओं को पीने के पानी के लिए दूर दूर गांवों तक भटकना पड़ता है। नगरपालिका की ओर से अवैध कॉलोनी बता कर और सुविधाओं की बात दूर की है 20 सालों से पीने का पानी का एक नल तक नहीं है।

**शबनम-समाजसेवी:** शहर फिरोजपुर झिरका।

# गांव तालु से युवाओं का पैदल जत्था हुआ रवाना



**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

**कृषि** कानूनों के विरोध में दिल्ली बॉर्डर पर धरने पर किसानों के समर्थन में बुधवार को जिला के गांव तालु से किसान नेता जोगेंद्र तालु ने युवाओं का पैदल जत्था पवन तालु के नेतृत्व में रवाना किया।

इस दौरान किसान नेता जोगेंद्र तालु ने कहा कि जब तक कृषि विरोधी कानून वापस नहीं होते, तब यू ही जत्थे रवाना होते रहेंगे। जोगेंद्र तालु ने कहा कि भाजपा सरकार ने सरकारी व सावर्जनिक क्षेत्र को बर्बाद करने के बाद अब खेती व खाद्य सुरक्षा को उजाडने् के लिए तीन कृषि कानून पारित कर दिए गए। किसान नेता ने कहा कि हजारों किसान करीबन डेढ महीने से दिल्ली के चारों और डेरा डाले बैठे है, लेकिन सरकार उनके साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा देश-विदेश के चंद उद्योगपतियों के मुनाफों के लिए ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कि ये तीनों कृषि कानून किसान विरोधी हैं। किसानों के हित देखते हुए सरकार द्वारा ये काले कानून जल्द से जल्द रद्द करना चाहिए।





# सिंघु बॉर्डर पर किसानों ने फूलों की खेती शुरू की

## ट्राली पर प्लास्टिक की बोतलों में मिट्टी डालकर लगाए हैं अलग-अलग प्रकार के फूल

### किसानों का कहना हमारा मकसद सिर्फ खुशियां देना, फूल देखकर मिलेगा हौसला

**रणबीर सिंह।** सोनीपत

**सिंघु** बॉर्डर पर किसानों ने फूल उगाकर एक नई मिसाल पेश की है। सिंघु बॉर्डर पर युवा किसानों ने ट्राली पर ही फूलों की खेती शुरू कर दी है। पंजाब से आए किसानों ने इस प्रकार के फूलों की खेती शुरू की है। किसानों का कहना है कि उनका एक ही मकसद है कि सभी को खुशियां मिले। इसीलिए वह अपने ट्राली पर फूल की खेती कर रहे हैं। उन्होंने अलग-अलग प्रकार के फूल लगाए हैं। कबाड़ी से प्लास्टिक की बोतल लेकर और नर्सरी से फूलों के पौधे लेकर उन्होंने खेती शुरू की है।



सिंघु बार्डर पर ट्राली पर उगाए गए फूल।

पंजाब से आए युवा किसान मंदीप सिंह व असीफ सिंह ने खास बातचीत में बताया कि उनके पिता पहले यहां आए हुए थे। उनके पिता के जाने के बाद वह यहां पर आए हैं। वह दिन में फ्री रहते थे तो उन्होंने कुछ अलग करने की सोची और पहले वह कबाड़ी के पास गए और प्लास्टिक की बोतल लेकर आए। उसके बाद मिट्टी एकत्रित की ओर एक नर्सरी से अलग-अलग फूल के पौधे लेकर आए। जिसके बाद उन्होंने अपनी ट्राली पर ही फूलों की खेती शुरू कर दी।

# वैचारिक योद्धा बनायेंगे भारत को विश्वगुरु: मुकुल कानिटकर

**भिवानी।** भारतीय शिक्षण मंडल के युवा आयाम के तत्वावधान में स्वामी विवेकानन्द की 158 जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मां मांगति वैचारिक योद्धा विषय पर विशेष व्याख्यान एवं युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री मुकुल कानिटकर ने मुख्य वक्ता के रूप में युवाओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सम्मलेन में स्वामी विवेकानंद ने भारत की ओर से सनातन हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व किया तथा वेदांत दर्शन का प्रसार पूरे विश्व में किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने युवाओं से आह्वान किया कि उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए। स्वामी विवेकानन्द ने कहा है कि तुम्हें कोई पढ़ा नहीं सकता, कोई आध्यात्मिक नहीं बना सकता। तुमको सब कुछ खुद अंदर से

# जीएसटी पश्चिम टीम को 50 करोड़ के कर चोरी मामले में मिली सफलता

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**जीएसटी** पश्चिम टीम द्वारा दिल्ली के वजीरपुर इंडस्ट्रियल क्षेत्र में 29 दिसंबर 2020 को कर चोरी मामले में छापे के दौरान भागने में कामयाब रहे कारोबारी उमेश गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है।

स्टील कॉयल और उत्पादों के आयत और निर्यात के साथ नकली बिल और हवाला कारोबार के मामले में 29 दिसंबर 2020 को जीएसटी पश्चिम टीम ने चार व्यवसाइयों के घरों और दफ्तरों में छापे मारे। छापे के दौरान जीएसटी टीम ने भारी मात्रा में आयातित कॉयल, बर्तन और रिकॉर्डस जब्त किये। जीएसटी कार्यालय के सूत्रों के अनुमान से यह लगभग 50 करोड के कर चोरी का मामला है। इस मामले में दिल्ली के व्यवसायी श्रीनिवास जैन, राहुल जैन, अभय गुप्ता और संजय जैन को आरोपी माना जा रहा है। जीएसटी टीम ने इन सभी से पूछताछ की उनके बयान जारी किए। हालांकि एक अन्य आरोपी कारोबारी उमेश गुप्ता भागने में कामयाब रहा था। गत वर्षों में दिल्ली के वजीरपुर में स्टील उत्पादकों द्वारा कर चोरी का मामला कई बार सामने आया है। जीएसटी टीम के अनुसार इस मामले में आगे की तफ्सीस जारी है। ज्ञात हो कि पिछले दो महीनों में फर्जी जीएसटी चालान से संबंधित मामलों में जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई) और सीजीएसटी कमिश्नरों ने 700 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली की है और 215 लोगों को गिरफ्तार किया है। फर्जी जीएसटी चालान का इस्तेमाल इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) से अवैध रूप से लाभ उठाने या पास करने के लिए किया गया था। फर्जी जीएसटी चालान से संबंधित मामलों में जीएसटी खुफिया अधिकारियों ने लगभग 2,200 मामले दर्ज किए हैं।

# भारत के अग्रणी गेट एक्जाम एडुकेटर्स अनएकेडमी से जुड़े

## रौद्रा एडुसर्विसेज के संस्थापक और मुख्य शिक्षक, रवींद्रबाबू रावुला, विशेष रूप से पढ़ाएंगे अनएकेडमी में गेट परीक्षा पाठ्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा गुरुग्राम।

**भारत** के सबसे बड़े शिक्षण मंच, अनएकेडमी ने आज घोषणा की कि उसने देश के सबसे प्रशंसित गेट परीक्षा शिक्षक रविंद्रबाबू रावुला को अपने साथ एक विशेष शिक्षण भागीदार के रूप में जोडा है।

रविंद्रबाबू रावुला भारत में गेट परीक्षा के लिए सबसे अधिक मांग वाले शिक्षकों में से एक माने जाते हैं। टॉप रैंकर्स देने का उनका एक शानदार ट्रैक रिकॉर्ड भी है। हर साल, उनके कम से कम 300 छात्र गेट परीक्षा के टॉप 1000 में आते हैं। उनके यूट्यूब चैनल के 600,000+ फॉलोअर्स हैं, जो इसे भारत में गेट परीक्षा तैयारी के लिए सबसे बड़ा यूट्यूब चैनल बनाता है।

अनएकेडमी से जुडने के बाद, इन अनुभवी शिक्षक के पहले सेशन को शानदार प्रतिक्रया मिली, जब इसे रविवार, 10 जनवरी को यूट्यूब पर प्रसारित किया गया था. इसके बाद, छात्र 14 जनवरी, गुरुवार से अनएकेडमी मंच पर रावुला सर के फ्री लेक्चर में भाग ले सकते हैं। 18 जनवरी से प्लस कोर्स में हिस्सा ले सकते है। यह सहयोग परीक्षा तैयारी मार्केट के गेट और ईएसई सेगमेंट में अनएकेडमी की मजबूत और अग्रणी स्थिति को और मजबूत करेगा।

रोमन सैनी, को-फाउंडर, अनएकेडमी ने कहा, भारत में शिक्षा का लोकतंत्रीकरण करने के हमारे विजन का मुख्य सिद्धांत ये है कि हम सुनिश्चित कर सके कि हमारे छात्रों की सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों तक पहुंच बन सके। विभिन्न परीक्षा श्रेणियों में, हमारा प्रयास एजुकेटर्स के साथ सहयोग करना है जिन्होंने अपने क्षेत्र में गहरा प्रभाव डाला है, शानदार परिणाम दिए हैं। जो सभी शिक्षार्थियों के लिए शिक्षा तक सस्ती पहुंच सुनिश्चित करने के हमारे लोकाचार साझा करते हैं। रविन्द्रबाबू गेट एस्पिरेंट्स के लिए ऐसे ही एक एजुकेटर हैं, और हमें अनएकेडमी में उनका स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। 10 वर्षों के अकादमिक अनुभव के साथ, रवींद्रबाबू 10,000+ छात्रों को पढ़ाते हैं, जो हर साल उच्च प्रतियोगी गेट परीक्षा को क्रेक करने का लक्ष्य रखते हैं, और 3000 से अधिक शीर्ष रैंक धारक हैं।

पायनियर
हरियाणा, बृहस्पतिवार 14 जनवरी, 2021



# चौटाला परिवार में देवीलाल की विरासत का झंडा थामने की जंग

## अभय ने इस्तीफा देकर भाई और भतीजों के सामने खड़े किए सवाल

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

पूर्व उप प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल की राजनीतिक विरासत का झंडा थामने को लेकर चौटाला परिवार में चल रही जंग के बीच अभय चौटाला ने इस्तीफा देकर जहां बड़ा दांव खेल दिया है वहीं प्रदेश सरकार में सत्ता संभाल रहे अपने भतीजों व भाई के सामने भी नए सवाल खड़े कर दिए हैं।

अभय चौटाला इनेलो के एकमात्र विधायक हैं, लेकिन इसके बावजूद जिस तरह से पिछले एक साल से वह अकेले ही

### ताऊ की राजनीतिक विरासत पर छिड़े द्वंद्व के बीच आगे बढ़े अभय चौटाला

किसान व जनहित के मुद्दों पर सरकार को विधानसभा के भीतर व बाहर घेर रहे हैं। ताऊ देवीलाल के परिवार से हरियाणा विधानसभा में इस बार पांच सदस्य चुनाव जीतकर पहुंचे हैं। इनमें स्वयं अभय चौटाला इनेलो से, दुष्यंत चौटाला जजपा, उनकी माता नैना चौटाला जजपा, चाचा रणजीत सिंह चौटाला रानियां से निर्दलीय और अमित सिहाग डबवाली से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीते हैं।

ताऊ देवीलाल हरियाणा की राजनीति की धूरी रहे हैं। उनके चार बेटे ओमप्रकाश चौटाला, स्व. प्रताप सिंह चौटाला, रणजीत सिंह चौटाला और स्व. जगदीश चौटाला हैं। ओमप्रकाश चौटाला हरियाणा के पांच बार मुख्यमंत्री रह चुके और अब इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, जबकि रणजीत चौटाला कांग्रेस छोडक़र रानियां विधानसभा सीट से निर्दलीय चुनाव जीते और भाजपा-जजपा गठबंधन की सरकार में बिजली व जेल मंत्री बने। पारिवारिक और राजनीतिक मतभेदों के चलते इनेलो दो फाड़ हो गई तो अभय सिंह ने इनेलो और अजय सिंह व उनके बेटे दुष्यंत चौटाला ने जजपा बना ली।

पिछले दो सालों में कई मौके ऐसे आए, जब पूरे परिवार की एकजुटता के गंभीर प्रयास हुए, लेकिन इसमें किसी को सफलता नहीं मिल पाई। जजपा 10 विधायक जिताकर सत्ता में भाजपा के साथ साझीदार हो गई, लेकिन इनेलो के एकमात्र विधायक अभय चौटाला जीते। अभय सिंह ने कोरोना काल से लेकर अब तक न केवल एसवाईएल नहर निर्माण के लिए संजीदगी से प्रयास किए, बल्कि किसानों के हक में आवाज बुलंद करते हुए विधानसभा की सदस्यता तक से इस्तीफा दे दिया। हालांकि यह सशर्त है। एक तरफ जहां दुष्यंत भाजपा हाईकमान से मुलाकात कर रहे हैं वहीं अभय चौटाला ने किसानों के मुद्दे पर इस्तीफा देकर गेंद ताऊ देवीलाल की राजनीतिक विरासत का झंडा बुलंद करने वाले चौटाला परिवार के सदस्यों के पाले में डाल दी।

# खेलो इंडिया: हरियाणा बनेगा मेजबान

## भारत सरकार के अधिकारियों ने देखे हरियाणा के स्टेडियम और इंफ्रास्ट्रक्चर

### खेल मंत्री संदीप सिंह ने ली बैठक, 25 खेल प्रतियोगिताओं को मिली मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



हरियाणा में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्ज-2021 के दृष्टिगत केन्द्र सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारियों व कर्मचारियों के एक दल ने बुधवार को चंडीगढ़ में खेल एवं युवा कार्यक्रम मामले राज्यमंत्री सरदार संदीप सिंह तथा विभाग के प्रधान सचिव योगेन्द्र चौधरी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने बताया कि खेलो इंण्डिया यूथ गेम्ज-2021 का आयोजन नवंबर में किए जाने पर विचार किया जा रहा है, जिसमें 05 स्वदेशी खेलों सहित कुल 25 खेलों की प्रतियोगिताएं होंगी।

इस मुलाकात के दौरान खेल राज्य मंत्री ने खेलों के उत्थान् के लिए उठाए जा रहे कदमों से टीम को अवगत करवाते हुए कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा खेलो इंण्डिया यूथ गेम्ज-2021 के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रबंध किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार के अनुरोध पर लॉनबॉल के स्थान पर हैण्डबॉल को इन खेलों में सम्मिलित किया गया है। प्रतियोगिता स्थलों बारे अंतिम निर्णय संबंधित खेल के कम्पीटीशन मैनेजरों से सलाह उपरांत लिया जाएगा।

केन्द्र सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारियों व कर्मचारियों के दल ने राज्य के प्रस्तावित आयोजन स्थलों का निरीक्षण किया। खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग, हरियाणा के अधिकारियों ने दल के सदस्यों को करनाल, कुरूक्षेत्र, शाहबाद मारकंडा, अंबाला, पंचकूला व चंडीगढ़ के खेल मैदानों का दौरा करवाते हुए उन्हें हरियाणा सरकार द्वारा इस प्रतियोगिता के लिए की जा रही तैयारियों से अवगत करवाया। इस दल ने खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग के महानिदेशक,डा. एस.एस.फुलिया, हरियाणा व विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ बैठक भी की गई।

केन्द्र सरकार के इस दल में सत्यनारायण मीणा, वरिष्ठ निदेशक खेलो इंडिया, राजिंदर सिंह, अध्यक्ष जी.टी.सी.सी (के.आई.वाई.जी.-2021), शिवानंद मिश्रा, सहायक निदेशक (खेलो इंडिया), प्रशांत सिंह, सहायक निदेशक (प्रतियोगिता और आयोजन), पी.के. मद्धू, निदेशक प्रभारी, क्षेत्रीय केंद्र, भारतीय खेल प्राधिकरण, ज़ीरकपुर, वरूण सचदेव, कनिष्ठ सलाहकार, रोहन वस्सल, गोपाल कन्दपाल, यंग प्रोफेशनल, भानूप्रताप सिंह राठौर, कुमारी सकीना कमल, सलाहाकार (ई.एण्ड वाई.) शामिल रहे।

# जीवीएम की एनसीसी कैडेट आशा बनी सीनियर अंडर ऑफिसर

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



### -जीवीएम में एनसीसी रैंक वितरण समारोह में कैडेटों को नवाजा गया विभिन्न रैंकों से

जीवीएम गर्ल्ज कालेज की एनसीसी की छात्रा आशा रानी को सीनियर अंडर ऑफिसर के रैंक से नवाजा गया है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. ज्योति जुनेजा ने एनसीसी कैडेटों को नये रैंकों से नवाजे जाने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि छात्राओं ने कड़ी मेहनत व लगन के बल पर यह रैंक हासिल किये हैं।

12वीं हरियाणा एनसीसी बटालियन के अंतर्गत जीवीएम में एनसीसी की इकाई का गठन किया हुआ है। जीवीएम की एनसीसी की छात्राओं को एनसीसी के विभिन्न रैंक प्रदान करने के लिए बुधवार को परिसर में एनसीसी रैंक वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता कालेज की प्राचार्या डा. ज्योति जुनेजा ने की। इस मौके पर कालेज की एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट प्रियंका ने छात्राओं को अलग-अलग रैंकों से सुशोभित किया। एनसीसी छात्रा आशा रानी को सीनियर अंडर ऑफिसर, प्रिया लाकड़ा को अंडर ऑफिसर, समृद्धि को सारजेंट, स्वाति शर्मा को सारजेंट, निधि भारद्वाज को सारजेंट और ईशा हुड्डा को बेस्ट कैडेट की के खिताब से सम्मानित किया गया। प्राचार्या डा. ज्योति जुनेजा व एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट प्रियंका ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स की तीन वर्षों की कड़ी मेहनत, उपलब्धियों, एकता व अनुशासन को देखते हुए रैंक वितरित किये गये हैं। उन्होंने एनसीसी की अन्य छात्राओं को भी प्रोत्साहित किया कि वे नियमित अभ्यास व कठोर परिश्रम के बल पर स्वर्णिम भविष्य का निर्माण कर सकती है।

## बेटियां बोझ नहीं वरदान हैं : राजेश सिडाना

कुरुक्षेत्र। शाहाबाद विकास मंच के अध्यक्ष राजेश सिडाना ने कहा कि बेटियों को बोझ समझने की मानसिकता तो सदियों से चली आ रही है, लेकिन दुख इस बात का है कि यह मानसिकता आज भी बनी हुई है।

राजेश सिडाना ने कहा कि आज भी घर मे बेटी पैदा होते ही मां बाप के चेहरे का रंग उड़ जाता है। वो इतने निराश हो जाते है कि मानो उनका सब कुछ छिन गया हो। इसी गलत विचारधारा के चलते आज भी कुछ दकियासुनी लोग नवजन्मे लड़कों की लोहड़ी तो बड़ी धूमधाम से मनाते हैं परंतु नवजात बेटी के जन्म पर इस त्योहार को मनाना उचित नहीं समझते। सिडाना के अनुसार जब कोई त्योहार या धर्म लड़का-लड़की के बीच भेदभाव का संदेश नहीं देता तो क्यों लड़का-लड़की मे फर्क रख कर यह त्योहार मनाये जाते हैं।

## सुनील राजपाल ने थामा भाजपा का दामन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



थानेसर के विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि थानेसर हलका में कार्यकर्ताओं के कारण भाजपा सबसे मजबूत संगठन बन चुका है। इस संगठन के साथ प्रत्येक नेता जुड़कर काम करना चाहता है। इस सरकार के विकास कार्यों और पारदर्शी नीतियों से सभी प्रभावित है।

इस सरकार ने हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी नीतियां लागू की है। इससे प्रभावित होकर थानेसर हल्के से कांग्रेस, इनेलो व अन्य पार्टियों को कार्यकर्ता और नेता छोडकर् भाजपा में शामिल हो रहे है। विधायक सुभाष सुधा बुधवार को सेक्टर 7 आवास कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले वार्ड-28 से पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ चुके सुनील राजपाल अपने दर्जनों समर्थकों के साथ भाजपा की पारदर्शी नीतियों से प्रभावित होकर विधायक सुभाष सुधा के नेतृत्व में भाजपा पार्टी में विधिवत रुप से शामिल हुए और सदस्यता भी ग्रहण की है। विधायक ने पार्टी में शामिल होने वाले कांग्रेस नेता सुनील राजपाल उनके समर्थकों का स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा नेता डीपी चौधरी, पार्षद पंकज शर्मा, पार्षद विशाल शर्मा, पार्षद नितिन लाली, भाजपा के युवा नेता साहिल सुधा, मुल्तान सभा के अध्यक्ष प्रदीप झाम्ब सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# गन प्वाइंट पर दुकानदार से की लूट

### दुकान में दो दिन के रखे 24 हजार कैश को लेकर बदमाश हुए फरार

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

सोनीपत में बदमाशों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। जिले में आए दिन लूटपाट और हत्या की घटनाएं सामने आ रही हैं। शहर के टीकाराम गर्ल्स कॉलेज के नजदीक एक फार्म भंडार की दुकान पर अज्ञात बदमाशों ने बंदूक के बल पर दुकानदार से 24 हजार की लूट की है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए हैं। आरोपियों का घटनाक्रम सीसीटीवी में भी कैद हो गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच



दुकान में अंदर घुसकर दुकानदार को पिस्टल दिखाता युवक।

शुरू कर दी है। पीड़ित दुकानदार अंकित ने इसकी सूचना पुलिस की दी। जिला सोनीपत में आए दिन कहीं न कहीं लूटपाट की घटनाएं सामने आ रही हैं। स्थानीय टीकाराम गर्ल्स कॉलेज के नजदीक रात करीब 9: 30 बजे के आसपास एक फार्म भंडार की दुकान पर दो अज्ञात बदमाशों ने गन प्वाइंट पर दुकानदार से 24000 की लूट की है। बदमाशों द्वारा गन प्वाइंट पर लूट की घटना दुकान के लगे सीसीटीवी में कैद हो गए हैं, जहां दो अज्ञात बदमाश पहले काफी देर तक रेकी करते हैं। उसके बाद एक के हाथ में तमंचा और उसके साथ दूसरा साथी सीधे दुकान में प्रवेश करते हैं और दुकान के अंदर बैठे हुए दुकानदार पर तमंचा तान देते हैं।

दुकानदार ने काउंटर में रखा दो दिन का अमाउंट 24 हजार रुपये निकालकर बदमाशों को दे दिया। सीसीटीवी की तस्वीरों में भी देखा जा सकता है कि किस प्रकार बदमाश ने पिस्टल के बलबूते पर दुकानदार से लूटपाट की है। वहीं सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर कार्रवाई कर रही है।

# पुलिस थाने के पास तीन कार टकराईं दो व्यक्तियों की मौत

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

### दो महिला सहित आठ व्यक्ति हुए घायल मृतकों की नहीं हो पाई पहचान

कस्बा बवानीखेड़ा पुलिस थाने के पास भिवानी-हांसी मार्ग पर बुधवार को तीन कार आपस में टकराने से दो व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो महिलाओं सहित आठ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को हिसार से आ रही सीआइए-2 पुलिस टीम व ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस में डालकर भिवानी के सामान्य अस्पताल लाया गया। वहां से चिकित्सकों ने चार घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें पीजीआइ रोहतक रेफर कर दिया।

कस्बा बवानीखेड़ा पुलिस थाने के समीप बुधवार देर शाम को हिसार से आ रही एक आई-20 कार व स्विफ्ट डिजायर कार की आपास में भीषण टक्कर हो गई। वहां पीछे से आ रही एक अन्य कार भी इन दोनों गाडियों से टकरा गई। आई-20 कार में सवार गांव खरक निवासी जयवीर, उसकी पत्नी कविता, बेटी दिशा व बेटा दीक्षांत गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दूसरी कार में सवार गांव कालीरमण निवासी जयवीर, बजरंग, विकास, रूकमा देवी घायल हो गए। घटना के दौरान ही हिसार से आ रही सीआइए-2 के इंस्पेक्टर श्रीभगवान यादव व उनके साथियों ने रुक कर एंबुलेंस को बुलाया। इसके बाद कस्बा वासियों की मदद से उन्हें भिवानी के सामान्य अस्पताल पहुंचाया गया। वहां से चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल विकास, रुकवा देवी, जयवीर व कविता को पीजीआइ रोहतक रेफर कर दिया। इस हादसे में अन्य कार में सवार हो व्यक्तियों की मौत हो गई। जिनकी पहचान नहीं हो पाई है। एक मृतक के पास से मिले पर्स में आधार कार्ड मिला है।

# टेरी संस्थान के स्थापना दिवस पर हुआ हवन

पायनियर समाचार सेवा। थानेसर

टेरी संस्थान ने अपने स्थापना के पंद्रहवें वर्ष को संस्थान ने बहुत आत्मीयता के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के प्रशासनिक भवन में हवन के साथ हुआ। संस्थान के निदेशक डॉ. सागर गुलाटी ने सभी आगंतुकगणों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

उन्होंने स्वामी विवेकानंद को विश्व जगत का मार्गदर्शक बताते हुए युवा पीढ़ी को उनके पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, वैसे तो 13 वर्ष किसी संस्थान के लिए, कोई बहुत बड़ा अरसा नहीं होता, संस्थान बनने में सैकड़ो वर्ष लगते हैं, पर इन प्रारंभिक वर्षों में टेरी एक संतोषजनक नीव स्थापित करने में सफल रहा है। इस प्रारंभिक वर्षों में 3 आईआईटी से टेरी की मान्यता, आईऐओ, यूएसऐ से टेरी की सम्बद्धता, 24 राज्यों, नेपाल, बांग्लादेश एवं अफग़ानिस्तान आदि के छात्रों की टेरी में उपस्थिति, एवं टेरी के पूर्व छात्रों का 19 देशों में विभिन्न पदों पर होना प्रसन्नता का विषय है। संस्थान की अध्यक्षा श्रीमती गरिमा गुप्ता ने कहा कि जल्द ही संस्थान एक प्रसिद्ध इंडस्ट्री-पार्टनर के साथ मिलकर कुछ नए शार्ट-टर्म और लॉन्ग टर्म कोर्सेज शुरू करने की दिशा में अग्रसर है, जिससे छात्रों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

## लोहड़ी पर सफाई कर्मियों को बांटे गर्म वस्त्र और मिठाई

यमुनानगर। रोटरी क्लब रादौर की ओर से बुधवार को लोहडी का पर्व नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर शहर के नगरपालिका पार्क में आयोजित कार्यक्रम में थाना रादौर प्रभारी गुरदेव सिंह सिद्धू मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के प्रधान राजीव शर्मा ने की। कार्यक्रम में क्लब की ओर से मुख्यातिथि थाना प्रभारी गुरदेव सिंह ने नपा के सभी सफाई कर्मचारियों व चौंकीदारों को कंबल, टोपियां, मुंगफलियां भेट की गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी गुरदेव सिंह ने रोटरी क्लब द्वारा दुनियाभर में मानवता की सेवा के लिए किये जा रहे हैं।

# हेल्थ वर्कर को पहुंची कोरोना वैक्सीन की पहली खेप

## कोविशिल्ड की 241500 और कोवैक्सीन की पहुंची 20 हजार डोज

### 16 जनवरी से शुरु होगा कोरोना वैक्सीन लगाने का कार्य

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

एनएचएम के निदेशक प्रशासन डा. बीके राजोरा ने कहा कि प्रदेश के सभी स्वास्थ्य कर्मियों को कोरोना वैक्सीन लगाने की पहली खेप एलएनजेपी अस्पताल कुरुक्षेत्र में बने प्रदेश स्तरीय स्टोर में पहुंच गई है। इस स्टोर में सीरम संस्थान द्वारा बनाई गई कोविडशिल्ड की 2 लाख 41 हजार 500 और भारत बायोटैक



कोरोना वैक्सीन को उतारते कर्मी।

द्वारा बनाई गई कोवैक्सीन की 20 हजार डोज पहुंची है। इस कोरोना वैक्सीन को सुरक्षा व्यवस्था के बीच चंडीगढ़ से एलएनजेपी अस्पताल तक लाया गया है और राज्य सरकार की गाईडलाईंस के अनुसार कुरुक्षेत्र में बने स्टोर में सुरक्षित रखा गया है।

चंडीगढ़ से सुरक्षा पहरे के बीच कोरोना वैक्सीन को प्रशासन की तरफ से नगराधीश एवं सीईओ केडीबी अनुभव मेहता, सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह, डिप्टी सिविल सर्जन एवं नोडल अधिकारी डा. अनुपमा, डिप्टी सिविल सर्जन डा. रमेश सभ्रवाल सहित प्रशासन द्वारा निर्धारित टीम ने प्राप्त किया। इस वैक्सीन को चंडीगढ़ से कुरुक्षेत्र लाया गया है, इसमें कोविशिल्ड की 2 लाख 41 हजार 500 और कोवैक्सीन की 20 हजार डोज है।

# लोहड़ी पर विद्यार्थियों ने पंजाबी डांस की दी प्रस्तुति

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

एसआरएम ग्लोबल ग्रुप ऑफ प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट के आंगन में लोहड़ी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में ग्रुप के सी एमडी डा. रोशन लाल जिंदल, चेयरपर्सन रितु जिंदल, फार्मेसी कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ रिचा ओहरी, बीएड कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ ऊषा सिंघल, डिप्लोमा कॉलेज के प्रिंसिपल प्रदीप हुड्डा स्टाफ व स्टडेंट्स मौजूद रहे।

डा. केशव गोयल एमडी मुख्य मेहमान के तौर पर शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ रोशन लाल जिंदल व रितु जिंदल की ओर से



लोहड़ी की धूणी को आग लगाकर की गई। सभी को लोहड़ी की बधाई देते हुए मूंगफली, गजक बांटी गई। स्टूडेंट्स ने पंजाबी डांस, गाने व शायरी की पेशकश दी। सीएमडी रोशन लाल जिंदल ने लड़कियों की लोहड़ी मनाने का संदेश देते हुए कहा कि लड़किया और लड़कों को आज बराबर समझा जाता है, इसलिए आज लोग लड़कियों की भी लोहड़ी मानते है।

## संक्षिप्त समाचार

### जी लिट्रा वैली स्कूल करेगा हरियाणा का प्रतिनिधित्व

भिवानी। खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय युवा महोत्सव 12 जनवरी से 16 जनवरी तक आयोजित हो रहा है, जोकि कोरोना के कारण ऑनलाइन आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में जिले से जी लिट्रा वैली स्कूल के बच्चों ने समूह लोकनृत्य मे पहले जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय युवा उत्सव मे भाग लिया, जिसमें जी लिट्रा वैली स्कूल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अपना शानदार प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय युवा महोत्सव में अपनी प्रतिभागिता की जो कि कुरुक्षेत्र के मल्टी आर्ट कल्चर सेंटर के भरतमुनि ऑडोटोरियम मे भारत सरकार के पैनल पर वीडियोग्राफी के माध्यम से किया गया। जी लिट्रा वैली स्कूल की टीम लोकनृत्य समूह में कोकिला हाडा, नैना कौशिक, खुशी शर्मा, प्रिया शर्मा, वर्षा, लावण्या, दीपाली, मान्या ने अपनी प्रस्तुति दी।

### बसों की समस्याओं को लेकर स्थानीय प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

भिवानी। मुंढाल, बवानीखेड़ा, कलानौर व तोशाम से भिवानी तक बसों की कमी तथा बसों के न रूकने के कारण विश्वविद्यालय, आईटीआई व कॉलेजों में पढ़ने आने वाली छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छात्राओं की बसों की समस्याओं को लेकर छात्र नेता प्रवीण गोलागढ़ की अध्यक्षता में डिपो भिवानी स्थानीय प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। छात्र नेता प्रवीण गोलागढ़ ने बताया कि इन रूटों पर बसों की भारी कमी है जिसके कारण छात्राओं को बारी समस्याओं से बसों में चढ़कर या बसों में खड़े हो कर आना पड़ता है। उन्होंने बताया कि हर रोज लगभग 10 से 12 हजार छात्र-छात्राएं पढ़ने के लिए शहर में आते हैं। बसों कि कमी होने के कारण कुछ छात्र-छात्राओं को निजी वाहनों में दुगना किराया लगाकर आना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो दावा किया था की छात्राओं के लिए स्कूल व कॉलेजों तक स्पेशल बसें चलाने का दावा किया था वे फेल हो गया है। उन्होंने स्थानीय प्रभारी को बताया कि छाजूराम चौक पर बसों के न रूकने के कारण व ड्राइवरों द्वारा बसों की तेजगति कर देने के कारण छात्राओं को भारी परेशानीयां हो रही है। उन्हें भाग कर बसों में चढना् पड़ता है जिससे घटना होने का खतरा रहता है। उन्होंने चौकों पर बसों को रूकवाने तथा रूटों पर बसों की संख्या बढ़ाने की मांग रखी। स्थानीय प्रभारी ने उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द निधान करने का आश्वासन दिया।

### 364 किसानों की थर्मल स्कैनिंग करते हुए 709 मास्क बांटे

सोनीपत। उपायुक्त श्याम लाल पूनिया ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर धरनारत किसानों की स्वास्थ्य जांच नियमित रूप से जारी है। इस दौरान बुधवार को 364 किसानों की थर्मल स्कैनिंग की गई। साथ ही 709 मास्क भी बांटे गए। उपायुक्त ने बताया कि 226 किसानों को पैरासिटामोल की टेबलेट तथा 90 को बी-कॉम्पलैक्स की टेबलेट ओर 96 को विटामिन-सी की टेबलेट वितरीत की गई हैं। 36 किसानों को ओआरएस, 82 को रैंटेक, 67 को एम्लोडीपिन, 41 को सिट्राजिन और 43 मेट्रोजिल की टेबलेट बांटी गई हैं। साथ ही चोटग्रस्त 04 किसानों की ड्रेसिंग भी की गई है। इसके अलावा आयुष विभाग के 39 इम्यूनिटी बूस्टर भी वितरीत किए गए हैं। उपायुक्त पूनिया ने धरनारत किसानों से अपील की कि वे मास्क का प्रयोग अवश्य करें। कोरोना वायरस के संक्रमण के दृष्टिगत बचाव संबंधी उपाय अवश्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि धरनारत किसानों को जरूरी दवाइयों के वितरण के साथ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। किसानों को इसका लाभ उठाना चाहिए।

### ऑनलाइन क्लास में आपत्तिजनक वीडियो की जांच करेगी पुलिस

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की ऑनलाइन क्लास के दौरान चली आपत्तिजनक वीडियो के मामले में पुलिस ने अज्ञातों के खिलाफ आईटी एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज किया है। ऑनलाइन क्लास के दौरान चली आपत्तिजनक वीडियो मामले में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से एक शिकायत पुलिस को सौंपी गई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी जांच शुरू कर दी है। बता दें कि 7 जनवरी को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की ऑनलाइन क्लास के दौरान अचानक अश्लील वीडियो चल गई थी। जब ये घटना घटी उस वक्त छात्राओं सहित कई छात्र वर्चुअल तरीके से क्लास में जुड़े थे। पुलिस ने उसके आधार पर जांच शुरू की है और जल्द ही आरोपियों को काबू कर लिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार कुछ आउटसाइडर विद्यार्थी हैं, जो इस मामले के आरोपी बताए जा रहे हैं। फिलहाल आरोपियों का पता पुलिस जांच के बाद ही चल पाएगा।

### संजय गांधी स्कूल में धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व

कुरुक्षेत्र। संजय गांधी ओम प्रकाश गर्ग मेमोरियल पब्लिक स्कूल सुजरा बाबैन के प्रांगण में लोहड़ी के पर्व को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधान पवन गर्ग ने कहा कि लोहड़ी पर्व को पंजाब व हरियाणा में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। स्कूल की प्रधानाचार्य ने बताया कि यह पर्व माघ मास की मकर संक्रान्ति से एक दिन पूर्व मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है की इस पर्व पर सर्दियों का अंत व गर्मियों का शुभारंभ होता है। दिन कतरा कतरा बढने् शुरू हो जाते हैं, इसके बाद से सूर्य की ऊर्जा अधिक प्राप्त होती है। इस त्योहार पर मूंगफली, रेवड़ी आदि को प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। पंजाब में नव दम्पत्ति व नवजात शिशु की पहली लोहड़ी बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य सविता सूदन व निर्मला, दीपशिखा, सुनीता, मनु, हरप्रीत, पिंकी, आरती, इंदु, शिल्पी, परमजीत व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### तावडू नगर में हर्षोल्लास के साथ मना लोहड़ी पर्व

तावडू। शहर में पंजाबी समाज की ओर से पंजाबी धर्मशाला में लोहड़ी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। सभी ने अग्नि प्रज्ज्वलित कर लोहड़ी पूजन किया। इसमें मक्की के दाने, तिल व मूंगफली अर्पित की। इस दौरान सभी ने परिक्रमा कर सुख-समृद्धि की कामना की। गीत-संगीत ढोल नगाड़ों की थाप पर लोगों ने जमकर भंगड़ा किया। कार्यक्रम में ढोल की थाप पर महिलाओं ने जहां गिद्दा किया वहीं युवाओं में भी जमकर उत्साह रहा। इस दौरान नवविवाहित जोड़ों ने लोहड़ी पूजन किया। इस मौके पर सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने लोहड़ी की विशेष पूजा की व सुंदर-मुंदरिए व तेरा की विचारा गाने गाए। पंजाबी समाज तावडू के प्रधान प्रमोद आहूजा ने इस दौरान कहा कि भारत पर्वों का देश है। जहां पर सभी समुदाय के लोग पर्वों को धूमधाम से मनाते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में इस सीजन में फसले तैयार हो जाती हैं। जिसकी खुशी में पंजाबी समुदाय जश्न मनाता है। वहीं कार्यक्रम में 75 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा सिंह सभा के पाठी गुरूमीत सिंह, तावडू पंजाबी समाज के प्रधान प्रमोद आहूजा, नीटू मैहंदीरत्ता, कृष्णलाल मदान, सुदर्शन वर्मा, पार्षद पति नरेश ढ़ल, पूर्व पार्षद विनय मलिक, सुरेंद्र अदलखा, देशराज ओवरसीयर, राजकुमार गेरा, मास्टर चंद्रप्रकाश खुराना, मास्टर भोलानाथ, डॉ. जगन्नाथ गक्खड़, पंडित रमेशचंद, विनोद आहूजा, बीजेपी मंडल अध्यक्ष सोहना गौरव चुघ, प्रवक्ता राकेश सचदेवा, धर्मेंद्र चांदना, गुलशन अरोड़ा, सुभाष पंडित, रामनारायण तनेजा, अधिवक्ता दीपक सतीजा, दीपक चांदन, बिजेंद्र आहूजा, लीला भल्ला के अलावा कई अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### किसान आंदोलन : नूंह जिले की सड़कों पर जाम हुआ आम

मेवात। जिले में जाम अब आम हो चुका है। जिले की किसी भी मुख्य सड़क से गुजरना टेढ़ी खीर है। सड़कों पर वाहनों की पहले ही कमी नहीं थी, लेकिन किसान आंदोलन के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग-8 तथा राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर किसानों के प्रदर्शन की वजह से पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रास्ता रोका हुआ है। जिसकी वजह से नूह जिले की सड़कों पर वाहनों की संख्या में इजाफा हुआ है। इन सड़कों पर छोटे वाहन कम बल्कि ट्रक, कंटेनर, ट्रोला जैसे बड़े वाहन दिन भर आवागमन करते रहते हैं। वाहनों की संख्या अधिक होने तथा ट्रैफिक पुलिस के जवानों की संख्या कम होने की वजह से जिले की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से इन दिनों चरमराई हुई है। बडकली चौक से नूह शहर के बीच तकरीबन 20 किलोमीटर का रास्ता जाम की वजह से घंटे भर में तय हो पा रहा है। इससे समय व धन की बर्बादी भी लगातार बढ़ रही है। कुल मिलाकर किसान आंदोलन का असर नूह जिले की सड़कों पर साफ-साफ देखा जा सकता है। जिससे राहगीरों को इन दिनों भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राजस्थान के अलवर तथा जयपुर, भरतपुर के अलावा उत्तर प्रदेश के आगरा इत्यादि जिलों से आने वाले वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग-2 तथा 8 पर किसान आंदोलन की वजह से सड़क बंद होने के कारण रूट डायवर्ट कर अब अधिकतर वाहन नूंह जिले की सड़कों से गुजर रहे हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति को तेजी से लागू करने के लिए

# समीक्षा और अनुपालन समिति गठित हो : निशंक

एजेंसी। नई दिल्ली

**केंद्रीय** शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को तेजी से लागू करने के लिए उच्च शिक्षा सचिव के नेतृत्व में एक समीक्षा समिति और एक अनुपालन समिति गठित करने का सुझाव दिया है। मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने यह सुझाव नई शिक्षा नीति 2020 के अनुपालन एवं लागू किए जाने से जुड़े विभिन्न आयामों की मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा के दौरान दिया। समीक्षा के



दौरान मंत्री ने उच्च शिक्षा और स्कूली शिक्षा विभागों के बीच राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किए जाने को लेकर समन्वय स्थापित करने के लिए एक कार्यबल गठित करने की भी सिफारिश की।

शिक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा

**केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने उच्च शिक्षा सचिव के नेतृत्व में समिति गठित करने का दिया सुझाव**

नीति को तेजी से लागू करने के लिए उच्च शिक्षा सचिव के नेतृत्व में एक समीक्षा समिति और एक अनुपालन समिति गठित करने का सुझाव दिया। मंत्रालय के बयान के अनुसार, निशंक ने पैकेज संस्कृति से पेटेंट की संस्कृति की ओर बढ़ने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा, नीति की सफलता के लिए राष्ट्रीय शिक्षा प्रौद्योगिकी फोरम और राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन महत्वपूर्ण हैं और इसलिए इनकी स्थापना वर्ष 2021-22 में होनी चाहिए।

निशंक ने सभी पक्षकारों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने और वर्तमान नीतियों के बीच सामंजस्य सुनिश्चित करने को कहा और बेहतर परिणाम के लिए उद्योग एवं शिक्षण संस्थानों के बीच संबंध पर जोर दिया। मंत्रालय के अनुसार, उच्च शिक्षा में अनुपालन के संबंध में 181 कार्यों की पहचान की गई और नई शिक्षा नीति के अनुरूप इन 181 कार्यों की समयबद्ध प्रगति की निगरानी के लिए एक डैशबोर्ड बनाने की जरूरत पर जोर दिया गया।

समीक्षा के दौरान इन कार्यों को लागू करने के लिए साप्ताहिक एवं मासिक कैलेंडर बनाने की बात कही गई। गौरतलब है कि सरकार ने पिछले साल जुलाई में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर मुहर लगाई थी। नई शिक्षा नीति में पांचवीं तक और अगर संभव हो सके तो आठवीं कक्षा तक मातृभाषा में ही शिक्षा उपलब्ध कराने की बात कही गई।

### केरल को मिली कोविशील्ड टीके की पहली खेप

**कोच्चि।** केरल को कोविशील्ड टीके की पहली खेप मिल गई। पुणे स्थित सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया से कोविशील्ड टीके की पहली खेप बुधवार सुबह कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंची। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एर्नाकुलम और कोझीकोड के लिए टीका लाने वाली गो एयर की उड़ान सुबह 10.35 बजे हवाई अड्डा पर उतरी। टीके को संबंधित केंद्रों तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए विशेष वाहन की व्यवस्था की गई। उन्होंने कहा कि टीके को विमान से उतारकर वाहन में रखने का काम 10 मिनट में पूरा हो गया। टीके लेकर आने वाली दूसरी उड़ान के आज दोपहर तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने की उम्मीद है।

**कोविड प्रभावित क्षेत्रों से बाहर**

# आंगनबाड़ी केंद्र पुनः खोलने पर निर्णय लें राज्य : कोर्ट

एजेंसी। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बुधवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि पिछले साल कोविड-19 महामारी के दौरान बंद किए गए आंगनबाड़ी केंद्र, जो कंटेनमेन्ट जोन के बाहर हैं, उन्हें फिर से खोलने के बारे में 31 जनवरी तक फैसला लें। शीर्ष अदालत ने कहा कि अपने नागरिकों की जिंदगी और उनके अच्छे स्वास्थ की रक्षा करना सरकार का प्रथम कर्तव्य और संवैधानिक दायित्व है। इसके साथ ही न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून, 2013 के तहत सभी गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली मांओं और कुपोषण से ग्रस्त बच्चों के लिए पोषक तत्व उपलब्ध हों।

न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति एम आर शाह की पीठ ने निर्देश दिया कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश आंगनबाड़ी केंद्रों की निगरानी और उनके पर्यवेक्षण के बारे में आवश्यक आदेश जारी करेंगे ताकि प्रत्येक जिले में सभी लाभार्थियों तक लाभ पहुंचने और



**गृह मंत्रालय के पिछले साल 25 नवंबर के फैसले का भी किया जिक्रः** न्यायालय ने इस तथ्य का भी संज्ञान लिया कि 11 नवंबर 2020 को महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में कंटेनमेन्ट जोन से बाहर स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों का पालन करने के बाद आंगनबाड़ी केंद्रों में काम शुरू करने का प्रावधान था। इसके साथ ही न्यायालय ने गृह मंत्रालय के पिछले साल 25 नवंबर के आदेश का भी जिक्र किया, जिसके एक पैराग्राफ में 65 साल से ज्यादा उम्र के व्यक्तियों, गर्भवती महिलाओं और 10 साल की उम्र से कम आयु के बच्चों को आवश्यक कार्यों के अलावा घर में रहने की सलाह दी गई थी।

शिकायतों के निदान की व्यवस्था सुनिश्चित हो। पीठ ने कहा कि किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्र नहीं खोलने का निर्णय संबंधित राज्य के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा ऐसा नहीं करने, विशेषकर कंटेनमेन्ट जोन के बाहर के इलाकों, के बारे निर्देश के बाद ही लिया जाएगाा। आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद करने से उत्पन्न स्थिति के मामले में पीठ ने अपने 31 पेज के फैसले में कहा, कंटेनमेन्ट जोन में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों को कंटेनमेन्ट की स्थिति जारी रहने के दौरान नहीं खोला जाएगा। पीठ ने कहा, अपर्याप्त पोषित खाद्य सामग्री की आपूर्ति नागरिकों, खासकर बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य को प्रभावित करेगी। इसलिए इससे संविधान के अनुच्छेद 21 में प्रदत्त स्वास्थ्य और गरिमा के साथ जीने के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा।

न्यायालय ने अपने फैसले में इस तथ्य का भी जिक्र किया कि कुछ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने अपने यहां आंगनबाड़ी केंद्र पुनः खोल दिए हैं। पीठ ने फैसले में कहा, हमारा मानना है कि जब तक आंगनबाड़ी केंद्र नहीं खोलने की कोई स्पष्ट वजह नहीं हो, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कंटेनमेन्ट जोन के बाहर स्थित सारे आंगनबाड़ी केंद्रों को जल्द से जल्द कार्यशील बनाना चाहिए। सभी राज्य 31 जनवरी या इससे पहले स्थिति की समीक्षा करके इस बारे में सकारात्मक निर्णय लें बशर्ते किसी राज्य विशेष में इन केंद्रों को 31 जनवरी से या उससे पहले खोलने के बारे में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का स्पष्ट निर्णय नहीं हो। पीठ ने कहा, बच्चे हमारी अगली पीढ़ी हैं और अगर हम बच्चों और महिलाओं को पोषक भोजन उपलब्ध नहीं कराएंगे तो इससे हमारी नई पीढ़ी और अंततः पूरा देश प्रभावित होगा। इसमें किसी को संदेह नहीं होगा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और अगर उन्हें पर्याप्त पोषक तत्व उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की कंजूसी होती है, तो इससे भविष्य में पूरा देश उनकी क्षमताओं का लाभ उठाने से वंचित होगा। पीठ ने अपने फैसले में इस तथ्य का भी जिक्र किया कि गृह मंत्रालय द्वारा पिछले साल 24 मार्च को कोविड-19 पर काबू पाने के लिए जारी आदेश के बाद इन आंगनवाड़ी केंद्रों को बंद किया गया था। न्यायालय ने कहा कि महिला और बाल विकास मंत्रालय ने पिछले साल 30 मार्च को निर्देश दिया था कि लाभार्थियों को उनके घर पर ही आवश्यक पोषक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए आंगनबाड़ी/सहायकों की सेवाओं का उपयोग किया जाए।

## श्रीनगर में पिछले आठ साल में सबसे कम तापमान दर्ज



एजेंसी। श्रीनगर

**ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर शहर में शून्य से 7.8 डिग्री नीचे लुढ़का पारा**

कश्मीर घाटी में हाड़कंपाने वाली ठंड जारी है और जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर शहर में पिछले आठ साल का सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी ने यहां बुधवार को बताया कि श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 7.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछले आठ साल में शहर का सबसे कम न्यूनतम तापमान है। उन्होंने बताया कि इससे पहले 14 जनवरी, 2012 को इतना ही न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया था। शेष घाटी में भी भीषण ठंड है। दक्षिण कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए आधार शिविर के तौर पर काम करने वाले पहलगाम पर्यटन स्थल में शून्य से 11.7 डिग्री सेल्सियस नीचे तापमान दर्ज किया गया, जबकि इससे पहले की रात न्यूनतम तापमान शून्य से 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। यह जम्मू-कश्मीर में सबसे ठंडा स्थान रहा।

गुलमर्ग पर्यटन स्थल में न्यूनतम तापमान शून्य से 10 डिग्री नीचे दर्ज किया गया, जबकि इससे एक रात पहले यह शून्य से 11.2 डिग्री सेल्सियस नीचे था। काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 9.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान शून्य से 5.6 डिग्री सेल्सियस नीचे और दक्षिण के कोकेरनाग में न्यूनतम तापमान शून्य से 9.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान में आई गिरावट से जलापूर्ति पाइपों में पानी जम गया है। डल झील समेत कई अन्य स्थिर जलाशयों पर बर्फ की घनी चादर जम गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री पर लग बलात्कार का आरोप, आरोपी ने किया इंकार

**मुंबई।** एक महिला ने महाराष्ट्र के सामाजिक न्याय मंत्री धनंजय मुंडे पर बलात्कार का आरोप लगाया है, साथ ही उसने कहा कि मुंबई पुलिस ने उसकी शिकायत नजरअंदाज की। राकांपा नेता मुंडे ने इन आरोपों को खारिज किया है और कहा कि शिकायतकर्ता और उसकी बहन उन्हें ब्लैकमेल कर रही हैं। मुंडे ने कहा कि शिकायतकर्ता की बहन के साथ उनका रिश्ता था और वह उसके दो बच्चों के पिता हैं। महिला (37) ने कहा कि उसने 10 जनवरी को मुंबई पुलिस आयुक्त को एक पत्र लिख कर बताया था कि मुंडे ने 2006 में कई बार उसके साथ बलात्कार किया। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसने यहां पहले ओशिवारा पुलिस से संपर्क किया था, लेकिन उसकी शिकायत दर्ज नहीं की गई। मुंडे (45) ने कहा कि महिला ने उसे ब्लैकमेल करने की साजिश के तहत ए आरोप लगाए हैं। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि उनका शिकायतकर्ता की बहन के साथ संबंध था और उनके दो बच्चे हैं। मुंडे ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि उनकी पत्नी, परिवार और मित्रों को इस संबंध की जानकारी है और उसके परिवार ने दोनों बच्चों को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि उनका जिस महिला से संबंध था, वह 2019 से उन्हें ब्लैकमेल कर रही है और उन्होंने पुलिस में एक शिकायत भी दर्ज कराई थी और अपने खिलाफ अपमानजनक सामग्री बांटने पर रोक लगाने के लिए बंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया था।

### महाराष्ट्र को कोविड-19 के 17.5 लाख टीकों की जरूरत

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार को कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए टीके की 9.83 लाख खुराकें मिली हैं, जबकि पहले चरण के टीकाकरण के लिए 17.5 लाख टीकों की जरूरत है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने बुधवार को यह बात कही। टोपे ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य को सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से कोविशील्ड के 9.63 लाख टीके और भारत बायोटेक द्वारा निर्मित 20,000 टीके मिले हैं। उन्होंने कहा, हमें एक व्यक्ति को चार सप्ताह के अंतर में टीके की दो खुराकें देनी हैं, इस प्रकार से आठ लाख पंजीकृत स्वास्थ्य कर्मियों में से करीब 55 प्रतिशत स्वास्थ्यकर्मियों का ही अभी टीकाकरण हो पाएगा। टोपे ने कहा, महाराष्ट्र में टीकाकरण के पहले चरण में 17.50 लाख टीकों की जरूरत है। हमें ज्यादा टीकों की जरूरत है क्योंकि 10 प्रतिशत का नुकसान होने का अनुमान है। लेकिन हमें सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से 9.63 लाख टीके मिले हैं और भारत बायोटेक द्वारा निर्मित कोवैक्सीन के 20,000 टीके मिले हैं। टोपे ने बताया कि केन्द्र ने राज्य से टीकाकरण केन्द्रों की संख्या 511 से घटा कर 350 करने की ताकीद की है और कहा है कि सरकार को अन्य आपात स्थितियों पर भी नजर रखनी चाहिए। उन्होंने कहा, अगर हम 350 केन्द्र रखते हैं और प्रत्एक केन्द्र में 100 लोगों को टीके लगाए जाते हैं, तो राज्य में टीकाकरण के पहले दिन यानी 16 जनवरी को केवल 35,000 स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लग पाएगा।

### यूट्यूब ने एक हफ्ते के लिए ट्रम्प के चैनल को निलंबित किया

**हांगकांग।** यूट्यूब ने हिंसा की आशंकाओं को लेकर जारी चिंताओं के मद्देनजरको कम से कम एक सप्ताह के लिए निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का चैनल निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही वह ट्रम्प की ऑनलाइन गतिविधियों को निलंबित करने वाले सोशल मीडिया मंचों में शामित हो गई है। यूट्यूब ने एक ट्वीट में कहा कि उसने नई सामग्री अपलोड होने के बाद ट्रम्प के चैनल को निलंबित कर दिया, जिसने उसकी नीतियों का उल्लंघन किया है। बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि कौन से वीडियो पर सवाल खड़ा किया गया है या उसने किस तरह से उसकी नीतियों का उल्लंघन किया है। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) में ट्रंप के समर्थकों ने हमला किया था जिसमें कैपिटल पुलिस के एक अधिकारी तथा चार अन्य लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना से नवनिर्वाचित राष्ट्रपति की जीत को प्रमाणित करने की प्रक्रिया बाधित हुई थी। इस घटना के बाद अब तक फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम समेत कई सोशल मीडिया मंचों ने ट्रम्प के अकाउंट को निलंबित कर दिया है। यूट्यब ने ट्विटर पर एक बयान में कहा, सामग्री की समीक्षा के बाद और हिंसा की आशंका को लेकर जारी चिंताओं के मद्देनजर, हमने अपनी नीतियों का उल्लंघन करने पर डोनाल्ड जे ट्रम्प के चैनल पर अपलोड की गई नई सामग्री हटा दी।

### संयुक्त राष्ट्र ने युद्धग्रस्त के लिए मांगे 1.3 अरब डॉलर

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने दशकों लंबे संघर्ष, कई प्राकृतिक आपदाओं और कोविड-19 महामारी से प्रभावित अफगानिस्तान में जीवन-रक्षक उपाय की आवश्यकता के मद्देनजर लगभग 1.6 करोड़ लोगों की सहायता के लिए 1.3 अरब डालर की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि सहायता की जरुरत वाले लोगों की संख्या चार साल पहले की तुलना में छह गुना अधिक है, जब 23 लाख लोगों को सहायता की जरुरत थी। उन्होंने सोमवार को कहा, यह अनुमान लगाया गया है कि पांच साल से कम उम्र के दो बच्चों में से लगभग एक को इस साल गंभीर कुपोषण का सामना करना पड़ेगा। दुजारिक ने कहा कि भुखमरी बढ़ रही है क्योंकि लोगों ने अपनी आजीविका खो दी है। उन्होंने कहा कि 2021 में, अफगानिस्तान की लगभग आधी आबादी को जीवित रहने के लिए मानवीय सहायता की आवश्यकता होगी। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) के अनुसार, पूरे अफगानिस्तान में लगभग 1.84 करोड़ लोगों को सहायता की आवश्यकता है। कोरोना वायरस महामारी के प्रकोप के साथ पिछले साल यह संख्या तेजी से बढ़ी है। अफगानिस्तान के लिए मानवतावादी समन्वयक पार्वती रामास्वामी ने एक मानवीय प्रतिक्रिया योजना को पेश करते हुए कहा, संकट के दौरान, लोग तेजी से हताश हो रहे हैं। अपनी बेटियों की कम उम्र में शादी करने और अपने बच्चों को काम पर भेजने व अपनी आजीविका चलाने के लिए ऋण और अन्य खतरनाक उपाय का सहारा ले रहे हैं।

### समाजवादी पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा की

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की 12 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने बुधवार को दो प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए। पार्टी ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। पार्टी की ओर से जारी बयान के अनुसार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लिए अहमद हसन और राजेंद्र चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की 403 सदस्यों वाली विधानसभा में मौजूदा समय में 402 सदस्य हैं। जिनमें भारतीय जनता पार्टी के 310, समाजवादी पार्टी के 49, बहुजन समाज पार्टी के 18, अपना दल (सोनेलाल) के नौ, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सात, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के चार, निर्दलीय तीन, राष्ट्रीय लोकदल के एक, निर्बल इंडियन शोषित हमारा अपना दल (निषाद) के एक सदस्य हैं। भाजपा के साथ अपना दल (सोनेलाल) का गठबंधन है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अनुसार 11 जनवरी से नामांकन पत्र दाखिल करने की शुरू हुई प्रक्रिया 18 जनवरी तक चलेगी और 19 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 21 जनवरी को नाम वापसी और 28 जनवरी को मतदान होगा। 28 जनवरी की शाम से ही मतगणना की भी प्रक्रिया शुरू होगी।

### कर्नाटक में सात मंत्रियों ने शपथ ग्रहण की : एदियुरप्पा

**बेंगलुरु ।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा ने कहा कि 17 महीने पुराने मंत्रिमंडल के विस्तार के तहत बुधवार को सात नए मंत्रियों ने शपथ ग्रहण की। आबकारी मंत्री एच नागेश से मंत्रालय का कार्यभार वापस लिए जाने का संकेत देते हुए एदियुरप्पा ने बुधवार को कहा कि एक सीट रिक्त रखी जाएगी। एदियुरप्पा ने कहा, शपथ ग्रहण करने वाले सात मंत्रियों की सूची राजभवन को पूर्व में भेज दी गई है। उनके नाम हैं- उमेश कट्टी, अरविंद लिम्बावली, एमटीबी नागराज, मुरुगेश निरानी, आर शंकर, सी पी योगेश्वर और एस अंगारा। राज्य सूचना विभाग की विज्ञप्ति के अनुसार, राज्यपाल वजुभाई वाला मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले नए सदस्यों को बुधवार को राजभवन के ग्लास हाउस में अपराह्न तीन बजकर 50 मिनट पर पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। इस समारोह में शामिल होने के लिए भाजपा की राज्य इकाई के प्रभारी महासचिव अरुण सिंह भी शहर में मौजूद रहे। एदियुरप्पा ने जुलाई, 2019 में कार्यभार संभालने के बाद से यह मंत्रिमंडल का तीसरा विस्तार किया है।

## खतरनाक अपशिष्ट को लेकर एनजीटी ने सरकार को फटकार लगाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पर्यावण मंत्रालय की एक समिति की उस रिपोर्ट पर देरी के लिए मंत्रालय को लताड़ लगाई है। जिसका गठन टायर, सीसा और पीसीबी सहित खतरनाक अपशिष्टों के आयात की समीक्षा करने के लिए किया गया था। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि अगर कोई मामला किसी तार्किक नतीजे तक नहीं पहुंचे तो केवल समिति गठित करने से कुछ हल नहीं होगा। अधिकरण ने कहा कि ऐसा कहा गया है कि पर्यावरण एवं वन मंत्रालय (एमओईएफ) ने एक वर्ष से ज्यादा समय पहले एक समिति गठित की थी।

## राजस्थान कांग्रेस के मुद्दों के समाधान के लिए गठित समिति काम कर रही है : वेणुगोपाल

एजेंसी। जयपुर

**कांग्रेस** के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बुधवार को यहां कहा कि राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट द्वारा उठाए गए मुद्दों के समाधान के लिए गठित समिति अपना काम कर रही है। वेणुगोपाल ने समिति के बारे में पूछे जाने पर यहां संवाददाताओं से कहा, वह समिति काम कर रही है। काम चल रहा है और कुछ नहीं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल जुलाई अगस्त में पायलट एवं 18 अन्य कांग्रेस विधायकों के बागी होने के बाद उपजे राजनीतिक संकट के बाद कांग्रेस आलाकमान ने पायलट खेमे द्वारा उठाए गए मुद्दों के समाधान के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। उल्लेखनीय है कि राजस्थान से राज्यसभा सांसद वेणुगोपाल कल यहां पहुंचे। बुधवार की सुबह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने उनसे मुलाकात की। वेणुगोपाल ने कहा कि वह संसद में राजस्थान से जुड़े मुद्दों को उठाने के लिए जानकारी लेने यहां आए हैं।

## चुनाव को प्रमाणित करने के लिए मतदान करने वाले सांसदों को मिल रही हैं धमकियां : रो खन्ना

एजेंसी। वाशिंगटन

भारतीय-अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने कहा है कि जो बिडेन की जीत की पुष्टि के लिए तीन नवंबर को हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव के परिणाम को प्रमाणित करने के पक्ष में मतदान करने वाले अमेरिकी सांसदों को हिंसक धमकियां मिल रही हैं। जिनमें जान से मारने की धमकियों भी शामिल हैं।

खन्ना ने एक साक्षात्कार में कहा कि डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी, दोनों दलों के सांसदों को धमकियां मिल रही हैं। खन्ना ने सीएनएन के प्रस्तोता ब्रूक बाल्डविन से कहा, लोगों



को यह समझ नहीं आता कि हिंसा का खतरा केवल डेमोक्रेटिक नेताओं को ही नहीं है, यह खतरा रिपब्लिकन नेताओं को भी है। मैंने अपने कुछ सहकर्मियों से बात की है -- मैं यह नहीं बताना चाहता कि ये धमकियां किन लोगों को मिली हैं, लेकिन उन्हें जान से मारे जाने की भी धमकियां मिली हैं।

कैलिफोर्निया से डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता खन्ना ने कहा, चुनाव परिणाम को प्रमाणित करने के लिए मतदान करने वालों को हिंसा की धमकियां मिल रही हैं। अमेरिकी संसद के छह जनवरी को हुए संयुक्त सत्र में निर्वाचक मंडल (इलेक्टोरल कॉलेज) ने चुनाव में अगले राष्ट्रपति के तौर पर बाइडन और अगली उपराष्ट्रपति के तौर पर कमला हैरिस की जीत को औपचारिक रूप से प्रमाणित किया था।

## ओडिशा में कोविड-19 के 210 नए मामले आए, एक और हुई मौत

पायनियर समाचार सेवा। भुवनेश्वर

**ओडिशा** में 210 और लोगों को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने से बुधवार को कोविड-19 के कुल मामले बढ़कर 3,32,541 हो गए, जबकि बीमारी से एक और मौत होने से राज्य में मृतकों की संख्या बढ़कर 1,895 हो गई।

स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया



कि विभिन्न पृथक-वास केंद्रों से 122 नए मामले सामने आए, जबकि संक्रमितों के संपर्कों का पता लगाने के दौरान 88 संक्रमण पाए गए। अधिकारी ने बताया कि सुंदरगढ़ जिले में सबसे अधिक 30 नए मामले सामने आए, जिसके बाद अंगुल में 24 और संबलपुर में 16 मामले सामने आए। स्वास्थ्य विभाग ने ट्वीट कर कहा, भुवनेश्वर के एक 70 वर्षीय कोविड मरीज के निधन की दुखद सूचना है, जो मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित थे। ओडिशा में अभी 2,141 मरीजों का इलाज चल रहा है।

## सरकार ने राष्ट्रीय पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम किया स्थगित

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम को अप्रत्याशित गतिविधियों का हवाला देते हुए अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है। इसके तहत, पांच वर्ष तक के आयुवर्ग के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाती है। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस (एनआईडी) की शुरुआत देशभर में 17 जनवरी से होने वाली थी। इसे आम तौर पर पल्स पोलियो टीकाकरण (पीपीआई) कार्यक्रम के नाम से जाना जाता है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को नौ जनवरी को भेजे गए एक पत्र में उन्हें पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम स्थगित किए जाने की जानकारी दी। सभी राज्यों के स्वास्थ्य विभाग में प्रमुख सचिव को भेजे गए इस पत्र में कहा गया, अप्रत्याशित गतिविधियों के कारण 17 जनवरी 2021 से शुरू हो रहे राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस (एनआईडी) को अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

# चीन के खिलाफ शक्ति संतुलन बनाएगा मजबूत भारत : अमेरिकी दस्तावेज

अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने हाल में 10 पृष्ठीय दस्तावेज को किया था सार्वजनिक

**हिंद प्रशांत के लिए यूएस स्ट्रैटेजिक फ्रेमवर्क दस्तावेज में कहा गया है, भारत सुरक्षा मामलों पर अमेरिका का पसंदीदा साझेदार है**

एजेंसी। वाशिंगटन

**अमेरिका** के निवर्तमान ट्रंप प्रशासन ने सार्वजनिक किए गए एक दस्तावेज में कहा है कि भारत में सीमा पर चीन की उकसाने वाली कार्रवाई का जवाब देने की क्षमता है। एक मजबूत भारत समान सोच रखने वाले देशों के सहयोग से रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के



खिलाफ शक्ति संतुलन बनाने का काम करेगा।

10 पृष्ठीय दस्तावेज को अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रोबर्ट ओ ब्रायन ने हाल में सार्वजनिक किया था। अब इसे व्हाइट हाउस की वेबसाइट पर पोस्ट किया गया है। हिंद प्रशांत के लिए यूएस स्ट्रैटेजिक फ्रेमवर्क दस्तावेज में कहा गया है, भारत सुरक्षा मामलों पर अमेरिका का पंसदीदा साझेदार है। दोनों दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व एशिया और आपसी चिंता वाले अन्य क्षेत्रों में समुद्री सुरक्षा बनाए रखने और चीनी प्रभाव को रोकने में सहयोग करते हैं। भारत में सीमा पर चीन की उकसावे की कार्वाई का जवाब देने की क्षमता है।

इसमें कहा गया है कि भारत दक्षिण एशिया में अग्रणी है और वह हिंद प्रशांत की सुरक्षा बनाए रखने में नेतृत्व की भूमिका निभा रहा है। वह दक्षिण पूर्व एशिया में मौजूदगी बढ़ा रहा है और क्षेत्र में अमेरिका के अन्य सहयोगियों एवं साझेदारों के साथ आर्थिक, रक्षात्मक एवं राजयनिक सहयोग को विस्तार दे रहा है। दस्तावेज में कहा गया है, एक मजबूत भारत एक जैसी सोच रखने वाले देशों के सहयोग से चीन के खिलाफ शक्ति संतुलन बनाने का काम करेगा।

इसमें कहा गया है कि दस्तावेज में बताई गई नीति का लक्ष्य भारत के विकास एवं क्षमता को बढ़ाना है, ताकि वह बड़ा रक्षा साझेदार बन सके। इसका लक्ष्य भारत के साथ स्थाई रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना है, जिसे क्षेत्र में अमेरिका और उसके साझेदारों के साथ प्रभावशाली गठजोड़ करने में सक्षम मजबूत भारतीय सेना आधार प्रदान करती है।

इसमें रक्षा सहयोग के लिए मजबूत आधार बनाने और रक्षा क्षेत्र में व्यापार बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया है। इस फ्रेमवर्क में एक बड़े रक्षा साझेदार के तौर भारत का दर्जा बढ़ाने के लिए रक्षा तकनीक के हस्तांतरण की क्षमता को विस्तार देने, क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी साझा चिंताओं पर सहयोग बढ़ाने और भारत की मौजूदगी हिंद महासागर से आगे बढ़ाने को प्रोत्साहित करने का प्रस्ताव रखा गया है। दस्तावेज में परमाणु आपूर्ति समूह में भारत की सदस्यता को सहयोग देने की बात की गई है।

दस्तावेज में राजनयिक, सैन्य और खुफिया माध्यमों से भारत को सहयोग देने का प्रस्ताव रखा गया है ताकि चीन के साथ सीमा पर विवाद समेत महाद्वीप की चुनौतियों से निपटने में मदद मिल सके। इसमें भारत की एक्ट ईस्ट नीति और अग्रणी वैश्विक शक्ति बनने की उसकी महत्कांक्षाओं को समर्थन देने का प्रस्ताव रखा गया है।

# टीकाकरण के लिए प्रशासन की तैयारी पूरी

## पहले चरण के लिए नोएडा में बनाया 75 बूथ, आज मिलेगी 25 हजार डोज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



गौतमबुद्धनगर में 16 जनवरी से कोरोना का वैक्सीनेशन शुरू हो जाएगा। इसके लिए इस गुरुवार (आज) जिला प्रशासन को 25 हजार कोविड-19 वैक्सीन की डोज मिल जाएगी। वैक्सीन के भंडारण के लिए 14 कोल्ड चेन केंद्रों की व्यवस्था की गई है। जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बताया था, पहले चरण में जिले के आठ अस्पतालों में सिर्फ स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंटलाइन वॉरियर्स का टीकाकरण कराया जाएगा। इसके लिए 8 अस्पतालों में वेब बूथ बनाया गया है। पहले दिन इन आठ केंद्रों के बूथों पर 800 स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंटलाइन वारियर्स का टीकाकरण किया जाएगा।

बड़ी बात यह है कि इस टीकाकरण का लाइव प्रसारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ किया जाएगा। जिला प्रशासन ने कहा है कि अगर कोई स्वास्थ्य कर्मी वैक्सीन का डोज लेने से इंकार करता है, तो काउंसलिंग के जरिए उसकी मदद की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत दिनों ये जानकारी दी थी कि 16 जनवरी से पूरे देश में कोरोना वायरस का टीकाकरण शुरू कर दिया जाएगा। पहले चरण में सिर्फ स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंटलाइन वॉरियर्स का टीकाकरण किया जाएगा।

गौतमबुद्धनगर जिला प्रशासन ने भी टीकाकरण की तैयारी पूरी कर ली है। जिले में पहले चरण में 3 दिन में 75 बूथ पर करीब 5,713 स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंटलाइन वॉरियर्स का टीकाकरण किया जाएगा। जिन अस्पतालों को टीकाकरण के लिए चुना गया है, उनमें जिम्स राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान चाइल्ड पीजीआई, फोर्टिस हॉस्पिटल, यथार्थ हॉस्पिटल, अपोलो हॉस्पिटल नोएडा, कैलाश हॉस्पिटल नोएडा, शारदा हॉस्पिटल और जेपी हॉस्पिटल नोएडा शामिल हैं। इन सभी केंद्रों पर वेब बूथ बनाए गए हैं। वेब बूथ के जरिए वैक्सीनेशन की वीडियो कांफ्रेंसिंग की जाएगी। टीकाकरण और इससे जुड़ी शंकाओं पर सीएमओ डॉ दीपक ओहरी ने विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जिले में 16 जनवरी को 800 स्वास्थ्य कर्मचारियों का टीकाकरण किया जाएगा। सहूलियत के लिए एक पोर्टल भी बनाया गया है। इस महीने 18 जनवरी से सभी 75 बूथों पर 22,600 कर्मचारियों को टीका लगाया जाएगा। इन सभी की जानकारी कोविन ऐप पर डाल दी गई है। इनके टीकाकरण के लिए 30 अस्पतालों और सीएची-पीएचसी पर 75 केंद्र बनाए गए हैं।

जिले में कुल केंद्रों में 17 प्राइवेट और 13 सरकारी हॉस्पिटल शामिल हैं। 18 जनवरी को हर बूथ पर 100 कर्मचारियों के टीकाकरण की योजना बनाई गई है। इसके बाद 22 और 25 जनवरी को टीकाकरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

दूसरे चरण में टीकाकरण के लिए बूथों की संख्या दोगुनी 150 कर दी जाएगी। जिन स्वास्थ्यकर्मियों को वैक्सीन लगाई जानी है, उनकी जानकारी कोविन ऐप पर अपडेट कर दी गई है। वैक्सीन स्टोरेज के लिए 14 कोल्डचेन बनाई गई हैं। फिलहाल जिले में 7 लाख वैक्सीन स्टोर किया जा सकता है।

### दूसरे चरण में बढ़ाई जाएगी बूथ की संख्या

दूसरे चरण में टीकाकरण की गति को रफ्तार दिया जाएगा। जिले में पहले चरण में 24,500 स्वास्थ्यकर्मियों का टीकाकरण किया जाना है। जबकि, दूसरे चरण में 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों और गंभीर बीमारी से पीड़ित हर उम्र के नागरिक का टीकाकरण होगा। इसलिए बूथ की संख्या 75 से बढ़ाकर 150 कर दी जाएगी। बूथ की संख्या बढ़ाने से ज्यादा लोगों को टीका लगाया जा सकेगा। प्रशासन ने इसके लिए सारी तैयारी पूरी कर ली है। अब सिर्फ उन्हें निर्धारित तिथियों पर मूर्त रूप देना है।

**अफवाहों पर न दें ध्यान**

कोरोना वायरस के टीकाकरण को लेकर लोगों में तमाम अफवाहें हैं। कुछ लोग वायरस के टीके को लेकर भ्रम की स्थिति में है, जबकि कुछ लोग डरे हुए हैं। ऐसे लोगों के लिए कोविन नाम से एक ऐप तैयार किया गया है। इस ऐप में वैक्सीन नहीं लगवाने वाले सभी लोगों की डिटेल्स साझा की जाएंगी। हालांकि प्रशासन ने ऐसे सभी लोगों के लिए काउंसलर की नियुक्ति की है। काउंसलर ऐसे लोगों से संवाद कर उनके डर, भय और शंकाओं को दूर करेंगे। फिर उन्हें कोरोना वायरस का टीका लगवाने के लिए राजी करेंगे।

## प्राधिकरण ने चलाया अतिक्रमण मुक्त अभियान

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अतिक्रमण के खिलाफबड़ी कार्रवाई की है। प्राधिकरण का अतिक्रमण विरोधी दस्ता बुधवार सुबह ग्रेटर नोएडा वेस्ट के पतवाडी गांव पहुंचा। यहां 17,000 वर्ग मीटर जमीन से कब्जा खत्म किया गया है। प्राधिकरण की ओर से जानकारी दी गई है कि खाली करवाई गई जमीन की कीमत 30 करो़ड रुपये है। प्राधिकरण का कहना है कि अगर दोबारा कब्जा किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्राधिकरण की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया है। वर्क सर्किल-3 के पतवाडी गांव में प्राधिकरण की अधिग्रहित भूमि पर भू.माफिआओं ने कब्जा करके बाउंड्री बना ली थी। इस अवैध अतिक्रमण की जानकारी मिलने के बाद प्राधिकरण ने यह कार्रवाई की है। इस जमीन पर प्राधिकरण के संस्थागत और आवासीय भूखंड नियोजित हैं। अतिक्रमण की वजह से नियोजित भूखंडों का विकास नहीं हो पा रहा था और आवंटियों को कब्जा नहीं मिल रहा था। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने मंगलवार को यह अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**गाजियाबाद।** मोदीनगर तहसील क्षेत्र के गांव डिडौली में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने के कारण बिसरा जांच के लिए भेज दिया गया है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि दो दिन पूर्व गांव डिड़ौली निवासी मनोज कुमार अपने दो साथियों के साथ बैठकर शराब पी रहा था। अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। अस्पताल ले जाते समय मनोज की मौत हो गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर तीन युवकों को हिरासत में ले लिया।

# निगम के सफाई नायक की मौत के बाद प्रदर्शन

## पांच लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा के बाद शांत हुआ मामला

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

विजयनगर जोन में सफाई नायक दीपक की मंगलवार देर रात हुई आकस्मिक मौत के बाद नाराज सफाई कर्मचारियों ने नवयुग मार्किट स्थित निगम मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया और निगम अधिकारियों के खिलाफ नोट इन्टेशन टू मर्डर की धाराओं के तहत मामला दर्ज कराने पर अड़े रहे।

यही नहीं सफाई कर्मचारियों ने नगर आयुक्त से पीड़ित परिवार के लिए दस लाख मुआवजे की मांग की। बाद में नगर आयुक्त महेन्द्र सिंह तंवर प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचे। इसके बाद नगर आयुक्त ने पांच लाख रुपए बतौर मुआवजा देने की घोषणा कर दी।

प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे निगम पार्षद प्रदीप चौहान ने बताया कि दीपक को डयूटी के दौरान ही हार्टअटैक आया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कडी ठंड के बीच सफाई कर्मचारियों से बारह-बारह घंटे काम लिया जा रहा है जिसके चलते सफाई कर्मचारी न केवल डिप्रेशन में आ गये हैं बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। दीपक को मरियम नगर स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां देर रात उसकी मौत हो गई थी।

उधर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एमके सिंह ने बताया कि किसी भी कर्मचारी से मानक के विरूद्व कार्य नहीं लिया जा रहा है। पूरा रिकार्ड नगर निगम के रजिस्टरों में दर्ज है। मामला शान्त कराने के बाद नगर निगम परिसर में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्वांजलि दी गई।



हंगामा कर रहे सफाई कर्मचारियों से बातचीत करते हुए नगर आयुक्त महेन्द सिंह तंवर।

## संक्षिप्त समाचार



सम्मान पत्र प्राप्त करते अभिषेक सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह।

### उत्तर प्रदेश के इंजीनियर का यूएसए में सम्मान

**गाजियाबाद।** सॉफ्टवेयर इंजीनियर अभिषेक सिंह को प्रवासी भारतीय दिवस 2021 पर यूएसए के बोस्टन शहर में सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान भारतीय और अमेरिकन नागरिकों के बीच सामाजिक सौहार्द और भाईचारे के लिए दिया गया। अभिषेक सिहं ने अपनी पत्नी ज्योति सिंह के साथ यह प्रतिष्ठित अवार्ड प्राप्त किया। अभिषेक सिंह व ज्योति सिंह गाजियाबाद के वरिष्ठ पत्रकार एसपी चौहान के परिजन हैं। अभिषेक को लीडर शिप एंड कम्युनिटी सर्विस अवार्ड न्यूयॉर्क में तैनात आईएफएस सीजीआई रणबीर जायसवाल ने आयोजित एक भव्य समारोह में दिया। इस अवसर जायसवाल ने अभिषेक सिंह की सामाजिक सौहार्द के लिए तारीफ की। न्यूयॉर्क स्थित भारत के वाणिज्य दूतावास परिसर में हुए इस समारोह में इंडो अमेरिकन सोसायटी के प्रतिष्ठित लोगों ने भाग लिया।



रेहड़ी-पटरी वालों को डिजिटल प्रक्रिया से लेनदेन की जानकारी देते नगर पालिका केक अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य।

### डिजिटल लेनदेन के प्रति किया जागरूक

**बागपत।** नगर पालिका कार्यालय में बुधवार को 'डिजिटल पेमेंट जागरूकता' अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर के रेहड़ी-पटरी वालों को डिजिटल लेनदेन के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अग्रणी नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने रेहड़ी-पटरी वालों को लघु लोन के बारे में जानकारी दी। इसके बाद डिजिटल पेमेंट से संबंधित एप उनके मोबाइल में डाउनलोड कराकर चलाना सिखाया। इस मौके पर नगर पालिका लिपिक महेश कुमार, अंकित चौधरी, दिनेश, राजबहादुर, इरसाद, मुस्तफा सहित कई दर्जन से ज्यादा रेहड़ी-पटरी वाले मौजूद रहे।

### पुलिस के हत्थे चढ़े तीन शातिर चोर

**गाजियाबाद।** थाना साहिबाबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मोहन नगर चौराहे पर चलाए गए अभियान के दौरान तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। चौकी इंचार्ज मोहन नगर रामसेवक ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग चोरी की वारदात को अंजाम देने की फिराक में क्षेत्र में घूम रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर तीन आरोपियों को मोहन नगर चौराहे से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर एलईडी टीवी और एक बैटरी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विशाल, विजय और नोनू निवासी राजीव कॉलोनी के रूप में हुई है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पूर्व में भी कई चोरी की घटनाओं में शामिल रहे हैं।

## कृषि कानूनों की प्रतियां जलाकर जताया विरोध

**गाजियाबाद।** केंद्र के तीन कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग को लेकर बुधवार को भारतिय यूनियन के कार्यकर्ता एकत्र होकर मोदीनगर तहसील पहुंचे और जमकर हंगामा किया। किसानों ने यहां कृषि कानूनों की प्रतियां जलाईं और इन्हें रद्द करने की मांग की।

भाकियू कार्यकर्ता बुधवार को एकत्र होकर तहसील पहुंचे और हंगामा करना शुरू कर दी। किसानों की मांग थी कि केन्द्र सरकार जल्द से जल्द तीनों कृषि कानूनों को रद्द करे और एमएसपी गारंटी पर नया कानून बनाए। किसानों ने कृषि कानूनों की प्रतियां जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया। किसानों का कहना है कि इस बार सरकार से आरपार की लड़ाई लड़ी जाएगी, चाहे कुछ भी हो जाए।

# वैशाली में इमारत की छठी मंजिल पर लगी आग

## दमकल कर्मियों ने डॉक्टर परिवार को सकुशल बचाया

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

वैशाली सेक्टर 4 स्थित लीला हाउस अपार्टमेंट की छठी मंजिल पर बने फ्लैट में बुधवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में अग्निशमन और पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे दमकलकर्तियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है।

चीफ फायर ऑफिसर सुनील कुमार ने बताया कि वैशाली सेक्टर 4 स्थित लीला हाउस अपार्टमेंट के छठी मंजिल पर बने फ्लैट में डॉ पुनीत कालरा अपनी पत्नी और बेटी के साथ रहते हैं। सुबह अचानक उनके फ्लैट कें बेडरूम में आग लग गई। बिल्डिंग से धुआं निकलता देख स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना दमकल विभाग और पुलिस को दी। सूचना के मिलने के बाद तत्काल प्रभाव से दमकल की 3 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

मौके पर पहुंचे कर्मियों ने पाया कि डॉक्टर कालरा, उनकी पत्नी और बेटी आग में फंस गए थे। जान बचाने के लिए तीनों घर की बालकनी में आ गए थे। इसके बाद दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों को सकुशल फ्लैट से बाहर निकाल लिया गया। लगभग 2 घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। आग के कारणों की जांच की जा रही है।



घटना के बाद फ्लैट से निकलता धुंआ।

# विधायक संगीत सोम के तेवर बरकरार पाकिस्तान वाले बयान पर कायम

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



कोविड वैक्सिनेशन को लेकर उत्तर प्रदेश की राजनीति गरमाती जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के वैक्सीन लगवाने से इनकार करने के बाद से वो भाजपा के निशाने पर आ गए हैं।

भाजपा विधायक और अपने तेवरों के लिए मशहूर संगीत सोम ने कोविड वैक्सीन का विरोध करने वालों को पाकिस्तान जाने की सलाह देकर विवाद खड़ा कर दिया है।

एक कार्यक्रम में संगीत सोम ने बुधवार को गाजियाबाद में कहा कि वो अपने बयान पर कायम हैं। भाजपा विधायक संगीत सोम ने कहा कि जो लोग कोविड वैक्सीन पर भरोसा नहीं कर रहे हैं इसका मतलब साफ है कि वो देश के प्रधानमंत्री, साइंटिस्ट, आर्मी, पुलिस इन सभी पर भी भरोसा नहीं करते हैं। उन सभी लोगों को वापस अपने देश पाकिस्तान चले जाना चाहिए।

## एसआईटी ने फिर खंगाली पालिका परिषद कार्यालय की फाइलें

**गाजियाबाद।** तहसील क्षेत्र के मुरादनगर स्थित शमशान घाट हादसे की जांच कर रही एसआईटी टीम ने बुधवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय में डेरा डाले रखा। टीम तीन घंटे से अधिक समय तक यहां रही और हादसे की संबंधित फाइलों को खंगालती रही। इसके बाद जरुरी फाइल लेकर टीम लखनऊ के लिए रवाना हो गई है।

आशंका जताई जा रही है जल्द ही एसआईटी कई और लोगों को गिरफ्तार कर सकती है। बंबा मार्ग स्थित श्मशान घाट परिसर में छत गिर गई थी। जिस कारण हादसे में 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक घायल हो गए थे। घायलों में कई की हालात अभी भी गंभीर बनी हुई है। मुख्यमंत्री ने इस हादसे की जांच एसआईटी को सौंपी है। छह दिन से एसआईटी इस मामले की जांच कर रही है।

# ग्रेनो के ठेकेदार हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा

## दसवीं कक्षा के दो छात्रों ने कार लूटने के लिए दिया वारदात को अंजाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेनो के अटाई गांव के रहने वाले ठेकेदार हेमचंद उर्फ हेमी की हत्या में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा। मामले में मंगलवार को नया मोड़ आ गया है। ठेकेदार की हत्या दसवीं के दो छात्रों ने कार लूट के मकसद से की थी। छात्रों के पास से ठेकेदार की लूटी हुई कार, एक मोबाइल और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। हालांकि, परिजन पुलिस के खुलासे से संतुष्ट नहीं है। इस मामले में मृतक के पार्टनर पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

ग्रेटर नोएडा के थाना ईकोटेक वन क्षेत्र के अटाई गांव के रहने वाले एक ठेकेदार हेमचंद उर्फ हेमी का 6 जनवरी को मुरशदपुर गांव के समीप सड़क किनारे शव पड़ा मिला था। ठेकेदार के सिर में गोली लगी थी। परिजनों ने इस मामले में ठेकेदार के पार्टनर धर्मी पर हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया था। पुलिस ने धर्मी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, लेकिन घटना का खुलासा नहीं हुआ। पुलिस ठेकेदार का मोबाइल बरामद नहीं कर सकी। जिसके चलते पुलिस ने घटना की तहकीकात शुरू की। अब हत्याकांड में नया मोड़ आ गया है। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने बताया ठेकेदार की हत्या दसवीं के 2 छात्रों ने की थी। यह दोनों मौसेरे भाई हैं और लोनी के शकलपुरा गांव के रहने वाले हैं।



### पहले दोस्त को कत्ल करने की बनाई थी योजना

एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने बताया कि पुलिस पूछताछ में दोनों नाबालिग आरोपियों ने बड़ा खुलासा किया है। दोनों ने पुलिस को बताया कि घटना के दिन उन्होंने अपने एक दोस्त प्रवीण को फोन कर बुलाया था। दोनों का मकसद दोस्त से उसकी कार लूटना था। दोनों आरोपियों के बुलावे पर जब प्रवीण वहां नहीं पहुंचा तो वह बाइक पर कार लूटने की फिराक में इधर-उधर घूमने लगे। इसी बीच दोनों आरोपियों ने मुरशदपुर गांव के समीप ठेकेदार हेमचंद को कार में बैठे देखा। इसी बीच दोनों ठेकेदार के पास पहुंचे और रास्ता पूछने के बहाने गाड़ी का शीशा नीचे करवाया। उसके बाद सिर में गोली मार दी।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी

### मेष

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

शांत और तनाव-रहित रहने की कोशिश करें, इससे आपकी मानसिक दृढ़ता बढ़ेगी। आज के दिन निवेश करने से बचना चाहिए। घर में परेशानियां पैदा हो सकती हैं, लेकिन अपने साथी को छोटी-छोटी बातों के लिए ताने देने से बचें। आपका दिमाग काम-काज की उलझनों में फंसा रहेगा, जिसके चलते आप परिवार और दोस्तों के लिए समय नहीं निकाल पाएंगे। सड़क पर बेकाबू गाड़ी न चलाएं।

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** देव गुरु बृहस्पति की उपासना करें।

### वृष

(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

किसी नकारात्मक मामले में फंसे तो आप कोई महत्वपूर्ण मौका भी गंवा सकते हैं। स्वभाव में तेजी या थोड़ा उलझने का अंदाज रहेगा। आज का दिन आपके लिए थोड़ी सावधानी भरा रहेगा। आप सोच-समझकर बोलें। आज आप दूसरे की बात भी सुनने का ध्यान रखें। पार्टनर के साथ वाहन चलाते समय सावधानी रखें। सेहत ठीक-ठाक ही रहेगी। अच्छा भोजन भी मिलेगा।

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** साबुत हल्दी का दान कर दें।

### मिथुन

(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

आप नई योजना बना सकते हैं. धन की प्राप्ति के रास्ते निकलेंगे। परिवार में समस्याओं का समाधान होगा। कॅरियर में बेहतर प्रस्ताव मिलेंगे। नौकरी संबंधी समस्या का हल हो सकता है। अपने सहकर्मियों से विवाद की स्थिति बनेगी। आप आज सकारात्मक उर्जा से भरे हुए हैं। हालांकि आपका उद्देश्य अच्छा है परंतु आपकी बातों का हर स्थान पर स्वागत नही होगा। आज आप अपने ऊपर रकम खर्च कर सकते हैं।

**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** चने की दाल का दान करें।

### कर्क

(ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

मुमकिन है कि आज स्वास्थ्य पूरी तरह ठीक न रहे। दिन बहुत लाभदायक नहीं है। अपनी जेब पर नजर रखें, जरूरत से ज्यादा खर्चा न करें। गैर-जरूरी चीजों पर खर्च कर जीवन-साथी को नाराज कर सकते हैं। आज के दिन किसी के साथ छेड़खानी करने से बचें। तब तक कोई वादा न करें, जब तक आप पूरी तरह उसे पूरा करने में सक्षम न हों। छुपे हुए दुश्मन आपके बारे में अफवाहें फैलाने के लिए अधीर होंगे।

**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** पीले चंदन का टीका लगा।

### सिंह

(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

आज सोचे हुए कुछ काम पूरे नहीं हो पाएंगे। कई तरह के विचारों में आज आप उलझ सकते हैं। आप पैसे संभाल कर रखें। लेन-देन और निवेश के मामले में सोच-समझकर रहें। मन में कोई समस्या या परेशानी रहेगी। कड़वी बातें न करें। आज कोई प्लान न बनाएं, पुराने काम निपटा लें। संभलकर रहें। काम में मन नहीं लगने से परेशानी बढ़ सकती है। सेहत के मामले में दिन अच्छा है।

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** बेसन का हलवा बना कर बांटे।

### कन्या

(टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)

प्रॉपर्टी में निवेश का सही समय है। विरोधियों को उनकी ही चाल में फंसा देंगे। लंबे समय से अटके मुआवजे और कर्ज आखिरकार आपको मिल जाएंगे। मन को खराब विचारों से दूर रखते हुए अच्छे कार्यों में केंद्रित करें, नई स्थितियां आपमें नई प्रतिभाओं का संचार करेंगी। सामाजिक मान बढ़ेगा। वाणी में उग्रता रहेगी। सेहत के प्रति सचेत रहें। कॅरियर में नए सहकर्मी उलझन पैदा करेंगे।

**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** भगवान विष्णु की आराधना करें।

### तुला

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

दूसरों के सफलता को सराहकर आप उसका लुत्फ ले सकते हैं। भागीदारी वाले व्यवसायों और चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में निवेश न करें। अपने दोस्तों को अपने उदार स्वभाव का गलत फायदा न उठाने दें। अपने प्रिय के बिना समय बिताने में दिक्कत महसूस करेंगे। कामकाजी लोगों को हाल की उपलब्धियों के लिए सहकर्मियों से सराहना और मदद मिलेगी।

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** भगवान विष्णु को पीले फूल अर्पित करें।

### वृश्चिक

(तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

नौकरी और बिजनेस में अचानक फैसले लेने पड़ेंगे। नुकसान भी हो सकता है। कंफ्यूजन बढ़ सकता है। किसी अनचाहे नुकसान के लिए तैयार रहें। फालतू खर्चा भी होने के योग हैं। कार्यक्षेत्र में परेशानी और असुविधा हो सकती है। कोई परेशानी भरी स्थिति है, तो आप उससे बहुत सावधानी से ही निपटें। परेशान करने वाले लोग आज आपके आसपास ही रहेंगे। न चाहते हुए भी दो तरफा बातें करनी पड़ सकती है।

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।

### धनु

(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

आपका आकर्षक व्यक्तित्व सभी को आकर्षित करेगा। लवमेट के साथ आज आपके संबंध मधुर रहेंगे। किसी सामाजिक कार्यक्रम में जाने का अवसर मिलेगा। वहां आपकी ऐसे लोगों से मुलाकात होगी जो आपके लिए भविष्य में उपयोगी और मददगार साबित होंगे। आपका आगे उनसे से संपर्क में बना रहना अच्छा होगा। आज आप दूसरों से बात करते वक्त संतुलित विचार रखें।

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** विष्णु पंजर स्तोत्र का पाठ करें।

### मकर

(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

बड़े समूह में भागीदारी आपके लिए दिलचस्प साबित होगी, आपके खर्चे बढ़ सकते हैं। मकर राशि वालों को आज किसी काम की वजह से बहुत झुंझलाहट महसूस करेगा। आज सोच-समझकर कदम बढ़ाने की जरूरत है। जहां दिल की बजाय दिमाग का ज्यादा इस्तेमाल करना चाहिए। परिवार के किसी सदस्य का स्वास्थ्य नरम गरम रहेगा। आवेश में आकर आलसी न बनें।

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** किसी साधु को पीले वस्त्र का दान करते हैं।

### कुंभ

(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)

ऑफिस में खुद को नियंत्रण में रखें। पद लाभ का योग बन रहा है। कार्यक्षेत्र की परेशानियां खत्म हो सकती हैं। आपकी योजनाएं सफल हो सकती हैं। आगे के कामों की योजनाएं बनाना आज आपके लिए बहुत आसान रहेगा। रुके हुए काम पूरे करने के लिए दिन अच्छा है। आपको योग्यता और अनुभव से काम करना होगा. आपकी समस्याएं निपट सकती हैं। सेहत के मामले में संभलकर रहें। रक्त विकार होने के योग हैं।

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** बृहस्पतिवार का व्रत करें।

### मीन

(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

आपको प्रभावशाली लोगों से संपर्क का लाभ मिलेगा। सहज व्यवहार विरोधियों को भी मित्र बना सकता है। आय से अधिक खर्च परेशानी में डाल सकता है। घरेलू ताम-झाम में शाम तक व्यस्त रहेंगे। घरेलू रख-रखाव में दिन बीतेगा। मेहमान व्यस्तता बढ़ाएंगे। आज आपका कॅरियर भी आगे बढ़ सकता है। यदि आप अपने काम में मन लगाएं और कुछ देर खामोश रहें, तो आपके लिए लोगों का नजरिया बदल सकता है।

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** विष्णु मंदिर में देसी घी का दिया जलाएं।

# चोटों से घिरी भारतीय टीम ने ब्रिसबेन में किया अभ्यास

एजेंसी। ब्रिसबेन

**चोटों** की समस्याओं से जूझ रही भारतीय टीम ने बुधवार को यहां गाबा में अपने पहले अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया और उसे आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में 11 फिट खिलाड़ियों को उतारने की उम्मीद है। सिडनी में तीसरे टेस्ट में पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अंतिम टेस्ट से बाहर हुए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अब भी ट्रेनिंग सत्र के लिए भारतीय टीम के साथ हैं। रोहित शर्मा, शुभमन गिल, कप्तान अजिंक्य रहाणे और अन्य को उनकी ट्रेनिंग किट के साथ देखा गया। बुमराह ने हालांकि अभ्यास करने के हिसाब से कपड़े नहीं पहने हुए थे और वह गेंदबाजी कोच भरत अरूण के साथ चर्चा कर रहे थे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने अपने ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किया, सिडनी में शानदार जज्बा दिखाने के बाद फिर एकजुट होने का समय। हमने गाबा में अंतिम टेस्ट के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव को नेट में गेंदबाजी करते हुए देखा गया। ऐसी उम्मीद है कि उन्हें मैच के लिए चुना जा सकता है क्योंकि हरफनमौला रविंद्र जडेजा अंगूठे में फ्रेक्चर के कारण नहीं खेलेंगे। तेज गेंदबाज शारदुल ठाकुर और हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर भी अभ्यास सत्र का हिस्सा थे। गाबा में अंतिम एकादश में बुमराह की जगह टी नटराजन या शारदुल को उतारे जाने की उम्मीद है, जिससे मोहम्मद सिराज और नवदीप सैनी के साथ तेज गेंदबाजी आक्रमण नए स्वरूप में होगा। मुख्य कोच रवि शास्त्री अभ्यास के दौरान खिलाड़ियों के साथ थे और उन्होंने टीम के खिलाड़ियों से बातचीत भी की। वह सहयोगी स्टाफ के अपने साथियों के साथ भी बात करते हुए दिखे जिसमें अरूण के अलावा बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ और क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर शामिल थे। भारतीय टीम को आस्ट्रेलिया दौरे पर लगातार चोटों का सामना करना पड़ रहा है। टेस्ट श्रृंखला शुरू होने से पहले ही इशांत शर्मा और भुवनेश्वर कुमार चोटों के कारण बाहर हो गए थे। पहले टेस्ट में बांह में चोट के कारण मोहम्मद शमी भी श्रृंखला के बाकी मैचों में हिस्सा नहीं ले सके जबकि उमेश यादव पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अंतिम दो टेस्ट से बाहर हो गए। रविचंद्रन अश्विन और हनुमा विहारी दर्द के बावजूद भारत को सिडनी में ड्रा कराने में सफल रहे और अंतिम मैच में उनकी भागीदारी भी निश्चित नहीं है। विकेटकीपर ऋषभ पंत ने सिडनी में 97 रन की पारी खेली लेकिन पहली पारी में लगी चोट के कारण विकेटकीपिंग नहीं कर सके थे।



रोहित शर्मा, शुभमन, कप्तान अजिंक्य रहाणे और अन्य को ट्रेनिंग किट संग देखा गया

# भारत की फिटनेस समस्याओं के बावजूद आस्ट्रेलिया को फायदा नहीं: लियोन


एजेंसी। ब्रिसबेन

**आस्ट्रेलिया** के अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन का मानना है कि चौथे टेस्ट से पहले भारत के कई खिलाड़ियों के चोटिल होने से भी मेजबान टीम फायदे की स्थिति में नहीं है। लियोन ने एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में बुधवार को कहा, मैं यह नहीं कहूंगा कि आस्ट्रेलिया फायदे की स्थिति में है। भारत को कुछ बड़े खिलाड़ियों की कमी खल रही है लेकिन उसके पास काफी प्रतिभाशाली टीम है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और स्पिन गेंदबाज हरफनमौला रविंद्र जडेजा के चोटिल होने से भारत को दूसरे दर्जे के गेंदबाजी आक्रमण के साथ उतरना होगा।

लियोन ने कहा, हमें अपनी तैयारी की चिंता होनी चाहिए। उनके बारे में सोचने की जरूरत नहीं है। गाबा की पिच हमारी गेंदबाजी के अनुकूल है और उम्मीद है कि हम अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। आस्ट्रेलिया ने इस मैदान पर 55 में से 33 टेस्ट जीते, 13 ड्रॉ खेले और आठ गंवाए हैं जबकि एक मैच टाई रहा।

**हमें अपनी तैयारी की चिंता होनी चाहिए**

लियोन ने कहा, हमारा यहां शानदार रिकार्ड है। टीम आत्मविश्वास से भरी है और हम सकारात्मक क्रिकेट खेलना जानते हैं। लेकिन सिर्फ उसके भरोसे नहीं बैठ सकते। हमें पता है कि भारतीय टीम कितनी प्रतिभाशाली है और श्रृंखला जीतने को लालायित भी। ऋषभ पंत के बल्लेबाजी गार्ड को मिटाने के प्रयास के कारण आलोचना झेल रहे स्टीव स्मिथ का बचाव करते हुए उन्होंने कहा, मैं वाकई बहुत दुखी हूं जिस तरह से हर कोई उसे निशाना बना रहा है। उसने 80 के करीब टेस्ट जीते हैं और हर टेस्ट में वह ऐसा करता आया है। उन्होंने कहा, उस टेस्ट में हमें आगे बल्लेबाजी नहीं करनी थी लेकिन वह फिर भी बल्लेबाजी के बारे में सोच रहा था। वह मेरी मदद के लिए भी ऐसा करता आया है। वह देख रहा था कि मुझे गेंद कहां डालनी है और क्या रफ्तार होनी चाहिए।



## नस्लीय छींटाकशी की शिकायत कर सिरा ने नए मानदंड कायम किए

**ब्रिसबेन।** आस्ट्रेलिया के शीर्ष ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने बुधवार को कहा कि दर्शकों के खराब बर्ताव की निंदा करके भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने नए मानदंड कायम किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि क्रिकेट का खेल सभी के लिए है और इसमें किसी तरह के नस्लवाद की जगह नहीं है। सिडनी क्रिकेट मैदान पर सिराज और जसप्रीत बुमराह को चौथे और पांचवें दिन दर्शकों की नस्लीय टिप्पणियों का सामना करना पड़ा। इसके बाद भारतीय टीम ने आईसीसी के पास शिकायत दर्ज कराई।

लियोन ने एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, खेल में किसी तरह की नस्लीय छींटाकशी की गुंजाइश नहीं है। लोगों को लगता है कि वे मजाक कर रहे हैं लेकिन इससे लोगों पर अलग तरह से प्रभाव पड़ सकता है। क्रिकेट का खेल सभी के लिए है और इसमें नस्लवाद की कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा, यदि आपको लगता है कि मैच अधिकारियों से शिकायत करने की जरूरत है तो करनी चाहिए। आजकल मैदान पर इतने सुरक्षाकर्मी होते हैं कि नस्लीय टिप्पणी करने वालों को तुरंत निकाल बाहर किया जा सकता है। इससे मैच अधिकारियों से शिकायत का चलन भी बनेगा। सिराज को स्क्वेयर लेग सीमा पर दर्शकों ने मंकी और ब्राउन डॉग कहा। सुरक्षाकर्मियों ने इन दर्शकों को मैदान से बाहर कर दिया। लियोन ने कहा, इससे घटना की शिकायत का चलन कायम होगा।

# संक्षिप्त समाचार

## आर्यना सबालेंका ने लगातार तीसरा टूर खिताब जीता

**अबुधाबी।** बेलारूस की चौथी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने बुधवार को यहां अबुधाबी ओपन टेनिस फाइनल में वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 6-2, 6-2 से हराकर लगातार तीसरा टूर खिताब अपने नाम किया। उन्होंने लगातार 15वें मैच में जीत भी दर्ज की। सबालेंका ने पिछले सत्र के अंत में ओस्त्रावा और लिंज में दो इंडोर टूर्नामेंट जीते थे। वह अक्टूबर में फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में हार गई थीं। इस खिताब से सबालेंका रैंकिंग में तीन पायदान के सुधार से सातवें स्थान पर पहुंच जाएंगी। डब्ल्यूटीए ने कोरोना वायरस के कारण आस्ट्रेलियाई ओपन के फरवरी में कराए जाने के फैसले के बाद खिलाड़ियों को मैच टाइम देने के लिए जल्दबाजी में अबुधाबी में टूर्नामेंट आयोजित किया। सबालेंका और कुदेरमेतोवा अब आस्ट्रेलिया रवाना होंगी जहां वे पृथकवास में रहेंगी जिसमें आस्ट्रेलियाई ओपन से पहले सीमित अभ्यास के मौके भी मुहैया कराए जाएंगे और खिलाड़ियों के लिए वार्म-अप टूर्नामेंट भी आयोजित होंगे।

## मास्टर्स गोल्फ में अप्रैल में हो सकती है दर्शकों की वापसी

**वाशिंगटन।** आगस्टा मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट के आयोजक अप्रैल में होने वाली इस शीर्ष प्रतियोगिता में सीमित संख्या में दर्शकों को आने की अनुमति देने पर विचार कर रहे हैं। आगस्टा नेशनल के चेयरमैन फ्रेड रिडले ने मंगलवार को कहा कि क्लब की आठ से 11 अप्रैल तक होने वाले मास्टर्स में दर्शकों को सीमित संख्या में प्रवेश देने की योजना है, लेकिन इसके लिए कोविड-19 महामारी की रोकथाम के सभी उपाय किए जाएंगे। अप्रैल में अन्य गोल्फ कोर्स पर होने वाले मास्टर्स टूर्नामेंट की स्थिति हालांकि नवंबर जैसी ही होगी। रिडले ने कहा कि इसके लिए स्वास्थ्य और सुरक्षा के सभी उपाय अपनाए जाएंगे जिनमें कोरोना वायरस का अनिवार्य परीक्षण और मास्क पहनना भी शामिल है। उन्होंने कहा, हम सभी दर्शकों को अनुमति नहीं दे पाएंगे लेकिन हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे कि जिन्होंने आगस्टा नेशनल से टिकट खरीदे हैं उन्हें स्थिति सुधरने पर 2022 में यहां आने की अनुमति दी जाए।

## अंकिता आस्ट्रेलियाई ओपन क्वालीफायर के आखिरी दौर में हारी

**मेलबर्न।** अंकिता रैना का ग्रैंडस्लैम एकल मुख्य ड्रॉ में खेलने का सपना एक बार फिर अधूरा रह गया जब वह आस्ट्रेलियाई ओपन क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के आखिरी दौर में सर्बिया की ओल्गा डानिलोविच से हार गई। दुबई में चल रहे महिला एकल क्वालीफायर में अंकिता को तीसरे और आखिरी दौर में सर्बियाई खिलाड़ी ने दो घंटे में 6.2, 3.6, 6.1 से मात दी। अंकिता का ग्रैंडस्लैम के मुख्य दौर में जगह बनाने का यह छठा प्रयास था। अब सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम में एकल वर्ग में भारत की उम्मीदें सिर्फ सुमित नागल पर टिकी है। उन्हें पुरुष एकल में वाइल्ड कार्ड मिला है। रामकुमार रामनाथन पुरुष एकल क्वालीफायर के पहले दौर में हार गए जबकि प्रजनेश गुणेश्वरन को दूसरे दौर में पराजय झेलनी पड़ी।

## सात महीने बाद परिवार से मिले वकार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के गेंदबाजी कोच के तौर पर टीम के साथ यात्रा करने और जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में रहने के कारण वकार यूनिस सात महीने से अपने परिवार से नहीं मिल सके थे, लेकिन आखिरकार उन्हें घर पर कुछ समय बिताने का मौका मिल गया। वकार (49 वर्ष) पहले अपनी टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर थे, जिससे पहले देश ने जिम्बाब्वे की मेजबानी की थी। फिर टीम न्यूजीलैंड के दौरे पर चली गई थी। पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड में दो टेस्ट खेले लेकिन वकार को पहले मैच में 101 रन की हार के बाद घर लौटने की अनुमति दे दी गई ताकि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अगले महीने होने वाली घरेलू श्रृंखला से पहले अपने परिवार के साथ समय बिता सकें। वकार ने बुधवार को पत्रकारों से कहा, मैंने पिछले सात महीनों में अपने परिवार को नहीं देखा था और मुझे क्रिकेट बोर्ड से अपने परिवार के साथ समय बिताने की अनुमति मिल गई। उन्होंने कहा, क्रिकेट पर ही दुनिया खत्म नहीं हो जाती। जिंदगी में कुछ अन्य भी चीजें हैं जो महत्वपूर्ण हैं।

## प्रीमियर लीग: यूनाइटेड ने बर्नले को हराया

**बर्नले।** पॉल पोग्बा के गोल की मदद से मैनचेस्टर युनाइटेड ने बर्नले को 1.0 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। सत्र के इस चरण में पिछले आठ साल में पहली बार शीर्ष पर पहुंचने के लिए युनाइटेड को एक अंक की जरूरत थी। पोग्बा ने मार्कस रशफोर्ड के क्रास पर 71वें मिनट में यह गोल किया। इस जीत से यूनाइटेडकी लीवरपूल पर तीन अंक की बढत हो गई है। दोनों का सामना रविवार को होगा।

## तीसरे स्थान पर पहुंचने की कोशिश करेंगे गोवा-जमशेदपुर

**फातोर्दा।** जमशेदपुर एफसी और एफसी गोवा के बीच गुरुवार को यहां होने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबाल प्रतियोगिता के मैच में दोनों टीमों की निगाह तीसरा स्थान हासिल करने पर टिकी रहेगी। गोवा के अभी 10 मैचों में 15 जबकि जमशेदपुर के इतने ही मैचों में 13 अंक हैं। हैदराबाद के भी गोवा के समान 15 अंक हैं लेकिन गोल अंतर में वह आगे है। ऐसे में इस मैच में जीत दर्ज करने वाली टीम तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी। मुंबई 25 अंक लेकर पहले और एटीके मोहन बागान 20 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। गोवा के कोच जुआन फेरांडो एक समय पर एक ही मैच पर ध्यान देना चाहते हैं। फेरांडो ने कहा, अब हमारे लिए यह जरूरी है कि हम एक समय पर एक ही मैच पर ध्यान दें। फुटबाल में प्रत्एक मैच मायने रखता है। हमें एक समय पर एक ही मैच पर ध्यान केंद्रित करना होगा और अगला मुकाबला भी हमारे लिए महत्वपूर्ण है।

## अच्छी शुरुआत से नए साल का स्वागत करने को तैयार लाहिड़ी

**होनोलूलू (हवाई)।** शीर्ष भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी गुरूवार से यहां शुरू होने वाले पीजीए टूर में सोनी ओपन में मजबूत शुरुआत करना चाहेंगे। चौथी बार हवाई में खेल रहे लाहिड़ी को लगातार तीन टूर्नामेंट खेलने हैं तो उनका लक्ष्य शुरू से अच्छा प्रदर्शन करके लय हासिल करना होगा। लाहिड़ी ने कहा, कार्यक्रम इस बार अच्छा दिख रहा है। इस समय मुझे पहले चार टूर्नामेंट में खेलना है जिसकी शुरुआत सोनी ओपन से होगी, फिर अमेरिकन एक्सप्रेस है। इसके बाद टोरे पाइन्स (फारमर्स इंश्योरेंस ओपन) और उम्मीद है कि फोनिक्स (वेस्ट मैनेजमेंट फोनिक्स ओपन) में भी।

# स्ट्रैंडजा मेमोरियल से वापसी के लिए तैयार हैं भारतीय मुक्केबाज

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी के कारण लंबे विश्राम के बाद भारतीय मुक्केबाज अगले दो महीनों में यूरोप में विभिन्न टूर्नामेंटों में हिस्सा लेंगे जिसकी शुरुआत बुल्गारिया में स्ट्रैंडजा मेमोरियल से होगी। भारतीय मुक्केबाजी के हाई परफोरमेन्स निदेशक सैंटियागो नीवा ओलंपिक खेलों के लिए अच्छी तैयारी चाहते हैं और इसलिए वह तोक्यो में होने वाले खेलों से पहले राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन भी चाहते हैं।

नीवा ने एजेंसी से कहा, इस साल हम बुल्गारिया में स्ट्रैंडजा मेमोरियल से शुरुआत करेंगे और इसके बाद उम्मीद है कि हंगरी में और उसके बाद एक और टूर्नामेंट होगा। इसके अलावा हम बेंगलुरू में राष्ट्रीय शिविर में रहेंगे और हो सकता है कि कुछ विदेशी टीमों को आमंत्रित करें। स्ट्रैंडजा मेमोरियल यूरोपीय सर्किट का सबसे पुराना मुक्केबाजी टूर्नामेंट है। इस साल इसका 72वां टूर्नामेंट 21 से 28 फरवरी के बीच सोफिया में होगा। नौ भारतीय मुक्केबाजों अमित पंघाल (52 किग्रा), मनीष कौशिक (63 किग्रा), विकास कृष्णन (69 किग्रा), आशीष कुमार (75 किग्रा), सतीश कुमार (91 किग्रा से अधिक), एमसी मेरीकॉम (51 किग्रा), सिमरनजीत कौर (60 किग्रा), लवलीना बोर्गोहेन (69 किग्रा), और पूजा रानी (75 किग्रा) ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। कुछ और भारतीय मुक्केबाज ओलंपिक खेलों से एक या दो महीने पहले होने वाले विश्व क्वालीफायर्स के जरिए भी टोक्यो का टिकट कटा सकते हैं।

# थाईलैंड ओपन: श्रीकांत दूसरे दौर में

कश्यप पहले दौर के मुकाबले में बीच से हटे

एजेंसी। बैंकॉक

**भारत** के किदांबी श्रीकांत बुधवार को थाईलैंड ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में पहुंच गए, जबकि पारूपल्ली कश्यप पहले दौर का मुकाबला बीच में ही छोड़कर फिटनेस कारणों से बाहर हो गए। श्रीकांत ने हमवतन सौरभ वर्मा को 21-12, 21-11 से हराने में महज 31 मिनट का समय लिया। वहीं पूर्व राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन कश्यप उस समय तीसरे गेम में 8.14 से पीछे थे जब उनकी मांसपेशी में खिंचाव आ गया।

कश्यप कनाडा के जासन एंथोनी हो शू से पहला गेम 9.21 से हार चुके थे लेकिन दूसरे गेम में 21.13 से वापसी की। पुरुष युगल में सात्विकसाइराज रंकिरेड्डी और चिराग शेट्टी ने एक गेम हारने के बाद वापसी करते हुए कोरिया के किम जि जुंग और ली योंग डाए को 19.21, 21.16, 21.14 से हराया। वहीं अर्जुन एम रामचंद्रन और ध्रुव कपिला को मलेशिया के ओंग यू सिन और टियो ई यि ने 13.21, 21.8, 24.22 से मात दी। मिश्रित युगल में एन सिक्की रेड्डी और सुमित रेड्डी बी भी पहले दौर में चुंग मैन तांग और योंग सुएत से से 20.22, 17.21 से हार गए।



## श्रीकांत की नाक से खून बहने के बाद थाईलैंड ओपन के आयोजकों से बात कर रहा है बीडब्ल्यूएफ

**बैंकॉक।** बैडमिंटन विश्व महासंघ ने बुधवार को कहा कि थाईलैंड ओपन के दौरान कोरोना जांच सुविधाजनक ढंग से सुनिश्चित करने के लिए वह आयोजकों के संपर्क में है। इससे पहले भारतीय खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत की नाम से टेस्ट के बाद खून बहने लगा था। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत की मंगलवार को कोरोना जांच हुई, जिसके बाद उनकी नाक से खून बहने लगा। स्वास्थ्य अधिकारियों के रवैए से खफा श्रीकांत ने इसे अस्वीकार्य बताया। बीडब्ल्यूएफ ने कहा कि आयोजकों ने खून बहने के कारणों की जानकारी दी। इसने एक बयान में कहा, कई दौर की कोरोना जांच के बाद किदांबी श्रीकांत की नाक से खून बहने लगा था। उसका तीन बार नमूना लिया गया और वह तनाव में भी थे। शायद उसी वजह से उनकी नाक से खून बह निकला। जांच कर रहे दल ने उस समय उनकी नाक से खून निकलता नहीं पाया और उस समय श्रीकांत ने भी कोई शिकायत नहीं की थी। इसके तीन से पांच मिनट बाद भारतीय टीम के एक अन्य सदस्य ने बताया कि उसकी नाक से खून बह रहा है।

## सौराष्ट्र की विदर्भ पर 79 रन की बड़ी जीत

**इंदौर।** सलामी बल्लेबाज अवि बारोट और प्रेरक मांकड़ के अर्धशतकों तथा चेतन सकारिया के पांच विकेट की मदद से सौराष्ट्र ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी-20 टूर्नामेंट के ग्रुप डी मैच में बुधवार को यहां विदर्भ को 79 रन से करारी शिकस्त दी। सौराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बारोट (44 गेंदों पर 93 रन) और मांकड़ (26 गेंदों पर 59 रन) की शानदार पारियों से सात विकेट पर 233 रन बनाए। इसके बाद चेतन सकारिया (11 रन देकर पांच विकेट) और मांकड़ (48 रन देकर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के सामने विदर्भ 17.2 ओवर में 154 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज जितेश शर्मा ने सर्वाधिक 43 रन बनाए। बारोट शतक से चूक गए। उन्होंने अपनी पारी में 13 चौके और चार छक्के लगाए जबकि मांकड़ की पारी में छह चौके और चार छक्के शामिल हैं।

# दिल्ली की लगातार दूसरी जीत, आंध्रा को हराया

एजेंसी। मुंबई

**दिल्ली** ने बुधवार को यहां आंध्रप्रदेश को छह विकेट से हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप ई मैच में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में आंध्र की टीम पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर नौ विकेट पर 124 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से अश्विन हेब्बर ने सर्वाधिक 32 रन बनाए। दिल्ली की तरफ से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रदीप सांगवान ने 33 रन देकर तीन विकेट लिए। इशांत शर्मा ने चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट हासिल किए। उनके अलावा सिमरजीत सिंह और ललित यादव ने भी दो दो विकेट लिए।

दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही और जल्द ही उसका स्कोर दो विकेट पर 10 रन हो गया। पवेलियन लौटने वाले बल्लेबाजों में कप्तान शिखर धवन (पांच) और उनके सलामी जोड़ीदार हितेन दलाल (चार) शामिल थे। इसके बाद नितीश राणा (27) और अनुज रावत (32) ने तीसरे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी की। इन दोनों के आउट होने के बाद हिम्मत सिंह (नाबाद 32) और ललित यादव (नाबाद 20) टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। दिल्ली ने अपने पहले मैच में मुंबई को हराया था। ग्रुप ई के एक अन्य मैच में हरियाणा ने हिमांशु राणा के 58 और शिवम चौहान के 45 रन की मदद से पुदुचेरी को छह विकेट से पराजित किया। पुदुचेरी ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर शेल्डन जैकसन के 82 रन की मदद से चार विकेट पर 148 रन बनाए। हरियाणा ने 19 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया।




## पुनीत चमके, मेघालय ने मिजोरम को रौंदा

**चेन्नई।** कप्तान पुनीत बिष्ट की 51 गेंद में खेली गई 146 रन की शतकीय पारी से मेघालय ने बुधवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्राफी टी-20 टूर्नामेंट के प्लेट ग्रुप मैच में मिजोरम पर 130 रन की बड़ी जीत दर्ज की। दिल्ली की ओर से खेल चुके बिष्ट ने मिजोरम की गेंदबाजी की धज्जियां उड़ाते हुए अपनी शतकीय पारी के दौरान छह चौके और 17 छक्के जड़े। बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद मेघालय ने बिष्ट के शतक और योगेश तिवारी के 53 रन की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 230 रन बनाए। मिजोरम की टीम इसके जबाव में 20 ओवर में नौ विकेट पर महज 100 रन ही बना सकी। अन्य मैचों में बिहार ने सिक्किम को आठ विकेट से हराकर अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल की जबकि चंडीगढ़ और नगालैंड ने भी जीत दर्ज की।

## मशहूर खेल विज्ञान विशेषज्ञ भारत में तैराकी शिविर का संचालन करेंगे

**नई दिल्ली।** मशहूर फिजियोलॉजिस्ट और खेल विज्ञान विशेषज्ञ डॉक्टर जी सोकोलोवास बेंगलुरू सीएसई में 11 जनवरी से 21 फरवरी तक राष्ट्रीय तैराकी शिविर का संचालन करेंगे। भारतीय खेल प्राधिकरण ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सोकोलोवास के मार्गदर्शन से श्रीहरि नटराज, कुशाग्र रावत, मिहिर आंब्रे जैसे टॉप्स में शामिल उदीयमान तैराकों और सीनियर तैराकों को तैयारी में मदद मिलेगी। सोकोलोवास अमेरिकी तैराकी महासंघ में फिजियोलॉजी और खेल विज्ञान विभाग के आठ साल तक प्रमुख रहे। साइ ने कहा, उन्होंने अपनी रिसर्च तैयार करने में 28 बार के ओलंपिक पदक विजेता माइकल फेल्प्स समेत शीर्ष तैराकों से सलाह ली है।

# सही नहीं थी आईपीएल की टाइमिंग, चोटें उसी की देन : लैंगर

एजेंसी। ब्रिसबेन

**आस्ट्रेलिया** के कोच जस्टिन लैंगर को इंडियन प्रीमियर लीग पसंद है लेकिन उन्होंने पिछले सत्र की टाइमिंग पर सवाल उठाते हुए कहा कि मौजूदा श्रृंखला में भारत और आस्ट्रेलिया के इतने क्रिकेटरों के चोटिल होने में इस लीग का भी योगदान है। कोरोना महामारी के कारण आईपीएल सितंबर से नवंबर के बीच यूएई में खेला गया। आम तौर पर यह अप्रैल मई में भारत में होता है। आईपीएल के बाद से भारत के कई खिलाड़ी चोटिल हैं और आस्ट्रेलिया टीम भी फिटनेस समस्याओं से जूझ रही है।

लैंगर ने एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, इस सत्र में चोटों की सूची लंबी है। मुझे लगता है कि आईपीएल 2020 की टाइमिंग सही नहीं थी। खास तौर पर इतनी बड़ी श्रृंखला से पहले तो कतई नहीं। भारत के प्रमुख खिलाड़ी मोहम्मद शमी, केएल राहुल और उमेश यादव तो चोटों के कारण श्रृंखला से बाहर हुए ही और अब ताजा नाम रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह का भी जुड़ गया है। आस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर पहले दो टेस्ट नहीं खेल सके। लैंगर ने हालांकि आईपीएल की तारीफ करते हुए कहा, मुझे आईपीएल पसंद है। यह उसी तरह है जैसे मेरे युवा दिनों में काउंटी क्रिकेट था। काउंटी खेलकर क्रिकेट कौशल का विकास होता था और अब आईपीएल से सीमित ओवरों के खेल में निखार आ रहा है। उन्होंने कहा, लेकिन इस बार टाइमिंग सही नहीं थी। दोनों टीमों में कितने खिलाड़ी चोटिल हैं जो लीग का असर भी हो सकता है। मुझे यकीन है कि इसकी समीक्षा की जाएगी। यह पूछने पर कि बुमराह और जडेजा के नहीं खेलने का कितना असर होगा। उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर काफी असर होगा। लेकिन मुझे लगता है कि अब यह सबसे फिट के बाजी मारने की बात हो गई है। चौथा टेस्ट 15 जनवरी से यहां शुरू होगा।

## आस्ट्रेलिया कोच ने किया पेन का बचाव

आस्ट्रेलियाई कोच जस्टिन लैंगर ने आलोचकों के कोपभाजन बने कप्तान टिम पेन का बचाव करते हुए उन्हें शानदार कप्तान बताया और कहा कि वह कुछ समय और कप्तान बने रहेंगे। भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में खराब विकेटकीपिंग और खेल भावना के विपरीत आचरण को लेकर पेन की काफी निंदा हो रही है। पेन ने सिडनी टेस्ट के आखिरी दिन दर्द के बावजूद खेल रहे रविचंद्रन अश्विन पर छींटाकशी की थी और चिल्लाए भी थे। उन्होंने मैच में तीन कैच भी छोड़े। लैंगर ने कहा, आपको पता भी नहीं है कि टिम पेन पर मुझे कितना भरोसा है। वह अपना सर्वश्रेष्ठप्रदर्शन नहीं कर सका लेकिन वह तीन साल से आस्ट्रेलिया का शानदार कप्तान रहा है। उन्होंने कहा, उसने काफी ऊंचे मानदंड कायम किए हैं और उससे नीचे जाने पर आलोचना होती है, जो उसकी हो रही है। टिम पेन शानदार कप्तान है और कुछ समय और रहेगा।




## पुकोवस्की के फिट नहीं होने पर हैरिस खेलेंगे

आस्ट्रेलिया कोच जस्टिन लैंगर ने कहा कि सलामी बल्लेबाज विल पुकोवस्की के फिट नहीं होने पर शुक्रवार से शुरू हो रहे चौथे और आखिरी टेस्ट में मार्कस हैरिस खेलेंगे। पुकोवस्की को सिडनी टेस्ट के दौरान डाइव लगाकर गेंद रोकते हुए चोट लगी जो उनका पहला टेस्ट भी था। लैंगर ने वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, विल के कंधे में पहले से सूजन थी। वह उस दिन के खेल के बाद स्कैन कराने ही वाला था। देखते हैं कि क्या होता है। वह नहीं खेल सका तो मार्कस हैरिस पारी की शुरुआत करेगा।

# बकवास, अनर्गल और सीमा के बाहर स्मिथ की आलोचना पर बरसे लैंगर

एजेंसी। ब्रिसबेन

**सिडनी** टेस्ट में पंत के बल्लेबाजी गार्ड (क्रीज पर बनाए गए निशान) हटाने की कोशिश के कारण निंदा झेल रहे स्टीव स्मिथ का बचाव करते हुए आस्ट्रेलिया के कोच जस्टिन लैंगर ने इस आलोचना को बकवास, अनर्गल और सीमा के बाहर बताया। सिडनी में ड्रॉ रहे टेस्ट के आखिरी दिन पहले सत्र में ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान स्मिथ बल्लेबाज का गार्ड मिटाने की कोशिश करते नजर आए। वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर क्रिकेटप्रेमियों और माइकल वॉन समेत पूर्व खिलाड़ियों ने इसकी आलोचना की।

लैंगर ने सोनी नेटवर्क द्वारा आयोजित वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, स्टीव स्मिथ के बारे में जो बकवास मैं पढ रहा हूं, मुझे यकीन नहीं हो रहा। सरासर बकवास। जो भी स्टीव को जानता है, उसे पता है कि वह कुछ ऊटपटांग हरकतें करता रहता है और हम उस पर हंसते हैं। उन्होंने कहा, मैंने इस पर निजी तौर पर और सार्वजनिक रूप से भी बात की है कि वह कितना अलग है। वह क्रीज पर जो भी करता है, वह इसलिए कि वह सिर्फ खेल के बारे में ही सोचता रहता है। लैंगर ने कहा कि गेंद से छेड़खानी प्रकरण के बाद वापसी के साथ मैदान पर और मैदान से बाहर स्मिथ का आचरण अच्छा रहा है। उन्होंने कहा, कोई यह कहता है कि एक मिलीसेकेंड के लिए भी वह कुछ गलत कर रहा था तो यह सीमा के बाहर है। वह विकेट सपाट था और कंक्रीट की तरह ठोस भी। इस पर कुछ करने के लिए 15 इंच स्पाइक्स चाहिए और वह क्रीज के पास भी नहीं गया।

# मकर संक्रांति नाम अलग पकवान अलग लेकिन महत्व एक ही है



संक्रांति का नाम अलग है, इस दिन अलग राज्यों में पकवान भी अलग बनते हैं, लेकिन इसका महत्व पूरे देश में एक सा है। केरल और कर्नाटक में जिसे संक्रांति कहा जाता है, वो तमिलनाडु में पोंगल और असम में बिहू हो जाता है। जबकि पंजाब और हरियाणा में इसे लोहड़ी के रूप में मनाया जाता है। दरअसल, हर राज्य में इसका नाम अलग है और इसे मनाने का तरीका भी अलग है।

यह हर साल की 14 तारीख को आता है, लेकिन कभी-कभी यह एक दिन पहले या बाद में यानि 13 या 15 जनवरी को भी मनाया जाता है, लेकिन ऐसा कम ही होता है। मकर संक्रांति का संबंध सीधा पृथ्वी के भूगोल और सूर्य की स्थिति से है। जब भी सूर्य मकर रेखा पर आता है, वह दिन 14 जनवरी ही होता है। यह पर्व हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में शामिल है। नाम अलग-अलग है तो इस दिन बनने वाले पकवान भी अलग-अलग हैं। लेकिन दाल और चावल की खिचड़ी इस पर्व की प्रमुख पहचान बन चुकी है। विशेष रूप से गुड़ और घी के साथ खिचड़ी खाने का महत्व है। इसके अलावा तिल और गुड़ का भी मकर संक्रांति पर बेहद महत्व है।

**क्यों है ज्योतिष की दृष्टि में अहम**

ज्योतिष की दृष्टि से देखें तो इस दिन सूर्य धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करता है और सूर्य के उत्तरायण की गति शुरू होती है। सूर्य के उत्तरायण प्रवेश के साथ स्वागत-पर्व के रूप में मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। सालभर में 12 राशियों मेष, वृषभ, मकर, कुंभ, धनु आदि में सूर्य के बारह संक्रमण होते हैं और जब सूर्य धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करता है, तब मकर संक्रांति होती है। सूर्य के उत्तरायण होने के बाद से देवों की ब्रह्ममुहूर्त उपासना का पुण्यकाल प्रारंभ हो जाता है। इस काल को ही परा-अपरा विद्या की प्राप्ति का काल कहा जाता है। इसे साधना का सिद्धिकाल भी कहा गया है। इस काल में देव प्रतिष्ठा, गृह निर्माण, यज्ञ कर्म आदि शुभ कर्म किए जाते हैं।

> संक्रांति का नाम अलग है, इस दिन अलग राज्यों में पकवान भी अलग बनते हैं, लेकिन इसका महत्व पूरे देश में एक सा है। केरल और कर्नाटक में जिसे संक्रांति कहा जाता है, वो तमिलनाडु में पोंगल और असम में बिहू हो जाता है, जबकि पंजाब और हरियाणा में इसे लोहड़ी के रूप में मनाया जाता है। दरअसल, हर राज्य में इसका नाम अलग है और इसे मनाने का तरीका भी अलग है।

**क्यों कहते हैं दान का पर्व**

मकर संक्रांति को स्नान और दान का पर्व भी कहा जाता है। यानी इस दिन दान करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है, इसे शुभ माना जाता है। इस दिन तीर्थों एवं पवित्र नदियों में स्नान का बेहद महत्व है साथ ही तिल, गुड़, खिचड़ी, फल एवं राशि अनुसार दान करने पर पुण्य की प्राप्ति होती है। कहा जाता है इस दिन किए गए दान से सूर्य देवता प्रसन्न होते हैं।

**गुजरात में होती है पतंगबाजी**

मध्यप्रदेश समेत कुछ राज्यों में इसे सामान्य तौर पर मनाया जाता है, लेकिन गुजरात में इस दिन काइट फेस्टिवल भी होता है, यानी वहां पतंगबाजी का आयोजन किया जाता है, कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं। लोग इस दिन अपने घरों की छतों से पतंग उड़ाते हैं। कई स्थानों पर पतंग के बड़े आयोजन होते हैं।

**मकर संक्रांति से लेकर 14 दिनों तक करें आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ, मनचाही सफलता का मिलेगा वरदान**

मकर संक्रांति पर सूर्य को प्रसन्न करने का सबसे उत्तम उपाय है अर्घ्य देना। सूर्य को अर्घ्य तो हमेशा दिया जाना चाहिए, लेकिन मकर संक्रांति के दिन जरूर दें, इससे सूर्य प्रसन्न होते हैं और जीवन में तरक्की के रास्ते खुलते हैं। मकर संक्रांति के दिन सूर्य यंत्र का लॉकेट भी धारण किया जाता है। यह तांबे का होता है और सूर्य की तरह दिखता है। इसे लाल धागे में बांधकर गले में धारण करने से सूर्य की अनुकूलता प्राप्त होती है। जन्मकुंडली में सूर्य की खराब स्थिति में सुधार आता है। इससे निरोगी काया प्राप्त होती है। नेत्रों के रोग दूर होते हैं और कर्ज मुक्ति का मार्ग खुलता है। यदि आप अच्छी नौकरी की तलाश में हैं या वर्तमान नौकरी में प्रमोशन नहीं मिल पा रहा है तो मकर संक्रांति के दिन सुबह स्नानादि से निवृत्त होकर आदित्यहृदयस्तोत्र के सात पाठ करें और केसर में गुलाबजल मिलाकर उसका तिलक करें। इस मिश्रण को एक डिब्बी में भरकर रख लें और प्रतिदिन लगाएं। विशेषकर जब आप किसी जॉब के इंटरव्यू के लिए जा रहे हैं तो जरूर लगाएं। इससे शीघ्र तरक्की होती है। जीवन में मान-सम्मान, पद, प्रतिष्ठा प्राप्त करने के लिए आदित्यहृदय स्तोत्र का पाठ मकर संक्रांति से प्रारंभ करते हुए लगातार 14 दिनों तक प्रतिदिन करें। इससे आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा, सफलता और किस्मत के दरवाजे खुलने लगेंगे।

## मकर संक्रांति पर सुबह 8:32 से शाम 5:45 तक पुण्यकाल

### इस दौरान स्नान-दान से मिलता है अक्षय पुण्य



**गुरुवार** 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व रहेगा। इस दिन पौष महीने के कृष्णपक्ष की प्रतिपदा यानी पहली तिथि पर 9 घंटे के पुण्यकाल का संयोग बन रहा है। ज्योतिषाचार्य के मुताबिक, गुरुवार के अधिपति देव गुरु बृहस्पति हैं। बृहस्पति के अधिपत्य में आने वाले शिक्षा और धर्म से जुड़े लोगों के लिए ये शुभ समय है। मकर संक्रांति का संयोग बनने से संक्रांति का पुण्य सुबह 8:32 से शाम 5:45 बजे तक रहेगा।

सुबह उत्तरायण हो रहे सूर्य की पूजा, नदियों में स्नान, देव दर्शन और दान से विशेष पुण्य फल मिलेगा। ज्योतिषाचार्य के मुताबिक मकर संक्रांति का वाहन सिंह, उप वाहन हाथी होने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का पराक्रम बढ़ेगा। देश की अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। इस बार एक संयोग ये भी बन रहा है कि संक्रांति देव वर्ण की है। इससे देश में धार्मिक गतिविधियां बढ़ेंगी। सभी धार्मों में आपसी सामंजस्य बना रहेगा।

### माता गायत्री की आराधना के लिए सबसे बेहतर समय

ज्योतिषाचार्य बताते हैं कि मकर संक्रांति को तिल संक्रांति के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन का सनातन धर्म में विशेष महत्व है। इस दिन से सूर्य उत्तरायण हो जाते हैं और देवताओं का प्रात: काल भी शुरू होता है। सत्यव्रत भीष्म ने भी बाणों की शैय्या पर रहकर मृत्यु के लिए मकर संक्रांति की प्रतीक्षा की थी। मान्यता है कि उत्तरायण सूर्य में मृत्यु होने के बाद मोक्ष मिलने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इसी दिन से प्रयाग में कल्पवास भी शुरू होता है। धर्म ग्रंथों में माता गायत्री की उपासना के लिए इससे अच्छा और कोई समय नहीं बताया है।

### तिल-गुड़ और वस्त्र दान से मिलेगा पुण्य

इस बार संक्रांति देवी के हाथ में नागकेसर का फूल रहेगा। इससे संकेत मिलता है कि देवी आराधना से फायदा होगा। इस साल राजनीतिक हलचल तेज होगी। तिल, गुड़ और कपड़ों का दान करने से अशुभ ग्रहों का बुरा असर कम होगा। 2017 और 2018 में भी 14 जनवरी को मकर संक्रांति थी। अब 2021 और 2022 में भी 14 जनवरी को ही मकर संक्रांति मनेगी।

**पंडित गोविंद वत्स**
**श्री नवग्रह बजरंग आश्रम**

## आओ करें पतंगबाजी



**मकर** संक्रांति का त्योहार हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में है, जो सूर्य के उत्तरायन होने पर मनाया जाता है। मकर संक्रांति का संबंध सीधा पृथ्वी के भूगोल और सूर्य की स्थिति से है। जब भी सूर्य मकर रेखा पर आता है, वह दिन 14 जनवरी होता है। अत: इस दिन मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है। भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में मकर संक्रांति के पर्व को अलग-अलग तरह से मनाया जाता है। आंध्रप्रदेश, केरल और कर्नाटक में इसे संक्रांति, तमिलनाडु में पोंगल पर्व और पंजाब-हरियाणा में इस समय नई फसल का स्वागत किया जाता है और इस दिन लोहड़ी पर्व मनाया जाता है, वहीं असम में बिहू के रूप में इस पर्व को उल्लास से मनाते हैं। हर प्रांत में इसका नाम और मनाने का तरीका अलग-अलग है।

अलग-अलग मान्यताओं के अनुसार इस पर्व के पकवान भी अलग-अलग होते हैं, लेकिन दाल और चावल की खिचड़ी इस पर्व की प्रमुख पहचान बन चुकी है। विशेष रूप से गुड़ और घी के साथ खिचड़ी खाने का महत्व है। इसके अलावा तिल और गुड़ का भी मकर संक्राति पर बेहद महत्व है। इस दिन सुबह जल्दी उठकर तिल का उबटन कर स्नान किया जाता है। इसके अलावा तिल और गुड़ के लड्डू एवं अन्य व्यंजन भी बनाए जाते हैं। इस समय सुहागन महिलाएं सुहाग की सामग्री का आदान प्रदान भी करती हैं। ऐसा माना जाता है कि इससे उनके पति की आयु लंबी होती है। मकर संक्रांति को स्नान और दान का पर्व भी कहा जाता है। इस दिन तीर्थों एवं पवित्र नदियों में स्नान का बेहद महत्व है साथ ही तिल, गुड़, खिचड़ी, फल एवं राशि अनुसार दान करने पर पुण्य की प्राप्ति होती है। ऐसा भी माना जाता है कि इस दिन किए गए दान से सूर्य देवता प्रसन्न होते हैं। इन सभी मान्यताओं के अलावा मकर संक्रांति पर्व एक उत्साह और भी जुड़ा है। इस दिन पतंग उड़ाने का भी विशेष महत्व होता है। लोग बेहद आनंद और उल्लास के साथ पतंगबाजी करते हैं। इस दिन कई स्थानों पर पतंगबाजी के बड़े आयोजन भी किए जाते हैं।

## मकर संक्रांति के दिन क्यों खातें हैं तिल और गुड़

भारत में हर त्योहार पर विशेष पकवान बनाने और खाने की परंपराएं भी प्रचलित हैं। इसी श्रृंखला में मकर संक्रांति के अवसर पर विशेष रूप से तिल और गुड़ के पकवान बनाने व खाने की परंपरा है। कहीं पर तिल व गुड़ के स्वादिष्ट लड्डू बनाए जाते हैं तो कहीं चक्की बनाकर तिल और गुड़ का सेवन किया जाता है। तिल और गुड़ की गजक भी लोग खूब पसंद करते हैं, लेकिन मकर संक्रांति के पर्व पर तिल और गुड़ का ही सेवन क्यों किया करते है इसके पीछे भी वैज्ञानिक आधार है।

सर्दी के मौसम में जब शरीर को गर्मी की आवश्यकता होती है तब तिल और गुड़ के व्यंजन यह काम बखूबी करते हैं, क्योंकि तिल में तेल की प्रचुरता रहती है जिसका सेवन करने से हमारे शरीर में पर्याप्त मात्रा में तेल पहुंचता है और जो हमारे शरीर को गर्माहट देता है। इसी प्रकार गुड़ की तासीर भी गर्म होती है।

तिल और गुड़ को मिलाकर जो व्यंजन बनाए जाते हैं वह सर्दी के मौसम में हमारे शरीर में आवश्यक गर्मी पहुंचाते हैं। यही कारण है कि मकर संक्रांति के अवसर पर तिल और गुड़ के व्यंजन प्रमुखता से खाए जाते हैं। हमारे देश में मकर संक्रांति के पर्व को कई नामों से जाना जाता है। पंजाब और जम्मू-कश्मीर में इसे लोहड़ी के नाम से बहुत ही बड़े पैमाने पर जाना जाता है। लोहड़ी का त्योहार मकर संक्रांति के एक दिन पूर्व मनाया जाता है। जब सूरज ढल जाता है तब घरों के बाहर बड़े-बड़े अलाव जलाए जाते हैं और स्त्री तथा पुरुष सज-धजकर नए-नए वस्त्र पहनकर एकत्रित होकर उस जलते हुए अलाव के चारों और भांगड़ा नृत्य करते हैं और अग्नि को मेवा, तिल, गजक, चिवड़ा आदि की आहुति भी देते हैं। प्रसाद में मुख्य पांच वस्तुएं होती है जिसमें तिल, गुड़, मूंगफली, मक्का और गजक। देर रात तक सभी लोग नगाड़ों की ध्वनि के बीच एक लड़ी के रूप में यह नृत्य करते हैं। उसके बाद सभी एक-दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं देते हुए आपस में भेंट बांटते हैं और प्रसाद वितरण भी करते हैं।

**आचार्य सुभाष**



## महाराष्ट्रीयन परिवारों में मकर संक्रांति पर क्यों होता है हल्दी कुमकुम का आयोजन

पर्व कोई भी हो, इसे मनाने के पीछे कोई न कोई कारण जुड़ा होता है और उन्हीं बातों को याद करते हुए उनसे कुछ सीख लेने के लिए हम त्योहारों को उमंग-उत्साह से मनाते हैं। मकर संक्रांति का पावन पर्व नजदीक आ गया है, आपने इस पर्व को मनाने की तैयारी काफी पहले से शुरू कर दी होगी। मकर संक्रांति का महत्व इसलिए ज्यादा है, क्योंकि इस दिन सूर्य दक्षिणायण से उत्तरायण में आ जाता है अर्थात सूर्य यात्रा उत्तरायण में शुरू हो जाती है जो कि शुभ माना जाता है। कहते हैं मकर संक्रांति से दिन तिल-तिल बढ़ता है। इस दिन से महिलाएं पति की दीघार्यु की कामना के लिए व परिवार की सुख-शांति के लिए मकर संक्रांति से वसंत पंचमी व चैत्र माह के पूरे महीने हल्दी कंकु का आयोजन करती है।

इस दिन बच्चों में भी विशेष उत्साह देखा जा सकता है। बच्चे हो या बड़े सभी मकर संक्रांति पर पतंगबाजी का आनंद लेते हैं। पूरा आकाश नीले-पीले, लाल, हरे, पतंगों से सराबोर दिखाई देता है। महाराष्ट्रीयन समाज में इस पर्व का विशेष महत्व है। इस पर्व पर महिलाएं एक-दूसरे को मिट्टी के छोटे



से मटकेनुमा बर्तन में चने के होले, तिल-गुड़ के लड्डू, मूंग, चावल, गाजर व बोर मिला कर भर कर देती हैं। मकर संक्रांति के दिन विवाहित महिलाएं आपस में एक-दूसरे को हल्दी कुमकुम का टीका लगाती है, तिल से बनी मिठाई खिलाती है और मेहमान महिलाओं को सुहाग की चीजें जैसे- बिछिया, पायजब, कंगन, कुकुम, बिन्दी आदि उपहार में देती है। 'तील गुल घ्या, गोड़ गोड़ बोला' कहकर सभी एक-दूसरे को शुभकामनाएं देती हैं। संक्रांति के दिन नई बहू व नवागंतुक शिशु को तिल के सुंदर गहने पहनाए जाते हैं। वहीं गुजरात में इस दिन बाजरे के रोटले के साथ उन्धियां छत पर बैठकर चटखारे ले-लेकर खाया जाता है।

इस दिन सुबह तिल, मलाई, हल्दी को मिलाकर उबटन करने को अपना अलग ही मजा है। यह उबटन त्वचा को सुंदर व कांतिमय बना देता है। आज के दिन दान का विशेष महत्व माना गया है। ब्राह्मणों को भोजन करवाना, दक्षिणा देना, गाय को घास देना, इस पर्व पर विशेष रूप से किए जाते हैं।

इस दिन बच्चों में भी विशेष उत्साह देखा जा सकता है। बच्चे हो या बड़े सभी मकर संक्रांति पर पतंगबाजी का आनंद लेते हैं। पूरा आकाश नीले-पीले, लाल, हरे, पतंगों से सराबोर दिखाई देता है। इस प्रकार यह त्योहार मिलने मिलाने तिल-गुड़ खाने और सामाजिकता का त्योहार है। हल्दी कुमकुम के इस त्योहार का उत्साह खास तौर पर महाराष्ट्र में अधिक देखा जा सकता है।

## 4 दिन का उत्सव है पोंगल, जानिए कैसे मनाते हैं त्योहार?

उत्तर भारत के मकर संक्रांति त्योहार को ही दक्षिण भारत में 'पोंगल' के रूप में मनाया जाता है। यह त्योहार गोवर्धन पूजा, दिवाली और मकर संक्रांति का मिला-जुला रूप है। पोंगल विशेष रूप से किसानों का पर्व है।

**कब आता है यह त्योहार ? :** यह त्योहार प्रतिवर्ष मकर संक्रांति के आसपास मनाया जाता है। यह उत्सव लगभग 4 दिन तक चलता है। लेकिन मुख्य पर्व पौष मास की प्रतिपदा को मनाया जाता है। पोंगल अर्थात खिचड़ी का त्योहार सूर्य के उत्तरायण होने के पुण्यकाल में मनाया जाता है।

**क्यों मनाते हैं त्योहार ? :** दक्षिण भारत में धान की फसल समेटने के बाद लोग खुशी प्रकट करने के लिए पोंगल का त्योहार मनाते हैं और भगवान से आगामी फसल के अच्छे होने की प्रार्थना करते हैं। समृद्धि लाने के लिए वर्षा, धूप, सूर्य, इन्द्रदेव तथा खेतिहर मवेशियों की पूजा और आराधना की जाती है।

**पोंगल का अर्थ :** पोंगल के पहले अमावस्या को लोग बुरी रीतियों का त्यागकर अच्छी चीजों को ग्रहण करने की प्रतिज्ञा करते हैं। यह कार्य 'पोही' कहलाता है तथा जिसका अर्थ है- 'जाने वाली।' पोंगल का तमिल में



अर्थ उफान या विप्लव होता है। पोही के अगले दिन अर्थात प्रतिपदा को दिवाली की तरह पोंगल की धूम मच जाती है।

**4 दिन का उत्सव :** पोंगल का उत्सव 4 दिन तक चलता है। पहले दिन भोगी, दूसरे दिन सूर्य, तीसरे दिन मट्टू और चौथे दिन कन्या पोंगल मनाया जाता है। पहले दिन भोगी पोंगल में इन्द्रदेव की पूजा, दूसरे दिन सूर्यदेव की पूजा, तीसरे दिन को मट्टू अर्थात नंदी या बैल की पूजा और चौथे दिन कन्या की पूजा होती है, जो काली मंदिर में बड़े धूमधाम से की जाती है।

**दक्षिण भारत का नववर्ष:** जिस प्रकार उत्तर भारत में नववर्ष की शुरुआत चैत्र प्रतिपदा से होती है उसी प्रकार दक्षिण भारत में सूर्य के उत्तरायण होने वाले दिन पोंगल से ही नववर्ष का आरंभ माना जाता है।

**कैसे मनाते हैं त्योहार ?:** पोंगल 4 दिन तक मनाया जाता है। पहले दिन कूड़ा-करकट एकत्र कर जलाया जाता है, दूसरे दिन लक्ष्मी की और तीसरे दिन पशुधन की पूजा होती है। चौथे दिन काली पूजा होती है। अर्थात दिवाली की तरह रंगाई-पुताई, लक्ष्मी की पूजा और फिर गोवर्धन पूजा की तरह मवेशियों की पूजा। घर के बाहर रंगोली बनाई जाती है, नए वस्त्र और बर्तन खरीदते हैं। बैलों और गायों के सींग रंगे जाते हैं। सांडों-बैलों के साथ भाग-दौड़कर उन्हें नियंत्रित करने का जश्न भी होता है।

**गाय के दूध का उफान:** इस त्योहार पर गाय के दूध के उफान को बहुत महत्व दिया जाता है। इसका कारण है कि जिस प्रकार दूध का उफान शुद्ध और शुभ है।